देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 30 सितंबर 2023 । वर्ष –67 । अंक –322 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ वैचारिक गिरावट की ...
■ गांधी की महिला फौज... 04
■ किम जोंग दबाने जा रहा सातवें परमाणु...
■ कनाडा की खुफिया एजेंसी का एजेंट था ... 09
■ चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त में राजकोषी...
■ संघाई सहयोग संगठन के साथ बहुआयामी... 11
■ भारतीय निशानेबाजी टीम...
■ निखत जरीन ने मुक्केबाजी... 10

# ‘नारी शक्ति वंदन’ अधिनियम को राष्ट्रपति ने दी मंजूरी, 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बना कानून



## लैंगिक न्याय के लिए परिवर्तनकारी क्रांति : मुर्मू

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 29 सितंबर मंजूरी दे दी। विधेयक 20 को लोकसभा और 21 सितंबर को राज्यसभा में पारित हुआ था।

इस कानून के लागू होने पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। बिल के संसद से पास होने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि यह लैंगिक न्याय के लिए हमारे समय की सबसे परिवर्तनकारी क्रांति होगी। सरकार ने हाल में 18 से 22 सितंबर तक के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया था।

20 सितंबर को लोकसभा में इस बिल के पक्ष में 454 मत पड़े और और दो वोट विरोध में पड़े। विरोध में एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने वोट डाला और उनकी पार्टी के ही एक और सांसद ने विरोध में वोट दिया था। 21 सितंबर को राज्यसभा में पेश किया गया, जहां इसके पक्ष में 214 वोट डाले गए और विरोध में एक भी मत नहीं पड़ा।

### कब तक लागू होगा महिला आरक्षण का कानून

दरअसल, बिल के प्रावधान कहते हैं कि है कि इसे जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद लागू किया जाएगा। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद जनगणना होगी और उसके बाद परिसीमन होगा। जानकारों की मानें तो यह 2029 के लोकसभा चुनाव के आसपास अमल में आ सकेगा, जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस समेत कई पार्टियों ने इसे जल्द से जल्द लागू करने की मांग की है, साथ ही यह भी कहा है कि इसमें ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) और मुस्लिम महिलाओं को भी शामिल करना चाहिए।

सार संक्षेप

## एक राष्ट्र, एक चुनाव अभी नहीं : निर्वाचन आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने विधि आयोग से कहा है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने में कुछ समय लगेगा। विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रितु राज अवस्थी ने बताया कि चुनाव आयोग ने कानून पैनल के साथ परामर्श के दौरान 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले एक राष्ट्र, एक चुनाव के कार्यान्वयन पर कोई टिप्पणी नहीं की। न्यायमूर्ति अवस्थी ने कहा चुनाव आयोग ने एक साथ चुनाव के कार्यान्वयन के लिए कोई विशिष्ट समयसीमा नहीं दी है। विधि आयोग एक साथ चुनावों पर एक रिपोर्ट पर चुनाव निकाय, सरकारी विभागों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श कर रहा है। इस बीच, पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक राष्ट्र, एक चुनाव समिति ने 23 सितंबर को अपनी पहली बैठक की और एक साथ चुनाव के विचार पर हितधारकों और राजनीतिक दलों से सुझाव लेने का फैसला किया।

## पिछड़े प्रखंडों के लिए संकल्प सप्ताह का शुभारंभ करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को सुबह दस बजे यहां भारत मंडपम में देश में आकांक्षी ब्लॉकों के लिए सप्ताह भर चलने वाले विशिष्ट कार्यक्रम संकल्प सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। संकल्प सप्ताह आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन से जुड़ा है। राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम इसी वर्ष सात जनवरी को मोदी द्वारा शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए ब्लॉक स्तर पर संचालन व्यवस्था में सुधार करना है। इसे देश के 329 जिलों के 500 आकांक्षी ब्लॉकों में लागू किया जा रहा है।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी कबात**

**चूहा-सुनती हो-** अब गुजरात में नूंह हिंसा जैसी वारदात सामने आई है।
**चुहिया- हां प्रिये-** वोटों की खेती से जुड़े इन फिरका परस्तों के हौसले पस्त करने कड़ी लाठी चाहिए।

# लोगों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का लक्ष्य : शिवराज

## घोषणा : जिनके पास रहने जमीन नहीं उन्हें पट्टा दिया जायेगा, बाढ़ से हुए नुकसान का होगा सर्वे



### मुख्यमंत्री ने खरगोन में 3673 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमि-पूजन किया

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति बिना जमीन का नहीं रहेगा। जिनके पास रहने की जमीन नहीं है उन्हें जमीन का पट्टा देकर मालिक बनाया जाएगा। हमारी सरकार ने किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण देने की व्यवस्था की है। किसानों को केन्द्र और प्रदेश सरकार मिलकर 01 साल में 12 हजार रुपये दे रही है। किसानों की सुविधा के लिए ट्रांसफार्मर अनुदान पर रखने की योजना प्रारंभ की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज खरगोन में किसान एवं लाड़ली बहना सम्मेलन में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने खरगोन जिले के 3673 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। उन्होने कहा कि जनता की सेवा के लिए सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है। सरकार आम जनता की जिंदगी बदलने के लिए प्रयास कर रही है।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना बनाकर सरकार ने महिलाओं की जिंदगी बदलने का काम किया है। शादी नहीं होने कारण जो बहनें इस योजना में छूट गई है उन्हें भी इसका लाभ दिलाया जाएगा। इस योजना से माह की 10 तारीख को लाड़ली बहना दिवस बना दिया है और बहनें हर माह इस तारीख का इंतजार करती है। अभी इस योजना में 1250 रुपये की राशि दी जा रही है। इसे बढ़ाकर 03 हजार रुपये तक किया जाएगा। हमारा लक्ष्य बहनों की आमदनी स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 10 हजार रुपये प्रतिमाह करने का है। लाड़ली बहनों के ➢➢शेष पृष्ठ 2 पर

## असम में क्रूरतम घिनौनी वारदात

# नाबालिग की हत्या कर शव के साथ तीन लोगों ने किया दुष्कर्म

### मास्टरमाइंड रेलवे कर्मचारी गिरफ्तार

**करीमगंज।** असम के करीमगंज जिले में हत्या करने के बाद शव के साथ जघन्य कृत्य करने का मामला सामने आया है। असम पुलिस ने करीमगंज में एक नाबालिग लड़की की गला घोंटकर हत्या करने और फिर शव के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों में से एक रेलवे कर्मचारी है।

नाबालिग का शव 9 सितंबर को करीमगंज टाउन बाईपास के पास मिला था। उसी दिन नाबालिग की हत्या कर दी गई थी। करीमगंज जिले के पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास ने कहा- यह घटना 9 सितंबर को रात करीब 11 बजे हुई। तीनों आरोपी जबरदस्ती नाबालिग पीड़िता के घर में घुस गए और उसकी हत्या कर दी। बाद में उसके शरीर के साथ उन्होंने यौन संबंध बनाए।

### पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज

पार्थ प्रतिम दास ने कहा- 9 सितंबर को मेडल पार्ट-1 से घटना की सूचना मिली थी, जहां एक नाबालिग लड़की का शव उसके घर के अंदर पाया गया। घटना के वक्त उसके माता-पिता घर पर नहीं थे। नाबालिग के शव का सिलचर मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम किया गया। इसके आधार पर पुलिस ने धारा 376 (ए) के तहत एक केस दर्ज किया है। इसके साथ ही आरोपियों के ऊपर आईपीसी, पॉक्सो एक्ट लगाया गया है। पुलिस को मृत लड़की की नोटबुक से मोबाइल नंबर मिला-जांच के ➢➢शेष पृष्ठ 2 पर



## भारतीय सेना 400 हॉवित्जर तोप खरीदेगी

**नई दिल्ली।** सोना ने रक्षा मंत्रालय को 400 हॉवित्जर तोप खरीदने का प्रस्ताव भेजा है। इस पर 6 हजार 500 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। पूरी तरह से स्वदेशी इन तोपों का निर्माण डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन ने किया है।

सरकार जल्द ही एक हाई लेवल बुलाने वाली है, जिसमें हॉवित्जर तोपों की खरीदी पर फैसला लिया जाएगा। यह तोप पुरानी तोपों से काफी हल्की है। इस तोप से दागे जाने वाले गोलों की रेंज 48 किलोमीटर है, जबकि उसी गोले को बोफोर्स तोप 32 किलोमीटर दूर तक दाग सकती है। ये 155 एमएम की कैटेगरी में दुनिया में सबसे ज्यादा दूरी तक गोले दागने में सक्षम है।

### गुजरात में नूंह जैसी हिंसा

## बजरंग दल की यात्रा पर हमला; पत्थरबाजी और आगजनी, वाहन तोड़े



**नर्मदा।** गुजरात के नर्मदा जिले में सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया है। यहां सेलांबा इलाके में बजरंग दल की शौर्य यात्रा पर हमले के बाद जमकर बवाल हुआ। जमकर पत्थरबाजी और आगजनी की गई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर भीड़ को मौके से हटा दिया है। बड़ी संख्या में पुलिसफोर्स की तैनाती की गई है। एक दिन पहले ही वडोदरा में भी सांप्रदायिक तनाव हो गया था। यहां गणेश विसर्जन के दौरान कुछ लोगों ने पथराव कर दिया था। गुजराती मीडिया के मुताबिक कइदा और सेलांबा गांव के बीच बजरंग दल ने शौर्य यात्रा का आयोजन किया था। जब यात्रा एक बस्ती से गुजर रही थी तो कुछ उपद्रवियों ने अचानक पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। जिसमें आगजनी हुई और वाहन भी तोड़े गए।

# मणिपुर के मुख्यमंत्री के घर पर हमले की कोशिश

**इंफाल।** मणिपुर में गुरुवार को भीड़ ने राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के खाली आवास पर हमला करने की कोशिश की। हालांकि, घर में कोई नहीं रहता है। पुलिस ने बताया कि भीड़ ने सीएम के परिवार के खाली घर पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने भीड़ को रोक लिया।

एक समाचार एजेंसी ने पुलिस के हवाले से बताया कि- इंफाल पूर्व के हिंगिंग इलाके में प्रदर्शनकारी इकट्ठा हुए थे। पुलिस ने बताया कि भीड़ ने एन बीरेन सिंह के पैतृक आवास को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे विफल कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि भीड़ को आवास से सौ मीटर पहले ही रोक दिया गया।

### उग्रवादी खुलेआम भीड़ को उकसा रहे

इंफाल घाटी में उग्रवादियों को खुलेआम घूमते और भीड़ को हिंसा के लिए उकसाते देखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार शाम काले कपड़े पहने हथियारबंद लोगों को उत्तेजित युवाओं को पुलिस पर हमला करने का निर्देश देते देखा गया। इसके बाद कई वाहनों को आग लगा दी गई।





## खोज

### चन्द्रमा पर कहां बसाए जा सकते हैं इंसान

# रिसर्चर्स ने खोज निकाली वो जगह, बहुत सारा पानी और प्रकाश है मौजूद!

**नई दिल्ली।** स्पेस रिसर्चर्स को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। उन्होंने चंद्रमा पर उस जगह को खोज निकाला है, जहां इंसानों को बसाया जा सकता है। वहां इंसानों के लिए संभवतः वैसा ही वातावरण है, जैसा कि उनके रहने के लिए चाहिए।

यह जगह चंद्रमा के साउथ पोल पर दो गड्ढों के बीच में है, जहां बहुत सारा पानी और सूर्य का प्रकाश स्थायी तौर से मौजूद है। जिससे यहां इंसानों का रह पाना संभव है।द सन की रिपोर्ट के अनुसार, चंद्रमा पर मौजूद सूर्य के प्रकाश की यह मात्रा महत्वपूर्ण है। उससे सोलर पैनलों की मदद से बिजली उत्पन्न की जा सकती है। चंद्रमा पर ऐसे 5 क्रेटर्स है, जिन पर सूर्य और पानी के होने की बात कही गई है। न्यू साइंटिस्ट के अनुसार, चिली में अटाकामा यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने यह निर्धारित करने के लिए 5 संभावित क्रेटरों पर मौजूदा डेटा की जांच की कि उनसे से ह्यूमन बेस के लिए कौन सा सबसे अच्छा होगा।




**ये हैं चंद्रमा पर मौजूद उन क्रेटर के नाम**–5 क्रेटरों के नाम डी गेरलाचे, हेंसन, स्वेर्ड्रुप, शेकलटन हैं और जबकि उनमें से एक का नाम भी नहीं रखा गया है। रिसर्चर्स ने पानी की बर्फ के डिस्ट्रीब्यूशन, स्लॉप एंगल्स और हर क्रेटर के लिए उपलब्ध सूर्य के प्रकाश की मात्रा का अध्ययन किया। बर्फीले पानी के घनत्व के साथ-साथ कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य संभावित ऊर्जा स्रोत भी। इसे पृथ्वी तक पहुंच और कम्युनिकेशन लिंक्स की भी जरूरत है।

**कहां है वो स्पॉट**–टीम लीडर जियोवानी लियोन ने न्यू साइंटिस्ट को बताया, अब, हमारे पास एक जगह है। पहला ह्यूमन बेस स्थापित करने के लिए ‘हेंसन क्रेटर’ को सबसे अच्छी संभावित जगह घोषित किया गया था। हालांकि, रिसर्चर्स ने यह निर्धारित किया कि अन्य क्षेत्रों में भी विस्तार करना संभव होना चाहिए।

लियोन ने कहा, चारों ओर विस्तार की संभावना है। यह नोट किया गया कि देखा गया अधिकांश डेटा दूरदराज के स्थानों से आया है और क्षेत्र का वास्तव में निरीक्षण करने के बाद उनके निष्कर्ष थोड़ा बदल सकते हैं। यूके में ओपन यूनिवर्सिटी के शिमोन बार्बर ने न्यू साइंटिस्ट को बताया, ‘चंद्र पर ह्यूमन बेस कहां बनाया जाए, इसके लिए बहुत सारे विचार हैं। मुझे लगता है कि वास्तविक जवाब तब आएंगे, जब हमें इन सभी पैरामीटर्स के बारे में जमीनी हकीकत को जान पाएंगे।’

# देश-विदेश

## दिल्ली में ज्वेलरी चोरी के आरोपी छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार

**दुर्ग।** दिल्ली की ज्वेलरी शॉप से 20 करोड़ की चोरी करने वाले दो आरोपी छत्तीसगढ़ से पकड़े गए हैं। पुलिस ने भिलाई के स्मृति नगर में छापा मारकर एक घर से 18.5 किलो सोने की ज्वेलरी जब्त की। इसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। मामले में दो आरोपी लोकेश श्रीवास और शिवा चंद्रवंशी को अरेस्ट किया गया है। आरोपी लोकेश सलून में काम करता था। उसका सपना है कि वो सोने की कैंची, सोने की कंघी और सोने के उस्तरे से पीएम नरेंद्र मोदी के बाल काटे। लोकेश दिल्ली में चोरी के बाद प्लास्टिक सर्जरी करवाकर पहचान भी बदलने वाला था। पुलिस ने आरोपी की बाइक की डिग्गी से 10 लाख कैश समेत एक थार कार भी बरामद की है। 10 ग्राम (एक तोला) सोने की कीमत करीब 60 हजार रुपए है।

## पितृआमंत्रण...



पितृपक्ष के आरंभ पर अपने पूर्वजों को आमंत्रण देने पवित्र नदियों-तालाबों पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और परंपरानुसार पितृों को आमंत्रित किया।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बम विस्फोट, 55 की मौत

## खैबर पख्तूनख्वाह मस्जिद के अंदर हुआ धमाका



**इस्लामाबाद,(एजेंसियां)।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को एक मस्जिद के पास एक शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ। इसमें कम से कम 55 लोग मारे गए और 100 अन्य घायल हो गए। हालांकि, मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है। विस्फोट उस वक्त हुआ, जब पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए लोग एक रैली के लिए इकट्ठा हुए थे। विस्फोट मस्तुंग जिले में हुआ।

ईद मिलादुन नबी मनाने के लिए एकत्र हो रहे थे लोग-एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट उस मस्जिद के पास हुआ, जहां लोग पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन ईद मिलादुन नबी मनाने के लिए एकत्र हो रहे थे। मस्तुंग के सहायक आयुक्त अत्ता उल मुनीम के मुताबिक, विस्फोट काफी ज्यादा तीव्रता का था। यह मदीना मस्जिद के पास हुआ। स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) जावेद लेहरी ने कहा कि घायलों को एक चिकित्सा सुविधा में स्थानांतरित किया जा रहा है, जबकि अस्पतालों में आपातकाल लागू कर दिया गया है। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। इस बीच खैबर पख्तूनख्वा के हंगू में दोआबा पुलिस स्टेशन के पास एक मस्जिद के अंदर विस्फोट हुआ। इस दौरान कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 घायल हो गए। विस्फोट से मस्जिद की छत ढह गई।

## नीदरलैंड्स में गोलीबारी, कई लोगों के मारे जाने की खबर

**रॉटरडैम।** यूरोपीय देश नीदरलैंड्स में गोलीबारी की खबर है। गोलीबारी की दो घटनाओं में कई लोगों के मारे जाने की खबर है। गोलीबारी की यह वारदात नीदरलैंड्स के रॉटरडैम में हुई है। नीदरलैंड के बंदरगाह शहर रॉटरडैम में एक विश्वविद्यालय अस्पताल और एक अपार्टमेंट में गोलीबारी की घटनाओं में कुछ लोगों के मारे जाने की सूचना है।


**MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
BLOCK NO.7, SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No:0761 2702473, 2702442, e-mail: cepurez@yahoo.in
CIN U40109MP2002SGC015120

**ONLINE TENDER**

No. CGM/PUR/EZ/GM-I/III/1584 Jabalpur, dtd: 22.09.2023
Online Tenders are invited for following items:-

| Sl. No. | TS No. (for e-Tendering) Discom-EZ/Pur | NAME OF ITEMS | APPROX VALUE (RS. IN LAKH) | TENDER FEE (in Rs.) | Due date & time of opening of tender online from 14.00 Hrs.(*) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TS-1388 (e-Tender No. 2023 PKVVC _308926_1) | Hiring of 01 No. 32 Seater Bus (on demand) for Trainees of Central Training Institute Nayagaon, Jabalpur | 2.70 | 590 | 05/10/2023 |

For updated/ extended due dates for opening of tender (EMD in cover-1 & Techno-commercial bid in cover-2) please refer to the online key dates. For other details visit Company's website: www.mpez.co.in or https://mptenders.gov.in

SAVE ELECTRICITY

''बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल करें''

CGM (S&P)



**न्यायालय- दीपक कुमार अग्रवाल, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मझौली, जिला सीधी म.प्र.**

Presiding Officer -दीपक कुमार अग्रवाल संलग्न नोटिस प्रकाशन हेतु
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
MJC Suc. 02/2023
नीशा देवी केवट वगैरह ......आवेदिका
बनाम
हर आम व खास वगैरह....अनावेदकगण ।
प्रोसेस नंबर....
पेशी दिनांक 28.10.2023

प्रेषिती-
(1) सर्व साधारण हर आम एवं खास जनता।
(2) यूनियन बैंक शाखा मझौली जिला सीधी म.प्र.।
(3) उपखण्ड मजिस्टेट कासारगढबेलारगढ कुन्डू थाना कासारगढ जिला कासारगढ (केरला)

अनावेदक क्र. 1 सर्व साधारण हर आम व खास जनता एवं अनावेदक क. 2 व 3 को सूचित किया जाता है कि आवेदिका निशा देवी केवट पत्नी स्व. रामनरेश केवट उम्र 26 वर्ष पेशा गृहकार्य निवासी ग्राम मेडरा तहसील मझौली जिला सीधी म.प्र. ने मृतक रामनरेश केवट पिता हीरालाल केवट उम्र 28 वर्ष साकिन मेडरा पोस्ट ताला तहसील मझौली जिला सीधी मप्र के मृत्यु के बाद आवेदिकागण को मृतक का वैध उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र घोषित करते हुए मृतक को मृत्यु पश्चात आवेदिकागण को म.प्र. शासन द्वारा दी जाने वाली समस्त सहायता राशि एवं यूनियन बैंक शाखा मझौली जिला सीधी से मिलने वाली समस्त सहायता राशि आवेदिकागण प्राप्त करने हेतु आवेदिकागण के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन दिया है। जिसकी सुनवायी दिनांक 28.10.2023 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदिका को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 28.10.2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 27.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय का मुद्रा
स्थान मझौली

**दीपक कुमार अग्रवाल**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**मझौली जिला-सीधी (म.प्र.)**


# प्रथम पृष्ठ का शेष

## लोगों के जीवन में....

लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना प्रारंभ की गई है और उसमें बहनों का पंजीयन प्रारंभ हो गया है। अगले 03 साल में इस योजना में सभी बहनों के मकान बना दिए जाएंगे। उज्ज्वला योजना की हितग्राही महिलाओं और लाड़ली बहनों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का इंतजाम कर दिया है। अगले माह से बहनों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर मिलना प्रारंभ हो जाएगा।

खरगोन जिले में पिछले दिनों आयी बाढ़ की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बाढ़ से हुए नुकसान का सर्वे किया जाएगा और नुकसान की भरपाई की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि खरगोन जिले को 3673 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात मिली है। इसमें 1386 करोड़ रुपये की झिरन्या उद्वहन सिंचाई योजना का भूमिपूजन और 515 करोड़ रुपये की बिस्टान उद्वहन सिंचाई योजना का लोकार्पण भी शामिल है। खरगोन को मेडिकल कॉलेज की भी सौगात मिली है। खरगोन में नवग्रह लोक और महेश्वर में माँ अहिल्या लोक का काम भी शुरू किया जा रहा है। कार्यक्रम को सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल एवं ज्ञानेश्वर पाटिल ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के पशुपालन मंत्री प्रेमसिंह पटेल, खरगोन-बड़वानी सांसद गजेन्द्रसिंह पटेल, खण्डवा-बुरहानपुर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, राज्यसभा सदस्य सुमेरसिंह सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई तंवर, नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी, पूर्व विधायक बालकृष्ण पाटीदार, बाबूलाल महाजन, आत्माराम पटेल, जमना सिंह सोलंकी, राजेन्द्र सिंह राठौर, विमुक्त घुमक्कड एवं अर्द्ध घुमक्कड़ आयोग के अध्यक्ष बाबूलाल बंजारा, इंदौर संभाग के कमिश्नर माल सिंह, कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## असम में क्रूरतम, घिनौनी...

दौरान, पुलिस को मृत लड़की की नोटबुक में एक मोबाइल नंबर मिला है। नोटबुक ने मिली जानकारी के मुताबिक बिप्लब पॉल, शुभ्रा मालाकार और राहुल दास नाम के तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान राहुल दास ने खुलासा किया कि उसने पीड़ित लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की थी। राहुल इस नापाक इरादे में सफल नहीं हो सका क्योंकि लड़की ने इसका विरोध किया था। रेलवे कर्मचारी पूरे मामले का मास्टरमाइंड-एसपी दास ने कहा, राहुल दास रेलवे का फोर्थ ग्रेड का कर्मचारी है और वह पूरे मामले का मास्टरमाइंड भी है। राहुल दास ने शुभ्रा मालाकार से दो मोबाइल सिम कार्ड लिए थे, जिनका इस्तेमाल राहुल मालाकार और पीड़ित लड़की ने किया था और वे पिछले महीने से लगातार संपर्क में थे। पुलिस ने कहा कि मामले की आगे की जांच जारी है।


**कार्यालय कलेक्टर, दमोह**
**विज्ञप्ति**

क्रमांक क/वित्त लिपिक/2023/4021 दमोह, दिनांक 26.09.2023

जिला अंतर्गत तहसीलदारों एवं अन्य विभागों के पात्र अधिकारियों को शासकीय कार्य/भ्रमण आदि के लिए महेन्द्रा बुलेरो वाहनों को फिक्स मासिक आधार पर 31 मार्च 2024 तक के लिए किराए से लिये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 09.10.2023 समय 2.00 बजे अपरान्ह तक रहेगी एवं उसी तिथि को समय 4.00 बजे निविदाकारों की उपस्थिति में प्राप्त निविदाएं खोली जायेंगी।

वाहन क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में टेक्सी कोटे में रजिस्टर्ड होना चाहिये तथा वाहन का फुल इंश्योरेंस (All risk cover) होना अनिवार्य है। वाहन अच्छी हालत में होना अनिवार्य है। सामान्यत: वाहन मॉडल वर्ष 01.04.2022 से पूर्व का नहीं होना चाहिये। वाहन फिक्स मासिक किराए पर 1000 किलोमीटर अधिकतम सीमा पर लिया जायेगा। वाहन में प्रतिमाह 1000 किलोमीटर के लिए डीजल निविदाकार द्वारा प्रदाय किया जावेगा।

प्रपत्र 01 एवं 02 तथा निविदा की शर्तें रुपये 200/- (दो सौ रुपये) मात्र कलेक्टर कार्यालय की नाजरात शाखा में कार्यालयीन समय में नगद जमा कर प्राप्त की जा सकती है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)

**अपर कलेक्टर**
**दमोह**

G-20510/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, जवाहर लाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर**
**ई-निविदा सूचना**
**द्वितीय आमंत्रण**

सूचना क्रमांक का.यं./निविदा/2023/1141 दिनांक-29/09/2023

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा नवीन पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न कार्यों हेतु विद्युत नवीन एस.ओ.आर. 15/09/2022 से जारी व सभी संशोधन सहित दर सूची पर लोक निर्माण विभाग/एम.ई.एस./सी.पी.डब्लू.डी. में पंजीकृत निविदाकारों से निविदायें ई-टेंडरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट द्वारा भेजी गई निविदायें ही मान्य की जावेगी। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

| सं. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जवाहर लाल कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत Comprehensive Operating & Maintenance of 33/11K V Sub-Station वर्ष 2023-24 हेतु (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 15.00 लाख | रू. 30,000/- | रू. 2,000.00/- | वर्ष 2023-24 |

नोट :- 1. निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि : दिनांक 30/09/2023 10.30 से दिनांक 07/10/2023 18.00 बजे तक, 2. बीड भरने की अंतिम तिथि : 07/10/2023 18.00 बजे तक, 3. निविदा की धरोहर राशि एवं अन्य दस्तावेज (हॉर्ड कॉपी) कार्यालय में जमा करने की तिथि 12/10/2023 17.00 बजे तक, 4. निविदा की धरोहर राशि एवं अन्य दस्तावेज खोलने की तिथि : दिनांक 13/10/2023 5. प्राईज बीड खोलने की तिथि : दिनांक 13/10/2023 10.30 से 13/10/2023 17.00 बजे तक। उपरोक्त निविदा को बेवसाईट पर केवल ऑनलाईन क्रय किया जा सकता है।
**नियम एवं शर्तें :** - निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है।

**कार्यपालन यंत्री**
**ज.ने.कृ.वि.वि., जबलपुर**

IPRO/EE/41/2023



**न्यायालय -आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, श्रम न्यायालय कोर्ट क्रं. 67, जिला एवं सत्र न्यायालय जिला जबलपुर म.प्र.**

प्रकरण क्रं-199/weAct / 2023/ Fatal (Miss)
मूल प्रकरण कमांक 92/2022/फैटल

**सूचना-पत्र**

उपरोक्त प्रकरण क्रमांक 199 / wc Act / 2023 / fetal (miss) में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मृतक स्व. श्री आनंद सिंह की मृत्यु नियोक्ता / 1 मनीष कुमार राठौर के नियोजन के दौरान घटित दुर्घटना के परिणाम स्वरूप दिनांक 03/07/2022 को हो गयी है। नियोक्ता/ बीमा कं. ने क्षतिधन राशि रू. 8,60,000/- (आठ लाख साठ हजार रूपये मात्र) न्यायालय में जमा कराये है। उपरोक्त जमा क्षतिधन राशि वितरण हेतु आश्रितों की जाँच व साध्य हेतु दिनांक 17.10.2023 नियत की गई है।

उपरोक्त प्रकरण में मृतक मृतक स्व. श्री आनंद सिंह के जो भी व्यक्ति कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधि. 1923 की धारा 2(डी) के अन्तर्गत आश्रितों की श्रेणी में आते हों के दिनांक 17.10.2023 को 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर आश्रित होने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र पेश करे साथ ही पहचान सम्बन्धी दस्तावेज परिचय पत्र आधार कार्ड, परिवार पत्र, बैंक की पास बुक, ग्राम पंचायत या स्थानीय निकाय का प्रमाण पत्र पेश करे तथा आश्रितो के फोटो शासकीय अधिकारी व नोटरी से प्रमाणित करवा कर पेश करे नाबालिग बच्चे हो तो उनकी स्कूल की अंकसूची साथ लाये।

आज दिनांक 27/09 / 2023 को मेरे हस्ताक्षर व मुदा के अधीन जारी किया गया।

**(श्रीकृष्णा डागलिया)**
**आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम**
**श्रम न्यायालय , जबलपुर म.प्र.**



**म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता (शहर संभाग पश्चिम)**
फोन नं0 0761-2610058, 2611358, 2623087 ईमेल-eecdwjbp1@gmail.com

**विद्युत आपूर्ति बंद रहने की सूचना**

नगर संभाग पश्चिम जबलपुर के अन्तर्गत फ्लाई ओव्हर निर्माण में बाधक पोलों को हटाने एवं शिफ्टिंग कार्य हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी। अत सम्मानीय उपभोक्ताओं से सहयोग वांछित है।

| क्र. | दिनांक एवं दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र | संबंधित अधिकारी का नाम मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01/10/2023 (रविवार) | सुबह 07.00 से 11.00 बजे तक | (220 सब स्टेशन से 33/11 के.व्ही. आमनपुर) सब-स्टेशन एवं उनसे निकलने वाले फीडरों का क्षेत्र, रिलायंस फ्रेश, मदन महल, महानद्दा, छोटी लाईन फाटक, गोरखपुर, नीखरा चक्की, मदन महल स्टेशन, होम साइंस कालेज रोड, रानीताल रोड, किडनी हास्पिटल, राईट टाउन स्टेडियम, बस स्टेण्ड एवं आस पास का क्षेत्र। | श्री अर्जुन कुमार सहायक अभियंता मो.- 9425805996 |
| 2 | 03/10/2023 (मंगलवार) एवं 06/10/2023 (शुक्रवार) | सुबह 08.00 से दोपहर 01.00 बजे तक | (11 के.व्ही. उखरी-3) उखरी सब स्टेशन से बल्देवबाग चौक, चेरीताल, पारीजात बिल्डिंग, सरस्वती कालोनी, पंजाब नेशनल बैंक कालोनी, दमोहनाका रोड एवं आस पास का क्षेत्र। | |
| 3 | 04/10/2023 (बुधवार) | सुबह 08.00 से दोपहर 01.00 बजे तक | (11 के.व्ही. राईट टाउन) मदन महल थाना से साहनी हास्पिटल, आशीष हास्पिटल, मानकुंवर बाई कालेज, होम साइंस कालेज एवं आसपास का क्षेत्र। | |
| 4 | 05/10/2023 (गुरूवार) एवं 07/10/2023 (शनिवार) | सुबह 08.00 से दोपहर 01.00 बजे तक | (11 के.व्ही. उखरी-4) बल्देवबाग से महिला मार्केट, दद्दा जी हास्पिटल, आगा चौक, ईदगाह एवं आस पास का क्षेत्र। | |
| 5 | 08/10/2023 (रविवार) | सुबह 08.00 से दोपहर 01.00 बजे तक | (11 के.व्ही. नागरथ) सब स्टेशन से हाईकोर्ट चौक, रेल्वे स्टेडियम, पुल नं. 2, नागरथ चौक, पर्यटन कार्यालय से नागरथ चौक रोड एवं आस पास का क्षेत्र। | |

1. मोबाईल पर बिजली बिल प्राप्त करने के लिए अपना मोबाईल नम्बर स्मार्ट बिजली एप, बिजली कार्यालय अथवा काल सेन्टर के टोल फ्री नम्बर 1912 पर आईव्हीआरएस नम्बर बताकर तत्काल दर्ज करवायें अथवा परिवर्तित मोबाईल नम्बर अपडेट करायें।
2. आवश्यकतानुसार उक्त समयावधि घटाई / बढ़ाई जा सकती है ।

''बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए 1912 / 2610058, 2611358 डायल करें''

**कार्यपालन अभियंता, (शहर संभाग पश्चिम)**
**म.प्र पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. जबलपुर**



**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी**
**(सामान्य निर्वाचन) जिला जबलपुर (म.प्र.)**

क्रमांक/निविदा/सा. निर्वाचन/संवि/ 2023/393- 396 जबलपुर, दिनांक 21/09/2023

**अल्प कालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि समस्त पंजीकृत फर्म/व्यक्ति/संस्था से आगामी विधान सभा निर्वाचन/लोक सभा निर्वाचन 2023-24 (सामान्य निर्वाचन) हेतु जबलपुर जिले अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों की ऑनलाइन अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जो निम्नानुसार है।

| क्रं. | निविदा | निविदा क्रय करने की प्रारंभ तिथि | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | तकनीकी निविदा खुलने की तिथि | वित्तीय निविदा खुलने की तिथि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एलसीडी/एलईडी टीव्ही/वाल एवं सीसीटीव्ही/ कैमरा हेतु निविदा | 25/09/23 सायं 04:00 बजे | 03/10/23 दोपहर 12.00 बजे तक | 04/10/23 दोपहर 12.00 बजे | 05/10/23 दोपहर 12.00 बजे | 50,000 |
| 2. | वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कार्य हेतु निविदा | 25/09/23 सायं 04:00 बजे | 03/10/23 दोपहर 12.00 बजे तक | 04/10/23 दोपहर 1.00 बजे | 05/10/23 दोपहर 01.00 बजे | 50,000 |
| 3. | विद्युत सामग्री, लाईट, माईक इत्यादि कार्य हेतु निविदा | 25/09/23 सायं 04:00 बजे | 03/10/23 दोपहर 12.00 बजे तक | 04/10/23 दोपहर 3.00 बजे | 05/10/23 दोपहर 03.00 बजे | 50,000 |
| 4. | कम्प्यूटर, प्रिंटर सामग्री क्रय करने हेतु विविदा | 25/09/23 सायं 04:00 बजे | 03/10/23 दोपहर 12.00 बजे तक | 04/10/23 सायं 5.00 बजे | 05/10/23 सायं 05.00 बजे | 25,000 |

निविदा प्रपत्र https://mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है, उपरोक्त निविदा प्रपत्र एवं निविदा प्रतिभूति की राशि ऑनलाईन https://mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला जबलपुर, मध्यप्रदेश के पक्ष में जमा करना अनिवार्य है तथा जमा राशि संबंधी चालान या रसीद तकनीकी बिड के साथ पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

निविदा शर्तें, सामग्री की सूची एवं विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

**कलेक्टर**
**एवं जिला निर्वाचन अधिकारी**
**(सामान्य निवार्चन) जबलपुर (म.प्र.)**

G-20516/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



**कार्यालय कलेक्टर जिला जबलपुर एवं पदेन उपसचिव मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग**

कमांक/42/ जि.भू.अ. / 2023 जबलपुर दिनांक 25-09- 2023

धारा- 19

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और परदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 (1) के अंतर्गत अधिसूचना के प्रकाशन तारीख से प्रावधानित समय सीमा 60 दिवस की अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने के कारण अधिनियम की धारा 12 (2) के अंतर्गत कोई रिर्पोट की आवश्यकता नहीं है। इस आधार पर समुचित सरकार का यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित परियोजना हेतु अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित निजी भूमि एवं उस पर स्थित स्थावर परिसंपत्तियों की सार्वजनिक लोक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न अनुसूचियों के पद ( 2 ) में वर्णित भूमि एवं उस पर स्थित स्थाई परिसंपत्ति लोक प्रयोजन हेतु आपेक्षित है-

अनुसूची- (2)

1. ग्राम का नाम - रीमा ब.नं. - 402 प.ह.न. 54
2. रा.नि.मं. - बरगी तहसील - जबलपुर जिला- जबलपुर
3. अर्जित किये जाने वाला प्रस्तावित क्षेत्रफल -0.3025

| स. क्र. | प्रस्तावित खसरा नं. | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता | सीमाएं उत्तर | सीमाएं दक्षिण | सीमाएं पूर्व | सीमाएं पश्चिम | वृक्ष प्रगति किस्म | वृक्ष संख्या | संरचना प्रकार | संरचना कुर्सी का एरिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| | 306 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.3025 | गुरूदयाल पिता सूरजभान गुप्ता पता 30 आजाद चौक रामपुर जबलपुर | ख.न. 306 का शेष भाग | सड़क W.B.M | ख.न. 306 का शेष भाग | ख.न. 305 | - | - | - | - |

1. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, जबलपुर, जिला- जबलपुर के कार्यालय में किया जा सकता है। 2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति अधिसूचना प्रकाशन की जानकारी बेबसाईट www.jabalpur.nic.in एवं मध्य प्रदेश शासन पर भी देखा जा सकता है।

**मध्य प्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**(सौरभ के. सुमन) कलेक्टर जिला जबलपुर एवं पदेन**
**उपसचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग**

G-20507/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, जिला जेल के सामने बालाघाट (म.प्र.)**

दूरभाष :- 07632-358737 ई-मेल: - dpepiu.balaghat@mp.gov.in
एनआईटी नं. -25/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/ जबलपुर, दिनांक 18.09.2023
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

| सं. क्रं | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की राशि (कार्य की लागत) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | ठेकेदार/फर्म की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. |
| 1. | 2023_PWPIU_311069_1 | शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा, जिला बालाघाट में 06 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण मय आंतरिक विद्युतीकरण कार्य। | बालाघाट | 309.30 | 309300.00 | 15000.00 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीयकृत | 12 |
| 2. | 2023_PWPIU_311091_1 | जिला बालाघाट में दिव्यांगजनों के समग्र पुनर्वास हेतु डी.डी.आर.सी. के सक्रिय एवं सुचारु हेतु नवीन भवन निर्माण कार्य मय आंतरिक विद्युतीकरण कार्य। | बालाघाट | 334.98 | 334980.00 | 15000.00 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीयकृत | 12 |
| 3. | 2023_PWPIU_311101_1 | जिला बालाघाट अंतर्गत ग्राम खैरलांजी में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) का निर्माण मय आंतरिक आंतरिक विद्युतीकरण कार्य। | बालाघाट | 39.18 | 50000.00 | 5000.00 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीयकृत | 6 |
| 4. | 2023_PWPIU_311102_1 | जिला बालाघाट अंतर्गत ग्राम लालबर्रा में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) का निर्माण मय आंतरिक आंतरिक विद्युतीकरण कार्य। | बालाघाट | 39.18 | 50000.00 | 5000.00 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीयकृत | 6 |
| 5. | 2023_PWPIU_311171_1 | जिला बालाघाट में पुलिस विभाग अंतर्गत समन्वय एवं प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण मय आंतरिक विद्युतीकरण कार्य। | बालाघाट | 413.20 | 413200.00 | 15000.00 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीयकृत | 18 |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptender.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 25.09.2023 समय दोपहर 2.00 बजे से दिनांक 04.10.2023 समय शाम 6.00 बजे तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग बालाघाट**

G-20503/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, जिला डिण्डौरी, (म.प्र.)**

एनआईटी नं.- 25/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/जी/एपीडी/ ..... जबलपुर, दिनांक 18.09.2023
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है-

| सं. क्रं. | पोर्टल टेंडर क्रं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 1. | 2023_PWPIU_310457_1 | ग्राम जुगदेही वि.ख. करंजिया में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण एवं ग्राम उमरिया वि.ख. करंजिया जिला डिण्डौरी में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 03 लैब एवं 04 अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | डिण्डौरी | 217.74 | 217740.00 | 12500.00 | 12 माह वर्षाऋतु सहित |
| 2. | 2023_PWPIU_310481_1 | ग्राम नुनखान वि.ख. डिण्डौरी में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण एवं ग्राम शहपुरा वि.ख. शहपुरा जिला डिण्डौरी में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 03 लैब एवं 04 अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | डिण्डौरी | 217.74 | 217740.00 | 12500.00 | 12 माह वर्षाऋतु सहित |

1. निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट वेबसाईट https://mpeproc.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन लाईन दिनांक 22.09.2023 समय 09.00 से दिनांक 04.10.2023 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।


**कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग डिण्डौरी (म.प्र.)**

जी- 20464/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

# देश-प्रदेश

उवाच

## संसद प्रकरण में चुप्पी तोड़ें मोदी : दानिश



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** बहुजन समाज पार्टी के नेता कुंवर दानिश अली ने लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी सांसद रमेश बिधुड़ी मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चुप्पी तोड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि जल्द से जल्द जवाबदेही तय की जानी चाहिए। अमरोहा से लोकसभा सांसद दानिश अली ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकसभा में जो प्रकरण हुआ उसके आठ दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई का नामोनिशान नहीं दिखा दे रहा है यह हैरान और परेशान करने वाला है। इसके विपरीत उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से जन से मारने की धमकियां दी जा रही है। यह क्या हो रहा है इस देश में।

अलीराजपुर में मुख्यमंत्री ने सिंचाई परियोजना का लोकार्पण किया, कहा-

## हर परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार दिया जाएगा



- 12वीं कक्षा में प्रथम आने वाले तीन-तीन बेटे-बेटी को स्कूटी दी जाएगी
- अलीराजपुर में कृषि महाविद्यालय खोला जाएगा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जितनी कठिनाई जिंदगी में होगी सब दूर करूंगा। हर परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार दिया जाएगा ताकि पलायन न करना पड़े। चाहे स्व-सहायता समूहों के माध्यम से, उदयम क्रांति योजना या सरकारी नौकरियों के माध्यम से हो हर परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अलीराजपुर में कृषि महाविद्यालय खोला जाएगा। जिले के सभी गांवों और खेतों में सिंचाई का पानी पहुँचाया जाएगा। अलीराजपुर में बायपास रोड बनाया जाएगा। बिजली का सब स्टेशन भी बनवाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान अलीराजपुर में 905.46 करोड़ रुपए की माइक्रो उद्धवहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद और जन-प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नर्मदा मैया का पानी खेतों में लेकर आया हूँ। पानी आने से खेतों में फसलें लहलहाएंगी। परियोजना से अभी 126 गांवों में सिंचाई हो रही है। आगे चलकर जिले सभी गांवों और खेतों में पानी पहुँचा दिया जाएगा। पाइपलाइन बिछाकर घरों में टोंटी से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। नर्मदा का पानी ग्रामीणों की जिंदगी बदलेगा। किसानों को एक हजार रुपए हर महीना मिल रहा है। पीएम सम्मान निधि में 6 हजार रुपए और इतने ही रुपए राज्य सरकार दे रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारी सरकार ने अलीराजपुर को जिला बनाया है, साथ ही सड़क, बिजली, स्कूल-कॉलेज की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं सरकार नहीं परिवार चला रहा हूँ। मैं बहनों का भाई, बेटा-बेटियों का मामा हूँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि परिवार के लिए जो करना चाहिए वह करने की कोशिश करता रहूँगा। मैं बहनों की तकलीफें दूर कर दूंगा। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाकर हर महीने पैसे डाले जा रहे हैं। लाड़ली बहनों को एक हजार रुपए से शुरू की गई योजना में बढ़ाकर 3 हजार रुपए हर महीने दिए जाएंगे। वर्तमान में 250 रुपए बढ़ाकर 1250 रुपए हर माह कर दिए गए हैं। मैंने पैसा नहीं दिया बहनों को सम्मान दिया है।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की हितग्राही बहनों को अब सिलेंडर 450 रुपए में दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिन लाड़ली बहनों के नाम गैस कनेक्शन नहीं हैं उनके नाम कनेक्शन नामांतरण किया जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि निःशुल्क राशन के साथ आवास की व्यवस्था कर रहे हैं। जिनको पीएम आवास नहीं मिले हैं उनके लिए सीएम लाड़ली बहना आवास योजना में मकान राज्य सरकार बनाकर देगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बिजली बिलों में राहत मिलेगी। अब वृद्ध तीर्थ-यात्रियों को रेल के साथ हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा कराई जा रही है। राज्य सरकार के पास जनता की सेवा करने के लिए पैसे की कमी नहीं है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अपने स्कूल की 12वीं कक्षा में प्रथम आने वाले तीन-तीन बेटे-बेटी को स्कूटी दी जाएगी। छात्र-छात्राओं को लेपटॉप, साइकिल, गणवेश, पुस्तकें उपलब्ध कराने के साथ-साथ मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज, आईआईटी की फीस राज्य सरकार द्वारा भरी जा रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारी सरकार ने सीएम राइज स्कूल खोले हैं।

## राहुल आज कालापीपल में जनसभा को करेंगे संबोधित



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और सासंद राहुल गांधी शनिवार को प्रदेश दौरे पर आ रहे हैं। वह कालापीपल विधानसभा क्षेत्र के पोलायकला में आयोजित एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, संगठन के प्रदेश प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला सहित अन्य वरिष्ठ नेता इस दौरान उनके साथ रहेंगे। यात्रा की तैयारियों को देखने आज प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला पोलायकला गए। वहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से चर्चा की और कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने बताया कि राहुल सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर इंदौर पहुंचेगे। इसके बाद वह हेलीकाप्टर से साढ़े 11 बजे पोलायकला जाएंगे। वह यहां पूर्व मंत्री जीतू पटवारी की अगुआई में मालवांचल में निकाली जा रही जनआक्रोश यात्रा में कुछ देर के लिए शामिल होंगे, इसके बाद राहुल यहां जनसभा को संबोधित करेंगे।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किए सवाल, पूछा

## राहुल बताएं पुराने वायदों का क्या हुआ?

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रदेश यात्रा पर आ रहे राहुल गांधी को झूठ की नई गारंटी देने से पहले यह बताना चाहिए कि पुराने वायदों का क्या हुआ? उन्होंने पत्रकार वार्ता में सवाल किया कि श्री गांधी ने 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले जनता से कई वादे किए थे। चुनाव के समय उन्होंने कहा था कि किसानों का 2 लाख रुपए तक का कर्ज माफ करेंगे, युवाओं को 4 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देंगे, बहनों को गैस सिलेंडर पर सौ रुपए माफ करेंगे। कन्यादान योजना की राशि बढ़ाकर 51 हजार रुपए किए जाने की बात भी कांग्रेस ने कही थी। राहुल गांधी ने कहा था कि 10 दिनों में अगर वादे पूरे नहीं हुए, तो मुख्यमंत्री बदल देंगे। श्री शर्मा ने पूछा कि इनमें से कौन सा वादा प्रदेश की 15 महीने के लिए बनी कांग्रेस की सरकार ने पूरा किया है? राहुल गांधी पहले यह बताना चाहिए कि कांग्रेस के पुराने वादों का क्या हुआ? भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के झूठे वादों के कारण प्रदेश के जो किसान डिफाल्टर हो गए थे, उन्हें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने 2 हजार 2 सौ करोड़ भरकर दिवालिया घोषित होने बचाया, ताकि उनका सम्मान बहाल हो सके।

श्री शर्मा ने 15 महीने की कमलनाथ सरकार को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा चलाए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार पर भ्रष्ट होने का भी आरोप लगाया। इस दौरान उन्होंने पूर्व मंत्री उमंग सिंगार के अप्रत्यक्ष रूप से पूर्व मुख्यमंत्री पर लगाए गए आरोपों का भी हवाला दिया।

किसान आंदोलन से थमे रेल के पहिए

## मुआवजा, समर्थन मूल्य व कर्ज माफी की मांग को लेकर केंद्र के खिलाफ खोला मार्चा

- मोहाली में पुलिस से धक्का-मुक्की पर भड़के किसान
- अंबाला में रेल रोको आंदोलन आज
- 20 जगहों पर रेलवे लाईन पर बैठे किसान

**अमृतसर, एजेंसी।** पंजाब में मुआवजा, समर्थन मूल्य और कर्ज माफी को लेकर किसानों का आंदोलन जारी है। किसान पंजाब भर में रेलवे लाइनों पर बैठे हुए हैं। रेलवे ट्रैक जाम होने के बाद दिल्ली से अमृतसर, पठानकोट से अमृतसर और पंजाब से चंडीगढ़, जालंधर, लुधियाना से मोगा, फिरोजपुर, फाजिल्का आदि सभी रूट्स पूरी तरह से ठप हैं। इससे 90 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। ट्रेनों का चक्का जाम होने के कारण सैकड़ों यात्री पंजाब के रेलवे स्टेशनों पर फंस गए हैं। शुक्रवार जहां करीब 60 ट्रेनें प्रभावित हुईं। वहीं शुक्रवार 90 से अधिक ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। इनमें से 80 से अधिक ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

किसानों ने दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे जाम कर दिया है। किसान मोहाली के लालडू में चंडीगढ़ से अंबाला जाने वाले हाईवे पर धरना लगा कर बैठ गए हैं। इस दौरान किसानों की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई, जिसके बाद किसान भड़क उठे। पंजाब में गुरुवार से 19 किसान-मजदूर संगठन आंदोलन कर रहे है। प्रधान सुखविंदर सिंह सभरा व महासचिव राणा रणबीर सिंह ने बताया कि अब मोर्चों की गिनती 17 से 20 हो गई है। शुक्रवार को समराला व फरीदकोट में भी रेल रोको आंदोलन शुरू हुआ। वहीं संगठनों ने ऐलान किया है कि शनिवार को अंबाला में भी रेल रोको आंदोलन शुरू होगा। इसके साथ उन्होंने कहा कि 23-24 अक्टूबर को किसानी दशहरा मनाया जाएगा। इस दौरान पूरे देश में मोदी सरकार व कॉर्पोरेट घरानों के पुतले जलाए जाएंगे। 19 जत्थेबंदियों ने 20 जगहों पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है। इसमें मोगा रेलवे स्टेशन, अजीतवाल व डगरू, होशियारपुर, गुरदासपुर व डेरा बाबा नानक, जालंधर कैंट, तरनतारन, संगरूर के सुनाम, पटियाला के नाभा, फिरोजपुर के बसती टैंकां वाली व मल्लांवाला, बठिंडा के रामपुरा फूल, अमृतसर के देवीदासपुरा व मजीठा, फाजिल्का, मलेरकोटला के अहमदगढ़ आदि में यह प्रदर्शन 30 सितम्बर तक जारी रहेगा।

## सरकार घोटालेबाजों से युद्ध कर रही : रेड्डी

**विजयवाड़ा, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को विभिन्न घोटालों में कथित संलिप्तता को लेकर विपक्षी तेलुगु देशम पार्टी नेताओं की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार घोटालेबाजों के साथ युद्ध लड़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बिना किसी पक्षपात के कल्याणकारी योजनाएं लागू करने वाली सरकार और अपने शासनकाल के दौरान कौशल विकास घोटाला, इनर रिंग रोड घोटाला, फाइबर ग्रिड घोटाला और आवंटित भूमि घोटाला करने वाले विपक्ष के बीच की लड़ाई है। सीएम जगन मोहन रेड्डी ने टिप्पणी की कि यह उस सरकार के बीच लड़ाई है, जिसने कमजोर वर्गों को 30,76,000 गृह स्थल पट्टे दिए और विपक्षी दल जिसने इसका विरोध किया और जनसांख्यिकीय असंतुलन का हवाला देते हुए अदालतों का रुख किया। सीएम ने इसे गरीब समर्थक सरकार, पूंजीपतियों के बीच युद्ध और सत्तारूढ़ दल के बीच युद्ध बताया जो चाहता है कि कल्याणकारी योजनाएं जारी रहें और विपक्ष जो चुनाव के बाद लोगों को धोखा देना चाहता है।।

कांग्रेस प्रवक्ता ने आदिवासी और महिला अत्याचारों पर सरकार को घेरा , बोलीं

## जन आक्रोश यात्रा से भाजपा की उल्टी गिनती शुरू



**भोपाल,देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने कहा कि जनआक्रोश यात्रा से भाजपा की उल्टी गिनती शुरू होती जा रही है। उन्होंने भाजपा के 18 साल के शासन को कुशासन बताया। डॉ. रागिनी ने भाजपा सरकार पर आदिवासी विरोधी और महिला विरोधी होने के आरोप भी लगाए। डॉ. नायक ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता मैं शिवराज जी से पूछना चाहती हूं कि आपकी सरकार आदिवासी विरोधी क्यों है?

उन्होंने यहां प्रदेश में आदिवासियों के साथ घटित घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा जनसंख्या आदिवासियों की है, लेकिन आदिवासियों पर हो रही घटनाओं में प्रदेश सबसे अव्वल नबर पर है। उन्होंने कहा कि यह शिवराज सिंह चौहान की सरकार का प्रदेश है, जहां भाजपा आदिवासियों को वनवासी कहती है, क्योंकि वह चाहती है, वह वन तक ही सीमित रहें, जंगलों में ही विचरते रहें। जबकि आदिवासी ही जंगलों और वनों का असली मालिक है।

डॉ. रागिनी ने कहा कि अनूपपुर में भाजपा मण्डल अध्यक्ष द्वारा गोंड आदिवासी को चप्पलों से पीटा गया, देवास के नेमावर में आदिवासी परिवार के 5 सदस्यों को जमीन में गाड़ दिया गया, महू में आदिवासी युवती से गैंगरेप हुआ, हरदा में एक आदिवासी युवक को ट्रेक्टर से बांध कर पीटा गया, नीमच में गाड़ी से बांधकर धसीटा गया, गुना में आदिवासी महिला को जिंदा जलाया गया, देवास में एक महिला को पीटा और जूते की माला पहनाकर घुमाया गया, मंडला में 3 आदिवासियों की हत्या की गई, महिला आदिवासी का सिर काटा गया, खरगोन में पुलिस कस्टडी में एक आदिवासी की मौत सहित आदिवासियों पर अत्याचार की ऐसी कई घटनाएं है।

महिला अत्याचारों पर डॉ. रागिनी ने कहा कि उज्जैन की निर्मम घटना के जख्म भी अभी भरे नहीं और आज फिर एक खबर कटनी के पहाड़ी नाले में एक आदिवासी युवती की लाश क्षतविक्षत अवस्था में मिली, उसका सिर पत्थर से कुचला गया, उसके साथ दुष्कर्म की घटना हुई। परिजन युवती की गुमशुदगी की एफआईआर के लिए 3 दिन तक चक्कर काटते रहे, लेकिन प्रशासन ने पीड़ित परिवार की कोई सुध नहीं ली।

अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों से मिले सुरजेवाला पीड़िता का हाल जाना

## कांग्रेस देगी पीड़िता को 5 लाख की आर्थिक सहायता



भोपाल, देशबन्धु। उज्जैन दरिंदगी का शिकार हुई 12 साल की मासूम का हाल जानने आज कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला अस्पताल में पहुंचे, लेकिन यहां पीड़िता से मिलने की इजाजत नहीं मिलने पर उन्होंने डॉक्टरों से बात की। डॉक्टरों ने उन्हें पीड़िता के इलाज के संबंध में जानकारी दी। वहीं श्री सुरजेवाला ने कहा कि पीड़िता के लिए कमलनाथ ने पार्टी की ओर से पीड़िता को 5 लाख की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है। इसके अलावा भी जो मदद हो सकेगी, वो कांग्रेस करेगी। साथ ही उन्होंने प्रदेश सरकार के रवैये पर भी सवाल खड़े किए हैं।

श्री सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश में बेटियां असुरक्षित हैं और जब तक भाजपा का शासन रहेगा बेटियां असुरक्षित रहेंगी। उन्होंने इस घटना पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह पर मौन रहने का आरोप लगाते हुए हैरानी जताई। कांग्रेस महासचिव सुरजेवाला ने कहा कि सरकार और पुलिस द्वारा सतना की इस दलित परिवार की बेटी को कभी भिखारी बताया गया तो कभी उत्तरप्रदेश की रहने वाली बताया गया। शासन प्रशासन पर सवाल उठाते हुए श्री सुरजेवाला ने पूछा कि आखिर ये बच्ची सतना से उज्जैन तक कैसे आई। सतना में 25 सितम्बर को एफआईआर दर्ज होने की जानकारी किसी को नहीं है। लड़की के पिता 24 सितम्बर को सतना के थाने में एफआईआर दर्ज कराने गए, लेकिन उस दिन एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई।

पॉक्सो मामलों में विधि आयोग की केंद्र को सलाह

## सहमति से संबंध की उम्र 18 ही रहे

- विधि आयोग ने विभिन्न पहलुओं की गहन पड़ताल के बाद सरकार को सौंपी रिपोर्ट
- पॉक्सो अधिनियम में संशोधन की आवश्यकता पर दिया जोर

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** बच्चों को यौन हिंसा से संरक्षित करने वाले कानून पॉक्सो एक्ट 2012 के विभिन्न पहलुओं की गहन पड़ताल के बाद लॉ कमीशन ने अपनी रिपोर्ट कानून मंत्रालय को सौंप दी है। लॉ कमीशन की बैठक 27 सितम्बर को हुई थी। इसमें आयोग ने कानून की बुनियादी सख्ती बरकरार रखने की हिमायत की है। यानी आपसी सहमति से शारीरिक संबंध बनाने की न्यूनतम उम्र 18 साल बनाए रखने की बात कही गई है। पॉक्सो अधिनियम में संशोधन की आवश्यकता पर भी जोर दिया है।

अभिभावक हथियार की तरह कर रहे इस्तेमाल- हालांकि, इसके दुरुपयोग से जुड़े मामलों को देखते हुए कुछ सेफगार्ड लगाए गए हैं। इस कानून के इस्तेमाल को लेकर कराए गए अध्ययनों से पता चला कि लड़कियों को मर्जी से विवाह करने के फैसले लेने के खिलाफ अभिभावक इसका इस्तेमाल हथियार की तरह कर रहे हैं। सहमति से संबंध रखने वाले कई युवकों को इस कानून का शिकार होना पड़ा है। ऐसे में मांग उठी थी कि, सहमति से संबंध रखने की उम्र घटाई जानी चाहिए।

दोनों की उम्र में 3 साल या अधिक का अंतर तो अपराध ही माना जाए- सूत्रों के अनुसार, जस्टिस ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाले लॉ कमीशन ने यौन संबंध बनाने वाले अवयस्कों के बीच सहमति के बावजूद इस बात पर गौर करने को कहा है कि दोनों की उम्र का अंतर अधिक न हो। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर उम्र का फासला 3 साल या उससे अधिक है तो इसे अपराध की श्रेणी में मानना चाहिए। इसमें कहा गया है कि ई-एफआईआर प्राथमिकी दर्ज करने में देरी के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे से निपटेगी और नागरिकों को वास्तविक समय (रियल टाइम) में अपराधों की रिपोर्ट करने की अनुमति देगी।

ढील देने के बजाय बेजा इस्तेमाल रोका जाए- आयोग ने उम्र के प्रावधान को 18 ही रखने की सिफारिश करते हुए रिपोर्ट में कई तरह की राहत और अपवाद रखने के सुझाव दिए हैं। अपवाद सामने रखते समय रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि इस तरह के मामलों में सहमति से संबध रखने वाले युवक-युवतियों का अतीत देखा जाए और उसके आधार पर तय किया जाए कि यह सहमति स्वैच्छिक थी या नहीं। उनके रिश्तों की मियाद क्या थी। आयोग के सूत्रों के अनुसार, मूल मकसद यह रखा गया है कि कानून में ढील देने के बजाय इसके बेजा इस्तेमाल को रोका जाए। इसके लिए हर मामले के आधार पर अदालतों को उनके विवेकाधिकार से निर्णय लेने का दायरा बढ़ाने की सिफारिश की गई है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं राजेश कुमार जैन पिता श्री पूरनचंद जैन, निवासी- 430, चौथा पुल के पास, नेपियर टाउन, जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करता हूँ- 1. यह कि पूर्व में मेरा नाम राजेश जैन (Rajesh Jain) था जो कि अब बदलकर मेरा नया नाम राजेश कुमार जैन (Rajesh Kumar Jain) हो गया है । 2. अतः आगे से मुझे मेरे नए नाम राजेश कुमार जैन (Rajesh Kumar Jain) से जाना व पहचाना जाए।

पुराना नाम- राजेश जैन
नया नाम- राजेश कुमार जैन

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 92 दिनांक 25/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि **श्रीमती मीराबाई दयाल, पति- श्री परमेश्वर दयाल** के द्वारा **वार्ड 76 गुरू गोविंद सिंह वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1002856921 के पंजीकृत स्वामी श्री जनार्दन सिंह, पिता- श्री राजनाथ सिंह सिसोदिया के नाम से दर्ज भूमि खसरा नं. 93/1 एवं 96 का भाग का दर्ज प्लाट रकवा 800 व.फु, जिसका मौजा मड़ई व उस पर निर्मित 600 व.फु., आवासीय उपयोग **विक्रय/ क्रय** की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, डायवर्सन प्रति, टैक्स रसीद एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी ( राजस्व )
संभाग क्रमांक 15 सुहागी
नगर पालिक निगम जबलपुर

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 91 दिनांक 25/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि **श्रीमती शिल्पा पटेल, पति- श्री अर्प्रित सिंह पटेल** के द्वारा **वार्ड 73 भगवान परशुराम वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1002999737 के पंजीकृत स्वामी श्री प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, पिता- जमुना प्रसाद श्रीवास्तव एवं प्रियंक श्रीवास्तव, पिता- श्री प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, के नाम से दर्ज भूमि खसरा नं. 534 का भग प्लाट नं. बी- 38,39,40 अनमोल वाटिका में दर्ज खुली भूमि रकवा 2400 व.फु. जिसका मौजा करमेता में से विक्रय प्लाट नं. बी-39,40 का रकवा 1600 व.फु. के क्रेता श्रीमती पूनम अग्रवाल, पति- श्री नितिन अग्रवाल द्वारा विक्रय प्लाट नं. बी-39 का प्लाट रकवा 800 व.फु., **विक्रय/ क्रय** की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, लिंक रजिस्ट्री, आधार कार्ड, टैक्स रसीद एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी ( राजस्व )
संभाग क्रमांक 15 सुहागी
नगर पालिक निगम जबलपुर

**बेदखलीनामा(आम सूचना)**

सर्वसाधारण आम जनता को आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री गोविंद प्रसाद रजक, उम्र लगभग 59 वर्ष, पिता स्व. श्री घासीराम रजक व उनकी पत्नि श्रीमती संध्या पति श्री गोविंद प्रसाद रजक, उम्र लगभग 57 वर्ष, निवासी- 539/10, उपरैनगंज वार्ड, नजदीक सोहनालाल एंड ब्रदर्स नुनहाई, सराफा बाजार, जबलपुर (म.प्र.) 482002 के निर्देशानुसार अधोलिखित बेदखलीनामा प्रेषित है कि मेरे पक्षकार श्री गोविंद प्रसाद रजक एवं संध्या (पत्नि) संयुक्त रूप से घोषित करते हैं कि मेरे व मेरी पत्नि से कुल तीन बच्चे हैं जिनमें दो पुत्र और एक पुत्री है जिसमें मेरा बड़ा पुत्र जिसका नाम अमित रजक, उम्र लगभग 33 वर्ष, जिसका विवाह हो चुका है, वह मुझसे अलग रहकर दिल्ली में रहता है और दूसरा बेटा राहुल रजक उम्र लगभग 32 वर्ष, जो राजस्व विभाग जबलपुर में नौकरी करता है, शादी हो चुकी है। मेरे पक्षकार से अलग रहता है, पुत्री कु. प्रीति रजक उम्र लगभग 30 वर्ष अविवाहित है जो कि मेरे पक्षकार के साथ रहती है। मेरे पक्षकार के बताये अनुसार दोनों पुत्र अमित रजक व राहुल रजक का आचरण व्यवहार मेरे पक्षकार के साथ ठीक नहीं है, वह उन लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार करते हैं, झगड़ते मारपीट करते हैं तथा किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं करते हैं। मेरे पक्षकारा दोनों पति-पत्नि इन दोनों पुत्र से त्रस्त हो गये हैं व मेरे पक्षकार ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया है कि अपनी चल व अचल संपत्ति जो कुछ उनके नाम से है उससे अमित रजक व राहुल रजक को बेदखल करते हैं। मेरे पक्षकार की अन्य जो भी चल-अचल संपत्ति जो भी है उससे भी बेदखल करते हैं। यदि कोई भी व्यक्ति इन लोगों से कोई भी व्यवहार व लेन-देन करता है तो उसके लिए मेरे पक्षकार की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी। यह लेख बेदखलनामा मेरे पक्षकार के बताये अनुसार लिखा गया है। यह बेदखलनामा मेरे पक्षकार ने पूर्ण होशों हवास व स्वस्थ मस्तिष्क से, बिना किसी दबाव के संयुक्त रूप से लिख दिया है और गवाहों के समक्ष हस्ताक्षर कर दिया, जो सनद रहे और वक्त पर काम आवे।

जबलपुर, दिनांक-23/09/2023
अधिवक्ता वास्ते गोविंद प्रसाद रजक एवं श्रीमती संध्या

हर्षवर्धन शुक्ला (अधिवक्ता)
निवास/कार्या.- 190 संजीवनी नगर, जबलपुर (म.प्र.)
मोबा. 9826274922
र.नं. 1262

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम योमेश कुमार अग्रवाल YOMESH KUMAR AGARWAL था जो कि मेरे पासपोर्ट में भी दर्ज था जो कि अब बदलकर योमेश अग्रवाल YOMESH AGARWAL हो गया है जो कि मेरे समस्त दस्तावेजों में दर्ज है। अतः मुझे अब मेरे इसी नाम योमेश अग्रवाल YOMESH AGARWAL के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा लिखा जावे।

पूर्व नाम
योमेश कुमार अग्रवाल
YOMESH KUMAR AGARWAL
वर्तमान नाम
योमेश अग्रवाल
YOMESH AGARWAL

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम पर्व बसूर PARV BASOOR था जो कि मेरे पासपोर्ट में भी दर्ज है किन्तु अब मेरा नाम बदलकर पर्व एस बसूर PARV S BASOOR हो गया है जो कि मेरे समस्त दस्तावेजों में भी दर्ज है। अतः अब मुझे मेरे नये नाम पर्व एस बसूर PARV S BASOOR के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा लिखा जावे।

पूर्व नाम
पर्व बसूर
PARV BASOOR
वर्तमान नाम
पर्व एस बसूर
PARV S BASOOR

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम GEORGE KUTTY THOMAS था जो कि मेरे पासपोर्ट में भी दर्ज है जो कि अब बदलकर GEORGE KUTTY हो गया है जो कि मेरे समस्त दस्तावेजों में भी दर्ज है। अतः अब मुझे मेरे नये नाम GEORGE KUTTY के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा लिखा जावे।

पूर्व नाम
GEORGE KUTTY THOMAS
वर्तमान नाम
GEORGE KUTTY

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 95 दिनांक 29/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि **श्री अखिलेश कुमार सिन्हा, पिता- स्व. श्री एन.एस. सिन्हा एवं श्रीमती माया सिन्हा, पति- श्री अखिलेश कुमार सिन्हा** के द्वारा **वार्ड 72 दादा ठनठनपाल वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000570436 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती रश्मि सोनी, पति- श्री श्रवण कुमार सोनी एवं श्री श्रवण कुमार सोनी, पिता- श्री राजेन्द्र प्रसाद सोनी, के नाम से दर्ज प्लाट नं. एन-3 बी, जिसका मौजा लमती का दर्ज प्लाट रकवा 1000 व.फु., जिस पर निर्मित तल मंजिल 1000 व.फु., प्रथम मंजिल 1000 व.फु., **विक्रय/ क्रय** की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, संपत्ति लेजर रिपोर्ट एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी ( राजस्व )
संभाग क्रमांक 15 सुहागी
नगर पालिक निगम जबलपुर

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 94 दिनांक 27/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि **श्रीमती आस्था दीक्षित, पति- श्री शैलेन्द्र दीक्षित** के द्वारा **वार्ड 72 दादा ठनठनपाल वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000545150 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती रजनी जैन, पति- श्री राजेश जैन के नाम से दर्ज लमती प्लाट रकवा 1000 व.फु., जिस पर डायवर्सन खसरा नं. 38/40,40/47, 41/17, 39/12 का भाग का विक्रय रकवा 1000 व.फु., **विक्रय/ क्रय** की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद, खसरा प्रति, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी ( राजस्व )
संभाग क्रमांक 15 सुहागी
नगर पालिक निगम जबलपुर

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 93 दिनांक 25/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि **श्रीमती अनीता बर्मन, पति- श्री मोहन लाल बर्मन** के द्वारा **वार्ड 73 भगवान परशुराम वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000551906 के पंजीकृत स्वामी श्री योगेश साहू, पिता- स्व. श्री शिवदन साहू, के नाम से दर्ज कैलाशधाम के पास निर्मित 800 व.फु., आवासीय जिसका वर्तमान भूमि खसरा नं. 239/5 का हिस्सा का प्लाट एरिया 1575 व.फु. पर निर्मित तल मंजिल 800 व.फु., **विक्रय/ क्रय** की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी ( राजस्व )
संभाग क्रमांक 15 सुहागी
नगर पालिक निगम जबलपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/2300/अ-6/2023-24
जबलपुर, दिनांक 25/09/2023

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राहुल शर्मा पिता/पति शकुनतला शर्मा निवासी एमआईजी 05 दमोहनाका जबलपुर के द्वारा मौजा करमेता नं.बं. .... प्लाट नं.... स्थित भूमि खसरा नं. 83, 84/1, 84/2, 85/1, 85/2, 86/1, 86/2 में से कुल रकवा 2.107 हे. में से 313 व.फु. भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता विनोद कुमार शर्मा पिता जगदीश प्रसाद शर्मा म.नं. एमआईजी 65 शिवनगर दमोहनाका जबलपुर से वसीयतनामा दिनांक 26/08/2022 से प्राप्त किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 16/10/2023 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।


जारी दिनांक-25/09/2023
पेशी दिनांक-16/10/2023

अतिरिक्त तहसीलदार, अधारताल, जबलपुर
र.नं. 1279

# अभिमत

*विपक्ष का इंडिया गठबंधन जोर पकड़ रहा है तो भाजपा के लिए सबसे आसान तरीका सांप्रदायिकता के मूल विषय पर वापस आना होगा। भाजपा में कई लोग ऐसा सोचते हैं कि जीत के लिए यह एक सुनिश्चित तरीका है और अगर यदि ऐसा कुछ है तो देश को एक भयानक चुनाव अभियान के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि व्यक्तिगत तौर पर उम्मीदवार प्रचार की स्वीकृत सीमा से आगे निकल जाते हैं और वे जगह-जगह से संसद में बिधूड़ी के कब्जे वाले स्थान पर दिखाई देते हैं।*

## वैचारिक गिरावट की ओर तेजी से दौड़ती भाजपा



जगदीश रत्तनानी

**संसद में बनाई गई स्थिति से बाहर निकलने का एक आसान तरीका है। भाजपा नेतृत्व माफी मांग सकता है, प्रधानमंत्री सहित उसके वरिष्ठ नेता दानिश अली से मिल सकते हैं और उन्हें तथा राष्ट्र को आश्वस्त कर सकते हैं कि ऐसा दोबारा नहीं होगा एवं अपमानित करने वाले को उचित सजा दी जाएगी। भाजपा में शामिल और पार्टी के समर्थक लोगों में से कितने लोग सोचते हैं कि ऐसा रास्ता संभव है, वांछनीय है और यहां तक कि भाजपा के लिए लाभदायक भी है?**

दक्षिण दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा बसपा सांसद कुंवर दानिश अली के खिलाफ कहे गए अपमानजनक और सांप्रदायिक अपशब्द ऐसी भाषा है जो सड़कों पर भी कही जाने योग्य नहीं है और जिसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिए, यह भाषा सत्ता पक्ष की ओर से संसद में बोली जा रही है। इस तरह की भाषा बहस के स्तर की गिरावट का प्रतिनिधित्व करती है। इस स्तर पर भाजपा प्रतिस्पर्धी सांप्रदायिकता और ध्यान आकर्षित करने की बीमारी में फंस गई है। इसके कुछ महत्वाकांक्षी सदस्य खतरनाक तरीकों से मंच हथियाने की कोशिश कर रहे हैं। बिधूड़ी के खिलाफ कड़ी और त्वरित कार्रवाई की कमी इस तरह के दुरुपयोग को वैध बनाती है। यह वास्तव में दूसरों को संदेश देती है कि इस कीचड़ में खेलना और 2024 के चुनावों की तैयारी के दौरान सांप्रदायिक घृणा के बढ़ते प्रसार में योगदान देना ठीक है। इसका हालिया उदाहरण भाजपा के एक अन्य सांसद का यह दावा है कि बिधूड़ी को उकसाया गया था। वह बयान भी इस मामले को और सांप्रदायिक बनाने का एक प्रयास है।

बिधूड़ी के अकथनीय और उग्र शब्द उस वक्त आए जब वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बचाव करते हुए दिखाई दिए। इसे सामान्य परिस्थितियों में और आदर्श रूप से प्रधानमंत्री के अपमान के रूप में देखा जाना चाहिए। आरोप का जवाब देने के अन्य तरीके भी हैं। विवाद उस समय शुरू हुआ जब प्रधानमंत्री ने चन्द्रमा मिशन का श्रेय इसरो को देने के बजाय इसका क्रेडिट खुद लिया।

अपशब्दों का प्रयोग कर आरोपों का खंडन करने से कोई फायदा नहीं होता है बल्कि इससे आरोप सही साबित होते हैं। आरोपों के गुण-दोषों की परवाह न करते हुए देखें तो ऐसी हरकतों से प्रधानमंत्री और पार्टी को नुकसान होता है और इससे नेतृत्व को शॉक लगना चाहिए। इसके अलावा बिधूड़ी ने अपनी असभ्यतापूर्ण हरकत से संसद के नए भवन में संसद के पहले सत्र को ही अपवित्र कर दिया जिसे भाजपा अपनी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में पेश कर रही थी। बिधूड़ी ने भाजपा की इस उपलब्धि का अपहरण कर लिया है। खुद प्रधानमंत्री ने संसद की नई इमारत को 'सिर्फ एक नई इमारत नहीं बल्कि एक नई शुरुआत का प्रतीक' कहा है। बिधूड़ी ने उस 'नई शुरुआत' को एक बहुत ही अशुभ अर्थ दे दिया। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम यानी महिला आरक्षण विधेयक से भी ध्यान हटा दिया जिसे प्रधानमंत्री ने एक ऐतिहासिक कानून तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाला कहा था। बिधूड़ी की टिप्पणी उन पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए। कारण बताओ नोटिस जारी होने के बाद रविवार रात तक बिधूड़ी पर कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है।

इसमें मुख्य बात भाजपा की नई प्रकृति और चरित्र ही होना चाहिए क्योंकि वह 2024 का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। भाजपा को पूरा भरोसा है कि वह सत्ता में वापसी करेगी परन्तु ऐसा नहीं है कि उसे राहुल गांधी की ओर से मिलने वाले 'सरप्राईज' को लेकर कोई चिंता नहीं होगी। विपक्ष की एकजुटता को भले ही कुछ लोग एकजुट उपस्थिति के बजाय एक पैचवर्क समाधान के रूप में खारिज कर रहे हों लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस एकजुटता ने भाजपा को चिंता में डाल दिया है। सत्ता-विरोधी एक मजबूत लहर भी चल रही है। इस लहर को सशक्त करने के लिए विपक्ष अपनी बात लोगों तक ले जा रहा है और जिसे सोशल मीडिया पर अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। विपक्ष अपनी ओर से इसमें भाजपा के पसंदीदा उद्योगपतियों (राहुल गांधी के शब्दों में 'एक एकाधिकारवादी मित्र') जिनका पार्टी नेतृत्व ने लगातार समर्थन किया है, के बारे में तथा सांप्रदायिकता पर गहन सामग्री उपलब्ध करा रहा है। इसमें भाजपा के अमीर समर्थक और जनविरोधी दृष्टिकोण, नोटबंदी से लेकर ईंधन और गैस सिलेंडर की ऊंची कीमतों से लेकर हाल ही में 100 रुपये प्रति किलो बिकने वाले टमाटर तक का स्पेक्ट्रम चलाया गया है।

इन परिस्थितियों में और विशेष रूप से जब ऐसी खबरें हैं कि विपक्ष का इंडिया गठबंधन जोर पकड़ रहा है तो भाजपा के लिए सबसे आसान तरीका सांप्रदायिकता के मूल विषय पर वापस आना होगा। भाजपा में कई लोग ऐसा सोचते हैं कि जीत के लिए यह एक सुनिश्चित तरीका है और अगर यदि ऐसा कुछ है तो देश को एक भयानक चुनाव अभियान के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि व्यक्तिगत तौर पर उम्मीदवार प्रचार की स्वीकृत सीमा से आगे निकल जाते हैं और वे जगह-जगह से संसद में बिधूड़ी के कब्जे वाले स्थान पर दिखाई देते हैं।

दानिश अली ने खुलेआम अपना दर्द व्यक्त किया कि जिस रात यह टिप्पणी की गई थी, उस रात वह सो नहीं सके। बिधूड़ी के इस घटिया भाषण की प्रकृति, भाजपा नेतृत्व की चुप्पी ठीक उसी तरह की है जैसे संसद के बाहर दुर्व्यवहार और हिंसा का चक्र चल रहा है। उत्पीड़ित लोग जो सवाल सड़कों पर पूछते हैं कि 'आम लोग न्याय के लिए कहां जाएंगे?' वह अब संसद तक पहुंच गया है। लोकसभा के एक सदस्य ने कहा है-'हम न्याय के लिए कहां जाएं?' इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह राष्ट्र के लिए एक भयानक गिरावट है।

इस गिरावट की जड़ में भाजपा का यह विश्वास है कि आक्रामक रूप से प्रहार करना बचाव का सबसे अच्छा तरीका है, यह कि हिंसा हमारे मिज़ाज़ में है और हिंसा का सामना दोगुनी हिंसा से किया जाना चाहिए, यह कि 'दूसरों' को नीचे रखा जाना चाहिए, यह कि नेतृत्व शब्द रूप, आकार और कार्रवाई में मर्दाना है। यह शक्ति और नियंत्रण की पुरानी भाषा है जो आज की दुनिया में समाप्त हो चुकी ताकत है। यह भाषा देश को कड़वाहट के कठोर और उजाड़ परिदृश्य के रूप में पेश करने का प्रतिनिधित्व करती है। हम एक ऐसे भारत का निर्माण कर रहे हैं जिसमें अनुग्रह, प्रेम और एकजुटता के विचार नहीं हैं। बुनियादी ढांचे, व्यवसाय या आधुनिकता के अन्य उपकरण चाहे कितने भी उन्नत क्यों न हों, इन विचारों के अभाव में भारत एक राष्ट्र के रूप में नहीं बढ़ सकता है। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा को चुनौती देने के लिए इनमें से कुछ विचार सामने आएंगे। कांग्रेस ने हाल के दिनों में अक्सर 'प्रेम' की भाषा की बात की है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस बार भाजपा का प्रचार अभियान अच्छी तरह से चिकना-चुपड़ा, और भी अधिक चालाकी भरा, शानदार तरीके से वित्त पोषित तथा उचित समय पर आएगा।

पिछले लगभग एक महीने से इस अभियान के नमूने सोशल मीडिया पर सामने आ रहे हैं। भाजपा के संदेशों के साथ देश पर एक तरह की 'कार्पेट बाम्बिंग' की उम्मीद करें। मीडिया के चुनिंदा वर्ग उसकी जेब में होंगे। भाजपा के धन-बल के समक्ष विपक्ष का कोई मुकाबला नहीं होगा। फिर भी भाजपा की जीत की कोई गारंटी नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने एक बार कहा था- 'भारत में आप पैसे के अभाव में चुनाव हार सकते हैं, लेकिन आप कभी भी सिर्फ इसलिए चुनाव नहीं जीत सकते क्योंकि आपके पास पैसा है!' हालांकि धन के अनवरत प्रवाह से भरी भाजपा के पास संसाधनों का एक बड़ा भंडार है और यह कमी अभी भी विपक्ष को नुकसान पहुंचाएगी। हम औपचारिक रूप से चुनाव प्रचार के बिगुल फूंके जाने का इंतजार कर रहे हैं।

संसद में बनाई गई स्थिति से बाहर निकलने का एक आसान तरीका है। भाजपा नेतृत्व माफी मांग सकता है, प्रधानमंत्री सहित उसके वरिष्ठ नेता दानिश अली से मिल सकते हैं और उन्हें तथा राष्ट्र को आश्वस्त कर सकते हैं कि ऐसा दोबारा नहीं होगा एवं अपमानित करने वाले को उचित सजा दी जाएगी। भाजपा में शामिल और पार्टी के समर्थक लोगों में से कितने लोग सोचते हैं कि ऐसा रास्ता संभव है, वांछनीय है और यहां तक कि भाजपा के लिए लाभदायक भी है? इस तरह यह एक ऐसे राष्ट्र के लक्षण हैं जो चंद्रमा तक पहुंचने के लिए सारी रुकावटों को तोड़ सकता है लेकिन यह लोगों के दिल और दिमाग में नई बाधाएं पैदा करता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)**

## बीता सप्ताह

**23 सितंबर**

- बीजू दल की वरिष्ठ नेता प्रमिला मलिक ओडिशा विधानसभा की पहली महिला स्पीकर बनीं।
- घरेलू वन डे सीरिज में भारत की टीम ने तीन मैचों में आस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया।
- सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में वेज्ञानिक सर्वेक्षण मांग वाली याचिका को खारिज कर दी।
- पोलैंड के राष्ट्रपति आंडेज डूडा ने ऐलान किया कि 2024 में अपना कार्यकाल समाप्त करने के बाद अब चुनाव नहीं लड़ेंगे।

**24 सितंबर**

- सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना में हुई मौतों का संज्ञान लेते हुए सरकार से पूछा कि आपदा में शवों को संभालते हैं।
- प्रसिद्ध साहित्यकार, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के बड़े सुपुत्र केदारनाथ सिंह का निधन हो गया।
- एक देश एक चुनाव की पहली बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने की।
- प्रधानमंत्री मोदी ने नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

**25 सितंबर**

- वैज्ञानिकों ने खोजा अनोखा ग्रह 'ग्लीज 267वीं' इस ग्रह पर धरती से ज्यादा शुद्धतम लोहा व दोगुना घनत्व है।
- चीनी शोधकर्ताओं ने नई बायोनिक कम कार्बन निर्माण सामग्री विकसित करने में सफलता हासिल की।
- बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस-2023 की शुरुआत की।
- भारतीय नाविकों ने झारखंड में दो रजत और एक कांस्य पदक जीता।

**26 सितंबर**

- चीन के हांगझोउ में एशियन गेम्स में शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल्स टीम स्पर्धा में भारत के ऐश्वयप्रताप सिंह, दिव्याश सिंह और रुद्राक्ष पाटिल ने देश का पहला स्वर्ण पदक जीता।
- गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में योगदान के लिए एन एम डी सी ने बेस्ट आर्गेनाइजेशन अवार्ड जीता।
- रक्षामंत्री सी-295 मालवाहक विमान वायुसेना के बेड़े में शामिल करते हुए एयर चीफ मार्शल को आर चौधरी को सौंपा।

**27 सितंबर**

- फिल्म जगत का सर्वोच्च सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री वहीदा रहमान का चयन किया गया है।
- देश की प्रतिष्ठित संस्था फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने प्रदेश के तीन पुलिस अधिकारियों को स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड-2022 प्रदान किया।
- एशियाई खेल में घुड़सवारी में 41 साल के बाद भारत की सुदीप्ति हतेला, दिव्याकृति सिंह, हृदय छेदा, और अनुज अग्रवाल ने स्वर्ण पदक जीता।
- दिल्ली के जंगपुरा के एक ज्वेलरी शो रूम से 25 करोड़ का सोना चोरी हो गया।
- छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पहली टेनिस अकादमी शुरु हुई।

**28 सितंबर**

- छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के सरोदा दादर गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार दिया गया।
- कनाडा के एंथनी रोटा ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी ईकाई के लिए लड़ने वाले एक व्यक्ति को निमंत्रण दिए जाने व सम्मानित किए जाने के कारण संसद के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।
- इराक के उत्तरी प्रांत निनेवेह के अल हसदानिया शहर के हॉल में विवाह समारोह के दौरान आग लग जाने से 114 लोगों की मृत्यु हो गई।
- फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंट रोमुअलडेज मार्कोस को बढ़ावा देने के लिए एक मास्टर प्लान कानून पर हस्ताक्षर किया।

**29 सितंबर**

- एशियन गेम्स हांगझोउ में भारत के सरबजीत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की तिकड़ी ने निशानेबाजी स्पर्धा में चौथा स्वर्ण पदक जीता।
- हरित क्रांति के जनक महान वैज्ञानिक डॉ एम एस स्वामीनाथन का निधन हो गया।
- नासा के एक फ्रेंक रुबियो और दो अंतरिक्ष रूसी यात्री स्पेस में 371 दिन बिताकर धरती पर सकुशल लौटे।
- कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने संसद में एक यूक्रेनी व्यक्ति को सम्मानित करने के लिए माफी मांगी।

## महिला आरक्षण विधेयक : शकुनि का पांसा

■ संध्या शैली

अंततः वोट कबाड़ने और सत्ता में बने रहने के लिये आखिरी पांसा भी फेंक दिया गया। 'मनुस्मति' को देश के संविधान से ऊपर मानने वाली, 'संविधान सभा' में हिंदू महिलाओं को अधिकार देने वाले 'हिंदू कोड बिल' के खिलाफ हंगामा करते हुये उसे पारित होने से रोकने वाली महिला विरोधी पलटन ने अंततः महिला आरक्षण के विधेयक को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के नाम से एक पांसे की तरह उछाल दिया है।

इस विधेयक के खिलाफ कोई नहीं है। महिलाओं को समानता की मांग करने वाला कभी उन्हें आरक्षण देने के खिलाफ हो भी नहीं सकता। इसकी नियमावली भी बाद में बनाई जा सकती है, लेकिन सवाल यह है कि इतने सालों तक सरकार में रही और संसद के अधिवेशनों में महिला विरोधी कदम उठाने वाली भाजपा को आज अचानक क्यों इस देश की महिलाओं के पक्ष में निर्णय लेने का ख्याल आ गया? इसीलिए न कि अब लोकसभा और कई बड़े राज्यों के चुनाव सिर पर हैं।

> **इस विधेयक के खिलाफ कोई नहीं है। महिलाओं को समानता की मांग करने वाला कभी उन्हें आरक्षण देने के खिलाफ हो भी नहीं सकता। इसकी नियमावली भी बाद में बनाई जा सकती है, लेकिन सवाल यह है कि इतने सालों तक सरकार में रही और संसद के अधिवेशनों में महिला विरोधी कदम उठाने वाली भाजपा को आज अचानक क्यों इस देश की महिलाओं के पक्ष में निर्णय लेने का ख्याल आ गया?**

कई महिला संगठन इस विधेयक को पारित करने और महिलाओं को विधायिकाओं में अधिकार देने की कई सालों से मांग कर रहे थे। दिल्ली और देश के कई शहरों, कस्बों और इलाकों में इसकी मांग करते हुये प्रदर्शन हुये, सेमीनार हुये, महिलाओं की बैठकें हुईं। कांग्रेस के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार भी कोई दूध की धुली नहीं थी, लेकिन उस वक्त जब यह विधेयक राज्यसभा में पारित हुआ था तब लोकसभा में इसे पारित करने में अड़ंगे लगाने वाली भाजपा अब क्यों इस विधेयक को पारित करने का दिखावा कर रही है?

वैसे किसी भी समाज या देश में बदलाव तभी होते हैं जब आम जनता उनके पक्ष में आवाज बुलंद करती है। देश के प्रगतिशील महिला आंदोलनों का ही परिणाम था कि प्रजातांत्रिक परंपराओं और धर्मनिपेक्षता की रक्षा करने के लिये संविधान में संशोधन होते रहे और कानून बनते रहे। 'राष्ट्रीय महिला आयोग' बना और हर राज्य में भी 'महिला आयोग' बने। देश में कामगार महिलाओं की दशा पर सरकार द्वारा एक अध्ययन करवाया गया और महिलाओं के पक्ष में कानून बनाने की कोशिश की गई।

दहेज हिंसा को परिभाषित करते हुये 498 ए जैसा कानून बना, देश में घरेलू हिंसा को रोकने के लिये अलग कानून बनाया गया, कार्यस्थल पर यौन हिंसा के खिलाफ कानून बना, यौन हिंसा की परिभाषा विस्तृत की गई, पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के बाद उन्हें प्रशिक्षित किया गया और अब कई पंचायतों में महिलायें आधे से भी अधिक चुनी गई हैं।

माना कि इन तमाम कानूनों में कई खामियां हैं, लेकिन इन खामियों को दूर करने के लिये आवाज उठाई जा रही है। कुल मिलाकर आज नहीं तो कल महिला आरक्षण विधेयक पारित होना ही था। जो भाजपा हर साल हजारों महिलाओं की जान लेने वाले दहेज अपराध को रोकने के लिये बने 498 ए कानून को कमजोर करने में लगी हो, वह कैसे इस कानून को बनायेगी और महिलाओं को विधायिकाओं में पहुंचने का रास्ता साफ करेगी।

लोकसभा में पारित इस विधेयक और पूर्व में पारित विधेयकों में अंतर यही है कि पहले के विधेयक पारित होते ही लागू हुये थे, लेकिन इस ताजा कानून में पहले से ही 2029 तक की समय-सीमा लगा दी गयी है। यानि दो चुनावों को निपटाने के बाद। अब यह भी कहा जा रहा है कि परिसीमन और जनगणना, विधानसभा और संसदीय क्षेत्रों को तय करने के बाद यह कानून कार्यान्वित किया जायेगा। जनगणना कब होगी?

वर्ष 2021 की जनगणना कोरोना का कारण बताकर टाल दी गई, लेकिन घोषणा करने के बावजूद 2023 के खत्म होने तक उसकी प्रक्रिया भी शुरू नहीं की गई है। तो फिर यह आशा कैसे की जा सकती है कि अगली 2031 में होने वाली जनगणना के आंकड़े समय पर प्रकाशित होकर इस विधेयक के क्रियान्वयन की शर्तों को पूरा कर देंगे? उसके बाद होने वाले परिसीमन के पहले तो इस विधेयक का क्रियान्वयन होने से रहा।

दूसरी बात यह है कि जिस सत्तारूढ़ पार्टी के मंत्री, सांसद, विधायकों पर बलात्कार, छेड़छाड़, अपहरण, हत्या के आरोप हों उससे क्या इस देश की महिलायें अपेक्षा कर सकती हैं कि इस विधेयक का क्रियान्वयन करेगी? क्या यह विडंबना नहीं है कि महिला पहलवानों का यौन शोषण करने वाला सांसद बृजभूषण सिंह 'महिला आरक्षण विधेयक' के पक्ष में हाथ उठाता है? महिला कोच को, जिसने भाजपा की हरियाणा सरकार के खेल मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ शिकायत की थी, निलंबित कर देते हैं?

गुजरात में बिल्किस बानो की तीन साल की बच्ची की हत्या करने वालों और बिल्किस की छोटी बहन और मां सहित 11 महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार करने वाले अपराधियों को जेल में अच्छे व्यवहार का सर्टिफिकिट देकर जेल से रिहा करने की सिफारिश करती है? और जेल से रिहा होने के बाद उन बलात्कारियों का सार्वजनिक सम्मान करती है?

जिस सत्ताधारी पार्टी के नेता, विधायक, यहां तक कि महिला सांसद तक कठुआ में हुये घृणित बलात्कार और हत्या तक के प्रकरणों में आरोपी ही नहीं, वरन अपराधियों के समर्थन में जुलूस निकालते हैं, उन्नाव के घृणित बलात्कार और हत्या के प्रकरण में तो भाजपा विधायक कुलदीप सैंगर आरोपी ही नहीं, अपराधी भी साबित हो जाता है, लेकिन आज तक इन तमाम नेताओं को पार्टी से निलंबित नहीं किया जाता। इतना ही नहीं ये नेता उन मासूमों और उनके परिजनों को ही घृणित घटनाओं के लिये जिम्मेदार बता देते हैं।

मध्यप्रदेश में लगातार हुईं घटनायें इसी का सबूत देती हैं। अभी हाल में उज्जैन में 12 साल की बच्ची के साथ हुआ लोमहर्षक कांड मौजूदा सरकार पर शर्मनाक धब्बा है। सागर के पास के गांव में एक युवती और उसकी मां के साथ हुई घटना इसका सबूत हैं कि स्थानीय हत्यारे दबंग नेता और मंत्री इसके लिये युवती और उसकी मां को चरित्रहीन और भाई, जिसकी हत्या कर दी गई, को चोर बता रहे हैं।

दरअसल इतिहास बताता है कि सत्तारूढ़ भाजपा और उसके मातृ संगठन आरएसएस का इस देश की महिलाओं के आंदोलनों में योगदान और देश की रवायत से कोई संबंध ही नहीं रहा है। जिन महिलाओं और देश के लोकतंत्र तथा समता के समर्थक दलों और संगठनों ने इस मुद्दे को लेकर अब तक लड़ाई लड़ी है, उन्हें ही इसे वास्तविक बनाने की लड़ाई भी लड़नी और जीतनी होगी।

*(लेखिका 'अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति' की केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य और 'लोकजतन' की सह-सम्पादक हैं।)*

## 'गांधी की महिला फौज' : एक रोचक किताब?

■ रघुराज सिंह

महिला आरक्षण पर चहुंदिस जारी कीर्तन के विलक्षण दौर में, हाल ही में 'नेशनल बुक ट्रस्ट' से एक बहुत ही अलग ढंग की किताब छपी है, नाम है- 'गांधी की महिला फौज।' महीना-डेढ़ महीना पहले छपी इस किताब को लिखा है, वरिष्ठ पत्रकार अरविन्द मोहन ने। जाने क्यों यह किताब अब तक बाजार में नहीं मिल रही?

पिछले साल अक्टूबर में अरविन्द मोहन को इसी विषय पर सुनते हुए लगा था कि यह महिलाओं और गांधी पर, महिलाओं के सशक्तिकरण की दृष्टि से एक अलहदा व्याख्यान है। व्याख्यान इसी पुस्तक पर आधारित था। किताब अगर व्यापक नजरिए से परखी जाए तो यह गांधी के दौर वाले भारत में औरतों के बदलाव का एक विस्तृत दस्तावेज है।

औरतों में यह परिवर्तन सिर्फ गांधी के कारण ही नहीं आया। इस परिवर्तन को लाने में उस माहौल और उस पर्यावरण की खासी भूमिका रही, जो गांधी ने राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और कुरीतियों के विरोध में बनाया था। इस बदलाव को लाने में उन महिलाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही जो गांधी के असर में आकर समाजसेवा के विभिन्न दायरों में फैली थीं।

अरविन्द मोहन ने अपनी किताब में एक विस्तृत भूमिका के साथ, गांधी विचार को अभ्यास में लाने वाली 74 महिलाओं के जीवन के उन पहलुओं को दर्ज किया है जिनके बारे में लोगों की जानकारी बहुत कम है। ये अमीर भी हैं, गरीब भी और वे भी जिनका देश भर में ऊंचा रसूख रहा है। वे विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों, जातियों और वर्गों की हैं। उनमें विदेशी भी हैं जिनमें से ज्यादातर ने अपने हिन्दुस्तानी नाम रख लिए थे और गांधी के साथ हमकदम हुईं थीं। उन्होंने अपना घर-परिवार छोड़ा और गांधी के विभिन्न आन्दोलनों से जुड़ीं।

> **औरतों में यह परिवर्तन सिर्फ गांधी के कारण ही नहीं आया। इस परिवर्तन को लाने में उस माहौल और उस पर्यावरण की खासी भूमिका रही, जो गांधी ने राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और कुरीतियों के विरोध में बनाया था। इस बदलाव को लाने में उन महिलाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही जो गांधी के असर में आकर समाजसेवा के विभिन्न दायरों में फैली थीं।**

आन्दोलन चाहे देश को आजाद कराने का रहा हो, सत्याग्रहों में आवक-जावक का या फिर सबसे नीचे के तबके की सेवा करने का। इनमें बहुतेरी महिलाएं गांधी विचार की आँच में तपकर खांटी राजनीतिज्ञ भी बनीं। उनके बारे में पढ़कर मालूम होता है कि गांधी-युग की कैसी और कौन-सी दुनिया थी, जब न तो महिला शिक्षा का प्रसार था और न ही तथाकथित आधुनिकता का प्रभाव। इनमें से ज्यादातर वे थीं जो परदे और घर की दहलीज के बाहर पहली बार निकलीं थीं।

किताब बताती है कि भारत लौटने के कुल 15 साल बाद गांधी ने वर्ष 1930 में जब 'नमक सत्याग्रह' शुरू किया, तब तमाम पाबंदियों के बावजूद बीस हजार से ज्यादा औरतों ने गिरफ्तारियां दी थीं। आज तक दुनिया भर में किसी क्रांति, किसी आन्दोलन में इतनी औरतें जेल नहीं गईं। औरतों को मताधिकार की वकालत गांधी तब करते हैं, जब दुनिया में इसकी चर्चा लगभग नहीं थी। परदे से निकलना या धरने पर जाकर चुपचाप बैठ जाना कोई क्रांतिकारी काम है, यह कल्पना गांधी ही कर सकते थे।

इस किताब में शामिल महिलाओं के बारे में लिखने के पहले अरविन्द मोहन गहरी खोजबीन करते हैं। वे कुछ और महिलाओं को लेकर भी लिखना चाहते थे, लेकिन उनके विषय में प्रामाणिक जानकारी का अभाव था। आन्दोलनों में जिस स्तर पर महिलाओं की भागीदारी रही उसमें 74 की संख्या एक प्रतिनिधि आंकड़ा ही कहा जाएगा।

किताब में जिन महिलाओं का जिक्र है, वह उनसे संबंधित आश्चर्यजनक जानकारियों से भरपूर है। सबसे पहले जिक्र ब्रिटिश मूल की नेल्ली सेनगुप्ता का, जिनके बारे में आज शायद ही कोई जानता हो। वे अपने बांग्ला मित्र से शादी कर इंग्लेंड से भारत आईं और जल्दी ही गांधी के प्रभाव में आकर खुद अपनी पितृभूमि के खिलाफ आन्दोलन में शामिल हो गईं और बार-बार जेल गईं।

वर्ष 1934 के कलकत्ता कांग्रेस-अधिवेशन के नामित अध्यक्ष मदनमोहन मालवीय को अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ अंग्रेज सरकार ने गिरफ्तार कर लिया था। उस समय गांधी ने, जो स्वयं जेल में थे, नेल्ली सेनगुप्ता को कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया। इस विदेशी मूल की महिला ने सारी चुनौतियों का सामना करते हुए हजारों लोगों को जुटाकर अधिवेशन करा दिया। वे खुद अपना अध्यक्षीय भाषण नहीं कर सकीं, लेकिन कांग्रेस की तीसरी महिला अध्यक्ष होने के नाते अंग्रेजों को आन्दोलन की ताकत का अहसास करा दिया। आजादी के बाद उन्होंने अपना जीवन पूर्वी बंगाल (आज का बांग्लादेश) में रचनात्मक सक्रियता में बिताया।

गांधी के रचनात्मक आन्दोलनों से आजीवन जुड़ी रहीं दूसरी महिला थीं, कैथरीन मेरी हेईलमन जिन्हें गांधी ने ही सरला बहन नाम दिया था। ब्रिटेन में पढ़ाई के दौरान गांधी के अहिंसक संघर्ष का विचार उनको आकर्षित करने लगा। बहुत मुश्किलों के बाद गांधी ने उन्हें आश्रम में रहने की अनुमति दी। वे यहां रहकर पूरी तरह भारतीय रंग में ढल गईं और 1941 तक आश्रम में रहीं। बाद में गांधी ने उन्हें कुमाऊं भेजा, जहां उन्होंने श्रमशील, अशिक्षित महिलाओं के बीच लम्बे समय तक काम किया। सरला बहन ने शराबबंदी, खादी, प्राकृतिक खेती और जंगल की रखवाली जैसे कामों से वहां की महिलाओं को जोड़ा। बाद में ये ही महिलाएं विख्यात 'चिपको आंदोलन' की योद्धा बनीं। उन्होंने हिन्दी में बाईस किताबें भी लिखीं।

ऐसी ही एक और शख्सियत थीं, मार्गरेट कजिंस, जिन्होंने गांधी के रचनात्मक कामों और जीवन शैली को अपनाया और महिलाओं की जागृति, शिक्षा, महिला अधिकार और राष्ट्रीय आन्दोलन में योगदान दिया, जेल गईं। उनका अन्तिम संस्कार हिन्दू रीति से हुआ। उनके साथ ही सोंजा श्लेशिन, मार्जरी साइक्स, एश्थर फेयरिंग, मुरियल लिस्टर और मेडलीन स्लेड (मीरा बहन) भी हैं जिन्होंने गांधी के साथ जुड़कर विभिन्न राजनीतिक और रचनात्मक कामों में उनका साथ दिया।

ऊंची शिक्षा और अति प्रभावशाली खानदानों से निकलीं और गांधी से चमत्कृत होकर सारी सुख सुविधाएं छोड़कर आन्दोलनों और सत्याग्रहों में गहरे तक समा गईं कई महिलाएं बहुत से गांधीवादियों से आगे निकल गईं। इनमें पहला नाम है, डॉ. सुशीला नैयर का, जो आज के पाकिस्तान में जन्मीं। दिल्ली के मशहूर 'लेडी हार्डिंग कालेज' से डाक्टरी पढ़कर 1939 में जब वे 'सेवाग्राम' पहुंचीं, तब वहां भयंकर हैजा फैला था। वे इलाज और राहत के काम में जुट गईं। गांधी जी उनकी कम उम्र और सेवा के प्रति निष्ठा से बहुत प्रभावित हुए। डॉ. विधान चन्द्र राय की सलाह पर उन्होंने सुशीला नैयर को अपना निजी डाक्टर ही बना लिया।

सन् 42 के आन्दोलन में सुशीला भी बा और बापू के साथ जेल गईं। महादेव भाई और बा की मृत्यु इसी जेल प्रवास में हुई। इस दौर की डायरी उन्होंने रोज लिखी, गांधी जी ने इसे उपयुक्त माना। उनकी यह डायरी उस वक्त का सबसे भरोसेमंद इतिहास बताती है। 'सेवाग्राम आश्रम' में उन्होंने पहले 'कस्तूरबा अस्पताल' खोला, जो बाद में देश का विख्यात मेडीकल कालेज बना। गांधी के ब्रह्मचर्य के प्रयोग में साझीदार होने की पहली सार्वजनिक स्वीकृति उनकी ही थी। वे बाद में भारत की स्वास्थ्य मंत्री भी रहीं।

ऐसी ही एक दूसरी महिला राजकुमारी अमृत कौर थीं। नाम के अनुरूप वे कपूरथला राजघराने की राजकुमारी थीं जो परिवार के विरोध के बावजूद 'सेवाग्राम' आईं थीं। वे गांधी की निज सहायक भी रहीं। वे आक्सफोर्ड से पढ़ी-लिखी थीं। उन्होंने गांधी से प्रेरणा लेकर परदा-प्रथा का विरोध, देवदासी समाज के कल्याण और बाल-विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ व्यवस्थित काम किया। बाद में वे 'संविधान सभा' की सदस्य रहीं और आजाद भारत की पहली स्वास्थ्य मंत्री भी। दिल्ली में 'ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस' (एम्स) बनाने की पहल उन्हीं की थी। उन्होंने कई और स्वास्थ्य संस्थान भी बनाने में योगदान दिया। वे ईसाई थीं, लेकिन उनका अन्तिम संस्कार सिख रीति से हुआ।

गांधी के यहां सभी की जगह थी। आर्यसमाजी स्वामी श्रद्धानन्द की पोती सत्यवती, उडीसा के मुख्यमंत्री की पत्नी मालती चौधरी, केरल की अक्कम्मा चेरियन और अम्मू स्वामीनाथन, गांधी की गोद ली बेटी लक्ष्मी, दादा भाई नौरोजी परिवार की चार लड़कियां, गांधी से जूझने वाली बीबी अमतुस्सलाम, जयप्रकाश नारायण की पत्नी प्रभावती, रेहाना तैयबजी, दोस्तों जैसी सरोजनी नायडू, अम्मा जैसी हैसियत वाली आब्दी बानो, 'स्वदेशी आन्दोलन' को आगे बढ़ाने वाली कम पढ़ी-लिखी गंगा बहन सभी गांधी के विशाल परिवार का अन्त तक हिस्सा बनी रहीं। महादेवी वर्मा, सुभद्राकुमारी चौहान, एमएस सुब्बुलक्ष्मी और कमलादेवी चट्टोपाध्याय जैसी साहित्यकार और कलाकार भी गांधी की टोली में रहीं। अरूणा आसफअली, सुभद्रा जोशी, सुचेता कृपलानी जैसी महिलाएं भी गांधी की फौज में थीं, बाद में जिन्होंने देश की राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाई।

अरविन्द मोहन के मुताबिक यह बदलाव अकेले गांधी ने नहीं किया। उनकी सही और संतुलित सोच, अच्छी रणनीति और कई बार औरतों के लिए विशेष अवसर देने का अपना महत्व है, लेकिन असल में यह काम तब सचेत हुई लड़कियों, गांधी और गांधीवादी नेताओं के सम्पर्क में आई महिलाओं ने किया। गांधी के आने और नेतृत्व तक पहुंचने के बाद जिस तरह महिलाएं सामने आईं और हर क्षेत्र में सक्रिय हुईं वह अपने आप में मिसाल है, लेकिन यह किताब गांधी के 'जादू' पर नहीं है। यह उनके प्रभाव से सामने आई हजारों बहादुर महिलाओं में से कुछ की कहानी पर है। इन्होंने सिर्फ अपना रूपया-पैसा और गहना ही समर्पित नहीं किया, गांधी और मुल्क पर अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

**(लेखक लंबे समय तक मध्यप्रदेश के जनसंपर्क विभाग में वरिष्ठ पद पर रहे हैं।)**

# विकास किया है - विकास करेंगे



## ₹7500 करोड़
लागत की
## इंदौर मेट्रो का
## ट्रायल रन फ्लेग ऑफ
गांधी नगर, इंदौर । सायं 4:00 बजे

## बायोटेक्नोलॉजी पार्क
## का भूमिपूजन
जावद, जिला नीमच । दोपहर 2:20 बजे

## भादवा माता लोक
## का भूमिपूजन
नीमच । दोपहर 12:30 बजे

मुख्यमंत्री
## शिवराज सिंह चौहान
द्वारा
**30 सितम्बर, 2023**

**मुख्यमंत्री के कर-कमलों द्वारा 29 सितम्बर, 2023 को**
**₹ 7042 करोड़ के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण व शिलान्यास**

**₹3517 करोड़ लागत की मोरंड गंजाल सिंचाई परियोजना का शिलान्यास**
हरदा, नर्मदापुरम, खण्डवा जिले के 73 हजार किसानों को सिंचाई सुविधा

**₹1385 करोड़ लागत की झिरन्या माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का शिलान्यास**
खण्डवा एवं खरगोन जिले के 40 हजार हेक्टेयर में सिंचाई

**₹905 करोड़ लागत की अलीराजपुर उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण**
86 हजार किसानों के 35 हजार हेक्टेयर खेतों को मिलेगी सिंचाई

**₹720 करोड़ लागत की ईलाप सिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का शिलान्यास**
हरदा जिले के 118 गांवों में होगी सिंचाई

**₹ 515 करोड़ लागत की विस्टान उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण**
खरगोन जिले के 22 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई

सीधा प्रसारण | Webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11126/23 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

## गरबा में मिलेगा गॉर्जियस लुक, स्किन केयर ट्रीटमेंट में बीत रहा दिन

**जबलपुर, देशबन्धु।** दस दिवसीय प्रथम आराध्य देव गणेश महोत्सव के समापन के बाद अब लोगों को नारी की शक्ति का पूजा आराधना का महापर्व नवरात्रि का बेसब्री से इंतजार है। मां जगत जननी की आराधना को अतुर लोगों में नवरात्र महोत्सव को लेकर संस्कारधानी में चारों ओर उत्साह और उमंग के बादल छाए हुए है।

नवरात्र के शुभ अवसर पर शहर भर में गरबा उत्सव से जुड़े अनेक आयोजन होते हैं। जिनमें संस्कारधानी के मातारानी के भक्त बड़ी संख्या में गरबा महोत्सव में पहुंचकर गरबा का आनंद उठाते है।

गरबा उत्सव में सबसे अलग दिखने की चाह में में सिटी गर्ल्स और लेडीजों के



बीच ग्रूमिंग सेशन का दौर चल रहा है। महिलाएं और लड़कियां इसलिए स्किन केयर को लेकर अधिक टाइम दे रहीं है, वहीं पारलर्स ट्रीटमेंट पर भी

### पारलर्स में ये ट्रीटमेंट हो रहे

- फेशियल
- हाइड्रा फेशियल
- टैन रिमूविंग ट्रीटमेंट
- नेल एक्सटेंशन
- हेयर स्ट्रेटनिंग
- हेयर हाइलाइटिंग
- पिगमेंटेशन ट्रीटमेंट

ध्यान दे रहीं हैं। सिटी गर्ल्स और लेडीज का कहना है, कि उन्हें हर साल बेसब्री से गरबा महोत्सव का इंतजार रहता है। अब संस्कारधानी की लड़कियां और महिलाएं नवरात्र महोत्सव के लिए बचे हुए दिनों में वे खुद को संवार रहीं हैं।

**पारलर्स दे रहे स्पेशल पैकेज**-शहर में चला रहे पारलर्स संचालक नगर में गरबा



के प्रति बढ़ रही लोगों की दिवानगी को देखते हुए महिलाओं और लड़कियों के लिए पारलर्स में स्पेशल पैकेज चला रहे हैं। जिसमें मेकअप के साथ-साथ प्री ट्रीटमेंट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। पारुल वर्मा ने बताया कि वह हर साल शहर में होने वाले अलग-अलग गरबा महोत्सव का हिस्सा बनती हैं। प्रैक्टिस के पहले ही खुद को ग्रूम करने के लिए तरह-तरह के ट्रीटमेंट करवा रहीं हैं। इसमें स्किन ब्राइटिंग ट्रीटमेंट करवा रहीं हैं।

**टैनिंग रिमूविंग ट्रीटमेंट**- सिटी गर्ल्स और लेडीजों ने बताया कि बीते दिनों धूप और उमस से स्किन जहां डिडाइड्रेड हुई है, वहीं टैनिंग की समस्या आम हुई है। इससे निजात पाने के लिए गरबा के पहले टैनिंग रिमूविंग ट्रीटमेंट ज्यादातर गर्ल्स करवा रहीं हैं, जिससे गरबा ड्रेस में वे सेंटर ऑफ अट्रैक्शन नजर आएं।

## वूमन डॉक्टर विंग : तनाव से बढ़ रही दिल की बीमारी



**जबलपुर, देशबन्धु।** दिल को स्वस्थ्य रखना है तो उचित खानपान और व्यायाम पर फोकस करना होगा। व्यविस्थत जीवन शैली और संतुलित भोजन अपना कर दिल की बीमारियों से बचा सकता है। विश्व हृदय दिवस के मौके पर वुमन डॉक्टर्स विंग के तत्वावधान में पर यूज हार्ट नो हार्ट थीम पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. नीना श्रीवास्तव, सचिव डॉ. कावेरी शा, डॉ. पुष्पराज पटेल, डॉ. अनिमेष गुप्ता, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. हर्ष रेड्डी ने बताया कि महिलाओं में तनाव, डायबिटीज और मोटापे के कारण हार्ट डिसीज बढ़ रही है।

## पर्यावरण संरक्षण की ओर बेहतर कदम : डा. महोबिया



**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय साइंस कॉलेज में ग्रीन लाइब्रेरी अभियान की शुरुआत की गई। इसी कड़ी में लाइब्रेरी परिसर में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया ने उदबोधन देते हुए कहा कि ग्रंथालय को ग्रीन थीम पर तैयार करना पर्यावरण संरक्षण की ओर बेहतर कदम उठाने जैसा होगा। इस मौके पर ग्रंथपाल डॉ. चेतना राणा अग्निहोत्री, डॉ. शिखा सक्सेना, डॉ. जया वाजपेयी, डॉ. शशि कुररिया, डॉ. राजश्री कपूर, डॉ. उषा मसराम, डॉ. संकल्प जोगी का विशेष सहयोग रहा।

## डेढ़ किमी लगाई दौड़, 20 मिनट किया मार्च

**जबलपुर, देशबन्धु।** दिल्ली के कर्तव्यपथ पर इस बार बेटियां परेड संचालन और कमांड देंगी। देशभर से जहां कर्तव्यपथ के लिए चयन प्रक्रिया चल रही हैं, वहीं शहर में शुक्रवार को शासकीय साइंस कॉलेज के ग्राउंड में जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इस चयन प्रक्रिया में जबलपुर जिले से 80 छात्राओं ने सहभागिता की। इसमें 30 छात्राओं का चयन कर विवि स्तर के लिए भेजा गया। इस प्रक्रिया में 8 जिले से स्वयंसेवक शामिल होंगे। प्रक्रिया शनिवार को रादुविवि ग्राउंड में सुबह 9.30 बजे से आरंभ होगी।

**तीन चरणों में सम्पन्न हुई प्रक्रिया**-कार्यक्रम में तीन चरण हुए। प्रथम चरण में प्रतिभागियों का पंजीयन कर उनकी ऊंचाई और वजन कराया गया। द्वितीय चरण में दौड़, मार्चपास्ट और परेड का परीक्षण किया गया। तृतीय चरण में सांस्कृतिक गतिविधियों का जायजा लिया गया। अतिथि की भूमिका रादुविवि कुलपति प्रो. केडी मिश्र, अतिरिक्त संचालक प्रो. संतोष जाटव, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अशोक मराठे, प्राचार्य डॉ. एसी तिवारी, डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, जिला संगठक डॉ. आनंद सिंह राणा ने निभाई। इस मौके पर डॉ. देवांशु गौतम, डॉ. ज़रीना जॉन चौधरी खास तौर पर उपस्थित रहे।

## सीमेनशिप का मिला प्रशिक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपी नेवल यूनिट के एनसीसी कैम्प का आयोजन एकलव्य स्कूल में किया जा रहा है। कैम्प में जबलपुर के साथ भोपाल, ग्वालियर, रायपुर से 72 कैडेट्स शामिल हुए हैं। कैडेट्स को फायरिंग, बोट पुलिंग, बोट रिगिंग, सर्विस सब्जेक्ट, शिप मॉडलिंग गतिविधियां सिखाई गईं। इस मौके पर कैम्प में कमांडेंट ले. कमाण्डर मयंक पुरी, डिप्टी कैम्प कमांडेंट ले. कमाण्डर पी. आयुषी, कैप्टन शिव शंकर सिंह, ले. कमाण्डर श्रीकांत गर्ग, कैम्प एडजुटेंट सब ले. डॉ. जय रजक, पेटी ऑफिसर एम काली प्रसाद, आरवी रमन्ना मौजूद थे।

### 2 अक्टूबर को सुनाई जाएगी गांधी कथा

**जबलपुर, देशबन्धु।** विवेचना संस्था के तत्वावधान में 2 अक्टूबर को गांधी कथा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में यूपी से शिवदत्त मिश्र गांधी कथा सुनाएंगे। उन्होंने देशभर में घूम-घूम कर गांधी कथा सुनाई है। शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में कार्यक्रम शाम 6 बजे आयोजित किया गया है।

### नाटक मंचन

**जबलपुर, देशबन्धु।** नृत्याजंलि कथक केन्द्र के तत्वावधान में शनिवार शाम 6.30 बजे से राज्य विज्ञान शिक्षण संस्थान में तिरिच नाटक का मंचन किया जाएगा।

### गूंजेंग लता के गीत

जबलपुर, देशबन्धु। संगीत सरिता और शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में लता के गीत कार्यक्रम शनिवार शाम 7 बजे से शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में आयोजित होगा।

### संगीत संध्या

जबलपुर, देशबन्धु। अंतस संस्था के तत्वावधान में कभी भूला कभी याद किया थीम पर संगीत संध्या का आयोजन 7 अक्टूबर को शाम 6.30 बजे रानी दुर्गावती कला वीथिका में किया जाएगा।

### ग्रेंड महारास गरबा

जबलपुर, देशबन्धु। एमओजे क्लब के तत्वावधान में 27 अक्टूबर को तिलवारा स्थित होटल में शाम 4 बजे से ग्रेंड महरास का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में एक्टर जैनिवर मिस्त्री बंसीवास मुख्य अतिथि होंगी।

## गणेश पूजन कर महाआरती के साथ भगवान का विसर्जन



**जबलपुर, देशबन्धु।** संपूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार धूमधाम से गणेश विसर्जन भगवान परशुराम जी की महा आरती समाज के कुल श्रेष्ठ साधु संतों के द्वारा वृंदावन से पधारे संत हरिदास जी संत रामानंद द्वारा महा आरती व विशेष, पूजन किया गया।

इस अवसर पर मंच की प्रवक्ता धनंजय बाजपेई ने बताया संपूर्ण सर्व समाज भगवान परशुराम जी की आरती में लगातार शामिल होकर संस्कारधानी का गौरव बढ़ा रहे हैं, विगत 7 वर्षों से भगवान की महाआरती गुरुवार के दिन प्रारंभ की गई थी जो निरंतर समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए आज भी जारी है समाज सेवा का जो संकल्प हमारे वरिष्टों ने लिया है ,निशुल्क उपनयन संस्कार, निशुल्क परिचय सम्मेलन कन्या पूजन नर्मदा परिक्रमा वासियों की सेवा अनिवार्यता , जारी रहेगी ,संपूर्ण ब्राह्मण मंच के सदस्यों की संख्या निरंतर बढ़ रही है।

आज की पूजान में उपस्थित पंडित धनंजय बाजपेई राजकुमार दुबे प्रकाश साहू अनीता अहिरवार केतकी वर्मन नर्मदा परिक्रमा वशी एवं संत उपस्थित थे प्रति गुरुवार की भांति कन्या पूजन नर्मदा परिक्रमा वासियों का आशीर्वाद के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ

## नर्मदा पंचकोशी स्वर्ण कलश की 108 परिक्रमा हुई

**जबलपुर, देशबन्धु।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा में चतुर्मास विश्राम में भादो पूर्णिमा के अवसर परआश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद दास जी महाराज के सानिध्य में नर्मदा स्वर्ण कलश लड्डू गोपाल तुलसी मैया राधा रानी की एक साथ 108 परिक्रमा संकीर्तन के साथ की गयी पितृपक्ष मैं पूर्वजों को याद उनकी तिथि में



भोजन करना पुण्य फल लाभदायक होता है।

इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष डॉक्टर शिव शंकर पटेल संकीर्तनचार्य मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल दुर्गा पटेल सत्य प्रकाश नामदेव सह सनकीर्तनचार्य सुरेश विश्वकर्मा जगदीश तिवारी मोहित तिवारी आदि ने की है।

### 27 नवंबर को नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा महाकुंभ

27 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा वृहत रूप से निकाली जाएगी।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 30 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। आश्विन कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा, नक्षत्र-रेवती।**

**मेष**
आपका आज का दिन सामाजिक प्रवृत्तियों और मित्रों के साथ दौड़-धूप में व्यतीत होगा। इसके पीछे धन खर्च भी होगा। फिर भी सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**वृषभ**
आज आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे। नौकरीपेशा वालों के लिए आज का दिन शुभ है। उन्हें आय वृद्धि या पदोन्नति का समाचार मिलेगा।

**मिथुन**
- प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा।-ख होगा।

**कर्क**
मन का नकारात्मक व्यवहार आपको हताश करेगा। बाहर का खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। क्रोध को नियंत्रण में रखें।

**सिंह**
पति-पत्नी के बीच मामूली कारणों से विवाद उत्पन्न होने से मनमुटाव होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सांसारिक विषयों के बारे में उदासीन रहेंगे।

**कन्या**
शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। घर में सुख- शांति का माहौल रहने से प्रसन्नता अनुभव होगा। आर्थिक लाभ और काम में सफलता मिलेगी।

क. 370

**तुला**
आज आप कल्पना और सृजनशक्ति का उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति होगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात रोमांचक रहेगी।

**वृश्चिक**
आज के दिन आप शारीरिक और मानसिक रूप से भय अनुभव करेंगे। किसी न किसी बात की चिंता आपको परेशान करेगी।

**धनु**
गूढ़ रहस्यमय विद्याएं और आध्यात्मिकता का प्रभाव आप पर विशेष रहेगा। आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। भाई- बहनों के साथ मेल- जोल रहेगा।

**मकर**
संयमित वाणी आपको बहुत-सी मुसीबतों से बचा लेगी। सोच-विचार कर बोलें। परिजनों के साथ गलतफहमी पैदा होने से मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव होगा।

**कुंभ**
शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थता के साथ दिन ताजगीपूर्ण होगा। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायी रहेगा।

**मीन**
आज आपके मन में एकाग्रता का अनुभव होगा। परिणाम स्वरूप मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। धार्मिक कामों के पीछे खर्च होगा।

मा. 238-300

## भाजपा पदाधिकारियों ने किया नर्मदा पूजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव हेतु जबलपुर संभागीय प्रमुख ,भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव, कर्नाटक से पूर्व मंत्री सिटी रवि के साथ में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व जबलपुर नगर चुनाव के प्रभारी वाराणसी साउथ विधायक नीलकंठ तिवारी के साथ नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल के निवास स्थान पर पहुंचकर मां नर्मदा का पूजन किया साथ में विधानसभा चुनाव के संबंध में एवं संगठनात्मक चर्चा हुई । इस अवसर पर अखिलेश दीक्षित, राजेंद्र चौधरी, आर पी यादव, विनय उपाध्याय , बाबा दुबे आदि उपस्थित थे ।





## पितरों का आवाहन कर किया जल अर्पित

**जबलपुर, देशबन्धु।** नर्मदा तट पर मुंडन, पूजन-अर्चन के साथ तर्पण का सिलसिला चालू हो गया है। लोग अपने पूर्वजों को तर्पण कर पानी देकर पिंडदान कर रहे हैं।

## रोटरी क्लब द्वारा निशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा विश्व हृदय दिवस के अवसर पर निराश्रित वृद्ध आश्रम ग्रह शांति नगर जबलपुर में निशुल्क हृदय जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें 92 बुजुर्गों के हृदय से संबंधित शुगर, ब्लड प्रेशर एवं श्ष्ट्त की जांच की गई। जांच पश्चात आवश्यक होने पर उपस्थित बुजुर्गों को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। जरूरतमंद मरीजों को एंजियोग्राफी के लिए भी रेफर किया गया। गैलेक्सी हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित निशुल्क हृदय रोग जांच शिविर में डॉ. अखिलेश दुबे, डॉ. धर्मेश पटेल, डॉ. ऋषि तिवारी, डॉ. रविंद्र अतुलकर ने वृद्ध जनों की जांच करते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान किया। रोटेरियन प्रभात चतुर्वेदी जी के सौजन्य से वृद्ध जनों को फल वितरित किया गये। शिविर में क्लब अध्यक्ष रवि वैश्य, सचिव सोनम केशरवानी, प्रभात चतुर्वेदी, अरविंद अग्रवाल, अधीक्षक वृद्ध आश्रम ग्रह श्रीमती रजनी बाला सोहल उपस्थित थे।

## संस्कारधानी में आर्य समाज ने निकाली आर्य शोभा यात्रा

### सड़कों पर दिखी सनातन वैदिक संस्कृति की झलक

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी नगर की सड़कों पर आर्य समाज ने आज आर्य शोभा यात्रा निकाली। निकाली गई शोभा यात्रा में सनातन वैदिक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की गई। जिसमें आर्य वीर दल, आर्ष गुरुकुल मंडला और नर्मदापुरम के ब्रम्हचारियों द्वारा लाठी, तलवार, आसन, प्राणायाम आदि की प्रस्तुतियों ने राहगीरों का मन मोह लिया। आर्य कन्या और बालक शाला के बच्चों के हाथों मे महर्षि दयानंद के संदेश और वेद के मंत्र की तख्तियां थी। शोभा यात्रा में सभी महिलाओं और पुरुषों ने भारतीय वेशभूषा धारण किए हुए थे। कुछ बालकों ने श्रीकृष्ण, श्रीराम, महर्षि दयानंद, स्वामी विरजानंद का रुप धारण किया था, जो जनाकर्षण का केंद्र रहे। वहीं दूसरी ओर बग्घी पर सवार आचार्य वागीश जी, स्वामी ऋतस्पति जी और दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री विनय आर्य का जगह जगह पर स्वागत सत्कार किया गया। लोगों के लिए श्याम बैंड और दुलदुल घोड़ी की प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। इस मौके पर चलित यज्ञ की झांकी और स्वामी दयानंद, स्वामी श्रद्धानंद आदि के बड़े चित्र भी प्रदर्शित किए गए। शोभा यात्रा रसल चौक, पुराना बस स्टैंड, नगर निगम चौक, मालवीय चौक, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, करमचंद चौक, नौदरा ब्रिज होते हुए आर्य समाज दयानंद भवन मे समाप्त हुई। इस दौरान शोभा यात्रा में मप्र के योग अध्यक्ष पूर्व नगर निगम कमिश्नर वेद प्रकाश शर्मा, पंतजलि योग समिति की प्रभारी पुष्पांजलि शर्मा, नागपुर से आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रभा शंकर तिवारी, प्रभात नायक, सुदर्शन आर्य सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय जन सम्मिलित रहे।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्‌गति दे भगवान**



**श्री संतोष चौहान**- शिमला हिल्स निवासी श्री संतोष चौहान 52 वर्ष का निधन हो गया। वे आशुतोष चौहान के पिता थे। अंतिम यात्रा उनके निज निवास से गौरीघाट के लिए सुबह 10 बजे प्रस्थान करेगी।

**श्री शिव ज्ञान केवट**- न्यू शास्त्री नगर मेडिकल निवासी श्री राम लाल केवट के पुत्र श्री शिव ज्ञान केवट (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा परिहार**- शुक्रवारी बजरिया हनुमानताल निवासी श्री सूरज सिंह परिहार की धर्मपत्नी श्रीमती उमा परिहार (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री एमएल राठौर**- जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री एमएल राठौर (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वीरेंद्र सोधा**- चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री वीरेंद्र सोधा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती खिरिया देवी चौहान**- कांचघर नई बस्ती निवासी श्री जगदीश चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती खिरिया देवी चौहान (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमित वाल्मीक**- भानतलैया बकरा मार्केट के पास निवासी श्री रमेश वाल्मीक के पुत्र श्री अमित वाल्मीक (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अरविंद घोष**- समीक्षा टाउन कांचघर सिविल लाइन निवासी श्री अरविंद घोष (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लालूराज माउजी**- गोरखपुर जोगी मोहल्ला निवासी श्री लालूराज माउजी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा बाई पटेल**- गढ़ा शिवनगर निवासी श्री सुखराम पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा बाई पटेल (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रेम लाल चौधरी**- झिन्ना मोहल्ला सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री प्रेम लाल चौधरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विद्याधर विश्वकर्मा**- शक्ति नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री विद्याधर विश्वकर्मा (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ललित चौधरी**- बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री ललित चौधरी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संजय गुजराल**- शास्त्री नगर मेडिकल निवासी श्री संजय गुजराल (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश राजपूत**- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री राजेश राजपूत (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

## कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा में जनता का मिल रहा समर्थन





**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कहा है कि 18 साल के कुशासन और भ्रष्ट सरकार के आचरण से उपजे जनाक्रोश को देखते हुए भाजपा नेता भयभीत हो चुके हैं। भाजपा द्वारा जारी की गई प्रत्याशियों की सूची से स्पष्ट हो चुका है कि शिवराज सरकार एवं भाजपा नेतृत्व जनता से कितना डरा हुआ है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर, राज्यसभा सांसद विवेक तनखा, पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया, तरुण भनोट, विधायक विनय सक्सेना, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में जबलपुर जिले के कैंट, जबलपुर पूर्व, जबलपुर मध्य, जबलपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित कांग्रेस की जनाक्रोश यात्रा को संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कहा कि भाजपा के जो नेता अपने कार्यकर्ताओं को टिकट बांट रहे थे, उन्हें अब गलियों में खाक छानने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। अजय सिंह ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने खुद ही इस बात को स्वीकार किया है कि उन्हें इस बात की कल्पना हरगिज़ नहीं थी कि उन्हें स्वयं विधानसभा का चुनाव लड़ना पड़ेगा।

अजय सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में जनता से बड़ा कोई नहीं होता। कोई भी सरकार जब जनसेवा से नाता तोड़कर अपना खजाना भरने में लग जायेगी उस सरकार का पतन सुनिश्चित है। मप्र में गरीबों, दलितों, बेरोजगारों, किसानों, महिलाओं, व्यापारियों एवं कर्मचारियों पर जिस प्रकार से अत्याचार किया गया है उसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकताद्य अजय सिंह ने दावा करते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा की इतनी शर्मनाक पराजय होगी जिसकी कल्पना भाजपा नेताओं को शायद नहीं होगी।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने जनता को जो वचन दिए हैं वो वचन जनता की जिंदगी में नया सबेरा लाएंगे। कपूर ने कहा कि कांग्रेस जनता की भावनाओं से कभी खिलवाड़ नहीं करती। जनता से जो वादे किए गए हैं उन्हें हर हाल में पूरा किया जाएगा। राज्यसभा सांसद विवेक तनखा ने दावा करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अपनी आखरी सांसें गिन रही है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि महाकौशल क्षेत्र से भाजपा की ऐसी दुर्गति होने जा रही है जिसकी कल्पना नहीं कि जा सकती। तनखा ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि आप कांग्रेस के झंडे के नीचे आकर एक जन हितैषी सरकार बनेगी।

इस मौके पर विधायक विनय सक्सेना नगर अध्यक्ष जगत बहादुर अन्नू प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कदीर सोनी , सतीश उपाध्याय, वीरेंद्र चौबे सतीश तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार चौबे,कपिल श्रीवास्तव ,रज्जू सराफ, सुशीम धार पंकज पांडे सन्नी जैन अजय रावत रोहित गुप्ता अतुल सोनी आदि शामिल रहे।

## केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का आगमन आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** हर दिन आगे बढ़ता प्रदेश विषय पर प्रदेश गौरव प्रतिष्ठान द्वारा आज शनिवार 30 सितम्बर को दोपहर 12 बजे होंटल गुलज़ार महानददा में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राज्यसभा में सदन के नेता एवं केंद्रीय वाणिज्य एवँ उधोग मंत्री पीयूष गोयल होंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व महाधिवक्ता आरएन सिंह करेंगे एवँ विशिष्ठ अतिथि लोकसभा के मुख्य सचेतक, सांसद राकेश सिंह एवं समाजसेवी डॉ राजेश धीरावाणी होंगे। कार्यक्रम में जबलपुर के सभी प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया गया है।

## रेलवे में 20 कर्मचारियों को 07 करोड़ रु. के भुगतान के साथ बिदाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत 20 रेल सेवको की आवश्यक रेल सेवा पूर्ण होने पर उन्हें सामान्य सेवानिवृत्ति प्रदान की गयी। मंडल कार्यालय में आयोजित एक समारोह में मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक शील द्वारा रेल सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मचारियों को गोल्ड प्लेटेड मेडल, सिल्वर मेडल एवं सेवानिवृत्ति संबंधी दस्तावेज प्रदान किये गए।

इस अवसर पर सेवानिवृति हो रहे रेल कर्मचारी अमर बहादुर, महेंद्र कुमार, राम चरण उसरेठ, हेमराज आदि को कुल राशि 07 करोड़ 58 लाख का भुगतान एन ई एफ टी के माध्यम से किया गया।





## आईएमए के अध्यक्ष बने विश्नोई

**जबलपुर, देशबन्धु।** आईएमए जबलपुर के सचिव डॉ. नचिकेत पांसे ने रिपोर्ट में 2052 एक्टिविटीज/कार्यक्रमों के पूर्ण होने का ब्योरा दिया। अध्यक्ष डॉ. अमरेन्द्र पांडे ने कमान नए अध्यक्ष डॉ. अविजित विश्नोई को सौंपते हुए आईएमए के मंच से इतिहास रचने वाले कार्यक्रमों माँ नर्मदा राहत शिविरों ब्रम्हाण्ड महासभा चिकित्सा शिविर, लीगल एड कैंप, त्वद्यशड्ढड्डद्यष्थ्ठ 2023 जिसको राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया एवं लीगल कैंप का ब्यौरा दिया। मंच पर डॉ. स्पर्श नायक, डॉ. शामिख रजा, डॉ. मोहसिन अंसारी एवं डॉ आदित्य परिहार उपस्थित रहे। नई कार्यकारिणी में डॉ.रिचा शर्मा, डॉ. स्पर्श नायक, डॉ. नचिकेत पांसे, डॉ. मोहसिन अंसारी, डॉ. शामिख रजा, डॉ. परिजात पांसे, डॉ. संगीता श्रीवास्तव, डॉ. वृंद भारद्वाज, डॉ. पुष्पराज पटेल, डॉ. अमरेन्द्र पांडेय, डॉ. शलभ अग्रवाल एवं डॉ. नवीन चावला शामिल किए गये। प्रेसिडेंट इलेक्ट के चुनाव को स्थगित कर एक कमेटी का गठन किया गया जिसको डॉ. पवन स्थापक की अध्यक्षता में सभी साक्ष्य की जांच के लिए गठित किया जा रहा है।

## शैल्बी हॉस्पिटल में वॉकेथॉन का आयोजन, प्रतिभागी शामिल





**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर शैल्बी हॉस्पिटल जबलपुर में वॉकेथॉन का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया, इस उपलक्ष पर मुख्य अतिथि डॉ. संजय मिश्रा, संयुक्त निदेशक सी.एम.एच.ओ. जबलपुर उपस्थित रहे तथा डॉ. शिखा गर्ग, श्री श्याम परमार - उपराज्य प्रमुख स्वच्छ भारत मिशन, श्री देवेंद्र श्रीवास्तव प्रान्त पर्यावरण प्रमुख आरोग्य भारती महाकौशल प्रांत, एवं श्री अंकित माउंटनियर जैसी प्रमुख अतिथियों की उपस्थिति रही । इस विशेष अवसर पर 500 से अधिक प्रतिभागीयों ने भाग लिया, जिसमे मुख्यता आशोका हॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र - छात्राएं एवं प्रेमवती कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग की छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। वॉकेथॉन के इस महत्वपूर्ण अवसर पर डॉ. आशीष तिवारी ( कार्डियोलॉजिस्ट ) एवं डॉ. नितिन दास ( कार्डिओथोरेसिक सर्जन ) ने प्रतिभागियों को अपने हृदय को स्वस्थ्य रखने के बारे में जानकारी प्रदान की। इस मौके पर श्री धीर पखुरिया ( एरोबिक ट्रेनर द्वारा सभी प्रतिभागियों को एरोबिक्स कर अपने आप को स्वस्थ रखने की प्रेरणा प्रदान की। इस अवसर को सफल बनाने में शैल्बी हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर्स एवं स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त हुआ।

## वैरीफिकेशन-डिक्लरेशन ऑनलाइन फार्म भरने की तिथि बढ़ी

### एसबीसी की प्रशासनिक समिति की बैठक में हुआ निर्णय

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपी स्टेट बार कौंसिल की प्रशासनिक समिति ने वैरीफिकेशन-डिक्लरेशन आनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि 30 सितंबर से बढ़ाकर 30 नवंबर कर दी है। उक्त निर्णय एसबीसी की प्रशासनिक समिति के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में लिया गया। बैठक में स्टेट बार के वाइस चेयरमैन व जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी, सदस्य जगन्नाथ त्रिपाठी व राजेश पांडे उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पाया गया कि कई वकीलों ने अब तक वैरीफिकेशन व डिक्लेरेशन फार्म आनलाईन नहीं भरा है। यदि वे यह प्रक्रिया पूरी नहीं कर सके तो उनके नाम नामांकन नामावली से डिलीट हो जाएंगे। ऐसे में वे वकालत के पात्र नहीं रह जाएंगे। साथ ही स्टेट बार की अधिवक्ता कल्याण संबंधी योजनाओं का लाभ से भी वंचित हो जाएंगे।

## 365 दिनों में मात्र 3 घंटे दें और अपने दिल को स्वस्थ रखें



**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्व हृदय दिवस अवसर पर हमे संकल्प लेना होगा कि हम अपने लिए 365 दिनों में मात्र 3 घंटे अपने लिए दें, अपनी जांच कराएं और दिल को स्वस्थ्य रहें। पिछले 10 सालों में हृदय के उपचार की सुविधाएं जबलपुर में बहुत तेजी से बढ़ी है। आज भारत में लेंथ ऑफ लाइफ तो बढ़ी है लेकिन क्वालिटी ऑफ लाइफ नही बढ़ी है। इसके लिए हमें हेल्थ सेक्टर पर विश्वास करना होगा और हेल्थ सेक्टर को समाज के विश्वास को कायम रखना होगा क्योंकि समाज और हेल्थ सेक्टर एक दूसरे के पूरक है।इसके लिए दोनों को मिलकर पहला करना जरूरी है। पहले महानगरों में जबलपुर की जांच रिपोर्ट सिरे से खारिज कर दी जाती थी, जाते ही फेंक दी जाती थी, आज एन ए बी एल आने के बाद रिपोर्ट की क्वालिटी सुधरी है और देखी जाने लगी है।

उक्ताशय के उदगार सौरभ बडेरिया उपाध्यक्ष इन्डियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने आज विश्व हृदय दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किये।

इस मौके पर संस्थापक शंभू दयाल बड़ेरिया, सेवानिवृत्त न्यायाधीश मीना भट्ट, पुरूषोत्तम भट्ट, प्रेम मल्होत्रा, डीएन मिश्रा, नरेश शर्मा, योगेंद्र दुबे की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ दिलीप तिवारी ने कहा कि दिल की बीमारियों को समझना जरूरी है। डा. सुदीप चौधरी, डा. सुनील जैन ने टिप्स दिये।

## दिल के रोग से बचने के लिये पैदल चलना जरूरी



**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्व हृदय दिवस का उदेश्य, लोगो के मध्य हृदय से संबंधित रोगों, इनसे बचने के उपाय ओर उपचार कि जागरूकता का प्रचार करना है , इसी को ध्यान में रखते हुए गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल जबलपुर में रैली का आयोजन किया, जिसमे मुख्य अतिथि प्रदेश विधानसभा के सदस्य विनय सक्सेना एवं भा. ज. पा. पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सदस्य अवदेश यादव के साथ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अखिलेश दुबे (एमडी, डीएम कार्डीयोलॉजी एवं गैलेक्सी हॉस्पिटल के निर्देशक) मौजूद रहे। हफ्ते के एक दिन हर बुधवार को 10 से 12 बजे विक्टोरिया अस्पताल के ओपीडी में हृदय रोग की एक ओपीडी शुरू की गई है एवं संचालित की जाएगी हमेशा जो डॉक्टर अखिलेश दुबे वहां पर जो सीन शहर के सीनियर और वरिष्ठतम कार्डियोलॉजिस्ट है वह वहां पर उपलब्ध रहेंगे और फ्री में यह सुविधा दी जा रही है उनके द्वारा विक्टोरिया अस्पताल में और वहां पर सीएमएचओ डॉक्टर संजय मिश्रा और सिविल सर्जन डॉक्टर मनीष मिश्रा के सहयोग से इकोकार्डियोग्राफी की जो सुविधा भी दी गई है। गैलेक्सी हॉस्पिटल द्वारा प्रतिमाह निशुल्क स्वास्थ्य सेवा चार सालो से निरंतर चलाया जा रहा है।

## सदर गोरखपुर सराफा एसोसिएशन का गठन

**जबलपुर, देशबन्धु।** बड़े हर्ष का विषय है सदर गोरखपुर सराफा एसोसिएशन की आवश्यक बैठक रखी गई थी, जिसमें जबलपुर में ब्रांड ज्वेलर्स के आने के बाद की परिस्थितियों पर चर्चा और नए कानून पर अति आवश्यक चर्चा के साथ सदर गोरखपुर सराफा एसोसिएशन का गठन भी किया गया जिसमें सराफा एसोसिएशन जबलपुर के राजा सराफ सभी की सहमति से सदर गोरखपुर के अध्यक्ष निर्झर मोन्टू भल्ला, मंत्री हरजीत सिंह राणा व कोषाध्यक्ष जयंत पारेख व 11 सदस्यों को कार्यकारिणी में चुनाव किया गया , इसमें विशेष रूप से सर्राफा एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष राजा सराफ व मंत्री राजेश सराफ सह मंत्री के के सुहाने,उमेश सोनी,ओम सोनी, प्रमोद सोनी, नवीन सराफ, बालकृष्ण सराफ,दीपक सोनी,व सदर गोरखपुर रामपुर के समस्त व्यापारी उपस्थित रहें।

## रेलवे अपर महाप्रबंधक की अध्यक्षता में कार्यान्वयन समिति की 62वीं बैठक संपन्न





**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रवि शंकर सक्सेना की अध्यक्षता एवं मुख्य आतिथ्य में 29 सितम्बर को पश्चिम मध्य रेल, मुख्यालय, जबलपुर में 'राजभाषा पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह तथा क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 62वीं बैठक' का आयोजन संपन्न हुआ।

अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री सक्सेना ने कहा कि सुधीर कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक के कुशल मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेलवे पर भारत सरकार की राजभाषा संबंधी नीतियों का समुचित अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि 27 सितंबर, 2023 को रेलवे बोर्ड द्वारा पश्चिम मध्य रेलवे को 'आचार्य महावीर प्रसाद चल वैजयंती' के साथ पमरे के एक अधिकारी एवं एक कर्मचारी को 'रेल यात्रा वृतांत पुरस्कार योजना' के अंतर्गत पुरस्कृत किया गया है। राजभाषा संबंधी गतिविधियों में अधिकारियों की बढ़ती भागीदारी पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और कहा कि इससे राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार के प्रति अनुकूल वातावरण तैयार करने में काफी मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि अपने विभागीय निरीक्षण के दौरान राजभाषा प्रगति का भी रेल अधिकारी निरीक्षण अवश्य करें।

वर्ष भर हिंदी का सराहनीय प्रयोग-प्रसार करने के लिए मुख्यालय के सतर्कता विभाग को 'अंतर विभागीय राजभाषा शील्ड,' यांत्रिक विभाग को 'अंतर विभागीय राजभाषा ट्रॉफी तथा माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा को 'अंतर कारखाना राजभाषा शील्ड' प्रदान की गई। साथ ही 23 अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

## अधिवक्ताओं द्वारा रक्त दान शिविर





**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर सचिव श्री राजेश तिवारी अधिवक्ता के द्वारा 26 सितम्बर के पत्राचार के जरिए 29 सितम्बर को ब्लड डोनेशन प्राप्त करने हेतु स्वीकृति दी गई थी। जिसके ताराम्य में ब्लड डोनेशन कैंप जिला अधिवक्ता संघ जबलपूर कार्यालय द्वारा लगाया गया, जिसमे सेकडों अधिवक्ताओं द्वारा जरूरत मंदो हेतु रक्त दान किया गया। जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर सचिव राजेश तिवारी अधिवक्ता द्वारा अधिवक्ताओं का साधुवाद प्रेषित किया।

सोनू पोल्ट्री

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 108
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 118
छोटा ब्रॉयलर - रु. 128
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 132
मुर्गा मीडियम - रु. 122
मुर्गा बड़ा - रु. 112
मुर्गा जम्बो - रु. 112
मो.-9039925000, 9425800409

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
MORNING SHOW OFFER
RS. @ 100/- (CONDITION APPLY)
FUKREY-3
09:00 AM 10:00 AM
12:45 PM 02:00 PM
03:45 PM 07:00 PM
08:00 PM 10:00 PM
11:00 PM
JAWAN
10:30 AM 01:15 PM
02:00 PM 04:30 PM
07:45 PM 10:55 PM
THE VACCINE WAR
10:00 AM
05:05 PM
07:45 PM
10:45 PM
THE NUN II
11:45 AM
CHANDRMUKHI 2
04:45 PM

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery to 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

# सुरक्षा के अभाव में बघराजी स्टेडियम दुर्दशा का शिकार

## स्टेडियम बनाकर भूला खेल विभाग, नहीं है कोई सुरक्षा के इंतजाम

**कुंडम, देशबन्धु।** बघराजी में आज से लगभग 13 वर्ष पहले खेल विभाग ने इस क्षेत्र में खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को देखते हुए ?60 लाख की लागत एक शानदार स्टेडियम का निर्माण कराया था स्टेडियम की सुरक्षा व्यवस्था के लिए सनी स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष राजेश सोनी ने अनेकों बार खेल विभाग एवं उच्च अधिकारियों को इस स्टेडियम की सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक चौकीदार रखने के लिए विभागों से पंचायत से मांग की चौकीदार के रहने से स्टेडियम सुरक्षित रहेगा लेकिन खेल विभाग ने आज तक वापस किस स्टेडियम की सुध नहीं ली नहीं ली जिसकी वजह से यह स्टेडियम उजडता जा रहा है जा रहा है।



स्टेडियम में लोग अपनी गाय बैल को घास चरने के लिए स्टेडियम के अंदर छोड़ देते हैं जानवरों का डेरा किसी स्टेडियम में रहता है जिससे स्टेडियम चारागाह बनता जा रहा है साथ ही गांव के कुछ लोग स्टेडियम के अंदर ड्राइविंग सिखाने के लिए अपनी गाड़ियां स्टेडियम में चला रहे हैं जिससे पूरे स्टेडियम की घास खराब होती है गाड़ी के टायरों से नालियां और गड्ढे बनते जा रहे हैं कुछ लोगों को स्टेडियम का महत्व ही नहीं पता उन्हें समझाया भी नहीं जा सकता इस क्षेत्र का सबसे शानदार स्टेडियम जो खिलाड़ियों के लिए सौगात है खिलाड़ियों का जीवन स्टेडियम मैदान ही है स्टेडियम में बनी बिल्डिंग को भी लोग नुकसान पहुंचा रहे हैं सीढ़ियां तोड़ रहे हैं लोगों ने टाइल्स बुखार तोड़ दिए हैं सिंटेक्स की पानी की टंकियां काट कर ले गए

**लोग स्टेडियम की छत पर जुआ खेलते हैं तोड़फोड़ करते हैं-** स्टेडियम के अंदर गाड़ियां चलाई जाने से खिलाड़ियों को अभ्यास करने में अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इस क्षेत्र से इस स्टेडियम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक के खिलाड़ी बनकर निकले हैं पॉल्यूशन के इस युग में हर किसी को स्टेडियम की आवश्यकता है लेकिन इसकी सुरक्षा व्यवस्था करने के लिए कोई तैयार नहीं है किसी को रोका भी जाता है तो उन्हें बुरा लगता है सनी स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष राजेश सोनी और उनके क्लब के लोग वर्षों से इसकी सुरक्षा करते आ रहे हैं लेकिन इतना काफी नहीं है चौकीदार के बिना स्टेडियम का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा जिला कलेक्टर महोदय से खिलाड़ियों ने स्टेडियम की सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोई ना कोई पहल करने का आग्रह किया है। कहने को तो इस स्टेडियम की सुरक्षा व्यवस्था के लिए मुख्य सचिव भोपाल एवं खेल विभाग द्वारा एसडी एम थाना प्रभारी को ग्राम पंचायत को इसकी सुरक्षा व्यवस्था के लिए पत्र लिखा था सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी दी थी लेकिन किसी का कोई ध्यान नहीं है।

# जब राहगीरों के सामने आ गए एक साथ तीन बाघ



**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ टाइगर रिजर्व में बाघों के अलग-अलग अंदाज के फोटो वीडियो अकसर सामने आते रहते हैं, जो लोगों का बरबस की मन मोह लेते हैं। ताजा मामला गुरुवार की मध्य रात्रि का है। टाइगर रिसर्व के कोर एरिया से लगे रायपुर बन्नौदा मार्ग का है, जहां एक साथ तीन बाघ राहगीरों की कार के सामने आ गए। राहगीरों के अपने मोबाइल से बाघ दर्शन की इस अनोखी घटना को कैमरे में कैद कर लिया और सोशल मीडिया में शेयर किया है जो काफी लोकप्रिय हो रहा है।

## सार-समाचार

### साहू समाज सम्मेलन में शामिल होने जा रहे हैं रवि किरण साहू

**कुंडम, देशबन्धु।** साहू समाज सम्मेलन में शामिल होने जा रहे हैं रवि किरण साहू कैबिनेट मंत्री दर्जा वेलधनी बोर्ड मध्य प्रदेश



आगमन पर कुंडम साहू समाज के कार्यक्रम में शाम करीब 5ः00 शामिल होने पर कुंडम के साहू समाज और सदाफल के साहू समाज के लोग इस अवसर पर डॉ राजू साहू कपिल मेडिकल स्टोर विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश साहू कुंडम सरपंच श्रीमती अर्चना रोहित साहू सोसाइटी समिति अध्यक्ष राधेश्याम साहू पूर्व जनपद सदस्य भवानी साहू पूर्व सरपंच राजकुमार साहू सदाफल से बद्री साहू नायक जी डॉक्टर कपिल साहू जनपद सदस्य संदीप साहू अरविंद साहू दिनेश नायक शिक्षक विनोद साहू शिक्षक अशोक साहू सागर स्टूडियो कुंडम बिहारी लाल साहू पूर्व पंच संतोष उर्फ संता साहू अशोक साहू किराना पहलाद स्टोर विजय साहू भैरव श्यामलाल साहू अमित साहू आनंद साहू सुभाष साहू अमित साहू लालू साहू ट्रेडर्स बी एल साहू इंजीनियर अमित साहू जनता ट्रेलर एवं समस्त साहू समाज बड़े हर्षित हुए और बधाई प्रेषित कर रहे हैं। कुंडम के कार्यक्रम संपन्न होने के बाद बघराजी में साहू समाज से शाम करीब 7 बजे रवि किरण साहू द्वारा जनसंपर्क ब घराजी में भी किया जाएगा।

### आज श्री चंद्र प्रभु मंदिर में जल जात्रा

**पनागर, देशबन्धु।** नगर के विद्यासागर वार्ड स्थित श्री 1008 चंद्र प्रभु जिनालय नायक मंदिर जी में आज 30 सितंबर को प्रात: 8.30 बजे वार्षिक जल जात्रा का आयोजन किया गया है भगवान का अभिषेक शांति धारा एवं पूजन पाठ किया जायेगा समस्त जैन समाज के बंधुओ माता बहनों एवं युवाओं से उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील समिति ने की है।

### विशाल स्वास्थ्य मेला आज

**पनागर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनागर के तत्वाधान में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें सभी रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित होंगे स्थानीय सरस्वती विद्यालय पनागर में आयोजित इस शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील डॉ संजय जैन बीएमओ एवं समस्त स्टाफ ने की है।

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 1 से

#### वृंदावन धाम से पधारे पं. शिवम शुक्ल महाराज जी करेंगे कथा का वाचन

**जबलपुर, देशबन्धु।** काशी कुंज कॉलोनी, साईं आटो मित्र के पीछे ग्वारीघाट रोड पर 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा का वाचन प्रतिदिन शाम 3 से 6 बजे तक वृंदावन धाम से पधारे पं. शिवम शुक्ल जी महाराज करेंगे। 1 अक्टूबर को श्री हनुमान मंदिर, आदर्श नगर से प्रात. 10 बजे कथा स्थल तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजक अशोक अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, ज्ञान अग्रवाल, शैलेष अग्रवाल ने बताया कि 7 अक्टूबर को सुदामा चरित्र के साथ कथा का समापन होगा। इसके बाद 8 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से भंडारा होगा। श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होने की अपील आशुतोष अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, अनुभव अग्रवाल आदि ने की है।

### पितृपक्ष प्रारंभ, नगर एवं ग्रामीण इलाकों के लोग 15 दिन पितरों को करेंगे याद

**पाटन, देशबन्धु।** पितृ पक्ष प्रारंभ होते ही पाटन नगर एवं ग्रामीण इलाकों के लोग अपने अपने माता पिता की मोक्ष प्राप्ति के लिए 15 दिन पितरों को याद कर बड़े ही विधि विधान से प्रात: पानी देने की परंपरा का निर्वाह कर रहे है। कुंवार माह की प्रथम तिथि एवं पूर्णिमा के दिन से ही पितरों को पानी,अन्न भोजन देकर उनको याद कर पितृ पक्ष की शुरुआत की जा रही है। इस सम्बन्ध में ग्राम बजरंग गढ़ के पंडित संतोष कुमार दुबे ने बताया की भादो मास की पूर्णिमा एवं कुंवार माह की प्रथम तिथि से जाने अनजाने में हुई तिथि को जिनकी मृत्यु हुई है उनकी मोक्ष प्राप्ति के लिए पंद्रह दिन पितृ मोक्ष अमावस्या तक स्वच्छ सरोवर एवं नर्मदा जी में स्नान कर बड़े ही विधि विधान से पितरों का तर्पण किया जा रहा है जिसमें पाटन नगर के कुछ नागरिक नाग तलब में अपने अपने पितरों को याद कर तर्पण करेगे।

# मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह देकर करेंगे सम्मानित




**पनागर, देशबन्धु।** पंडित कुंजीलाल दुबे सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरपुर में शुक्रवार को एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा सेवा संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष सुमित भाई यादव भी उपस्थिति रहे। इस दौरान उन्होंने बच्चो को पुष्पहार पहनाया और अभी से प्रदेश मेरिट मे अपना स्थान बनाने को बच्चों को प्रेरित किया और संबोधित करते हुए कहा कि विगत वर्ष होने वाली बोर्ड परीक्षा में मेधावी छात्र छात्रों को संगठन द्वारा प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा साथ ही ग्रामीण,शहर में जिन स्कूलों का रिजल्ट प्रतिशत अच्छा होगा वहां के शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। याद हो कि इस वर्ष युवा सेवा संगठन द्वारा मानस भवन में एक वृहद कार्यक्रम करके लगभग शहर के 1500 से भी अधिक बच्चों को सम्मानित किया गया था इस दौरान कार्यक्रम में विद्यालय व्यवस्थापक भरत भाई पटेल, गिरजा पाठक, विद्यालय प्राचार्य विक्रम सिंह, उमेश यादव के साथ विद्यालय शिक्षक व बच्चे कार्यक्रम मे उपस्थित रहे।

# जहां अपमान की आशंका हो वहां नहीं जाना चाहिए : पं राम सजीवन

## श्रीमद भागवत पुराण

**गोसलपुर, देशबन्धु।** समीपस्थ ग्राम चन्नौटा में कथाव्यास पं रामसजीवन पस्तोर महाराज के सानिध्य में श्रीमद् भागवत पुराण का आयोजन किया गया है । कथावाचक राम सजीवन पस्तोर ने तृतीय दिवस श्रीमदभागवत कथा में ध्रुव व प्रह्लाद चरित्र प्रसंग पर प्रवचन देते हुए बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों हो। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए राम सजीवन पस्तोर ने कहा कि भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा।



कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है।कथा के अंत में श्रीमद भागवत पुराण की आरती भक्तों यजमानो जीतेंद्र सिंह,शिवकुमारी, कुवरबाई , श्रीमती कुवर बाई, शिशुपाल सिंह, शेर सिंह, रविंद्र सिंह, विश्वजीत शैलेन्द्र धीरेन्द्र अनीता, धीरेन्द्र सिंह, रागिनी अरुण प्रताप राधा बृजेंद्र सिंह प्रीति मानवेंद्र सरिता नवरत्न, लक्ष्मण सिंह, करण सिंह ,नारायण सिंह, यशपाल सिंह प्रथम सिंह ,शिवांश ,रुद्र प्रताप अनिमेष से पूर्ति माही पूर्वी गुंजन उपस्थित रहे।

# जनआक्रोश यात्रा का युवक कांग्रेस ने किया स्वागत

**पनागर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा जिसमें विभिन्न मुद्दे भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न एवं अत्याचार, पटवारी घोटाला, पेपर लीक घोटाला ,जैसे इत्यादि अनेक मुद्दों को लेकर प्रदेश के नेता अजय सिंह राहुल भैया एवं प्रदेश के सह प्रभारी संजय कपूर यात्रा को लेकर पनागर पहुंचे थे, जिसमें युवक कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अमन गोस्वामी के नेतृत्व में विशाल जनसमूह एवं युवा कार्यकर्ताओं के साथ गाजे बाजे एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। स्वागत के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल जिला महासचिव प्रवीण पटेल, संगठन मंत्री अजीत परिहार एवं स्वप्निल ठाकुर , पाटन विधानसभा अध्यक्ष प्रदीप बर्मन, विधानसभा उपाध्यक्ष हर्षित यादव एवं सौरभ अहिरवार, बच्चा यादव, ब्लॉक अध्यक्ष रोहित पटेल , शुभम रैकवार, सुमित यादव, अभिषेक यादव, दीपक यादव, सत्यम पटेल, नितिन चौधरी, राकेश नामदेव, संजय सोनी, नीलेश पटेल, बालमुकुंद पटेल, संदीप बर्मन, मोनू रजाक, ललित पटेल, साजिद भाई जान, विपिन रजक, सोनू पटेल, अंकित पटेल, गोलू पटेल, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता एवं युवा कांग्रेस उपस्थित रहे।



# जिला की मांग पर तीन दिन के लिए सिहोरा महाबंद आज से

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा को जिला के रूप में पाने के लिए सिहोरावासी कोई भी कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस हेतु आचार संहिता के ठीक पहले एक बार पुन: तीन दिन के महाबंद का आह्वान आज शनिवार से किया गया है। इस हेतु बड़ी संख्या में सिहोरा वासियों और व्यापारियों का समर्थन भी सामने आ रहा है। विदित हो कि सिहोरा को जिला बनाने के लिए पिछले दो वर्षों से लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति द्वारा भर्षक प्रयास किया गया है ।अब जबकि आचार संहिता लगने के कुछ ही दिन शेष हैं सिहोरा वासी अपनी पूरी ताकत लगा देना चाहते हैं नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच और लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के संयुक्त आह्वान पर आज 30 सितंबर से 3 दिन की सिहोरा बंद का ऐलान किया गया है ।

# नबी की मोहब्बत में डूबा मुस्लिम समुदाय

## नगर में निकला मोहम्मदी जुलूस

**पाटन, देशबन्धु।** ईद मिलाद अन नबी मुस्लिम समुदाय में एक विशेष अवसर है जो अल्लाह के दूत पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन पर जश्न की तौर पर मनाया जाता है इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार प्रमुख त्योहारों में से ईद ए मिलाद जो दुनिया भर के मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा मनाया जाता है। मिलाद अन नबी का पर्व इस्लामी साल के तीसरे महीने रवि कल अब्बल के 11वें तथा 12वीं जान को मनाया जाता है इस पर्व पर घर और मस्जिदों को सजाया जाता है और लोग मिलजुल कर धूमधाम से इस दिन को मानते हैं कुरान पढ़ते हैं अल्लाह की इबादत करते हैं इसके साथ ही जुलूस निकाला जाता है और गरीब जरूरतमंद को जकात दिया जाता है इस्लाम धर्म को बढ़ाने में मोहम्मद पैगंबर साहब का विशेष योगदान है उनके वालिद का नाम अब्दुल्लाह बिन अब्दुल था ऐसा माना जाता है कि वह अल्लाह की तरफ से भेजे जाने वाले आखरी पैगंबर थे इस दिन मौलाना लोगों को अल्लाह की राह पर चलने की रास्ता दिखा दे इसलिए यह दिन बेहद खास होता है इस्लाम धर्म को मानने वाले इस दिन को हजरत मोहम्मद साहब के जीवन और उनकी शिक्षाओं को याद करते हुए उनके द्वारा दी गई शिक्षा को अमल में लाने का संकल्प लेते हुए पैगंबर की तमिल पूरे मानव समाज की ताती खुशी के लिए थी उनका पैगाम प्रेम शांति सद्भाव आपसी प्रेम के रूप में मनाया जाता है हजरत मोहम्मद साहब का मानना था की सबसे नेक इंसान वही है जिसमें मानवता होती है ज्ञान का आदर होता है और सम्मान करता है उनके जन्मदिन पर पाटन नगर में शासन के निर्देश के अनुसार सुबह जुलूस निकाला गया जो नगर के मुख्य मार्ग से होता हुआ मदर छल्ला में समाप्त हुआ जगह-जगह पर अकीदत मंद लोगों ने प्रसाद वितरण किया और सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अपने नबी का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया।



# पर्यूषण पर्व व अनंत चतुर्दशी के अवसर पर जलविहार

**पाटन, देशबन्धु।** पर्यूषण पर्व की समाप्ति पर अनंत चतुर्दशी के दिन 10 लक्षण पर्व के समापन पर श्री दिगंबर महावीर मंदिर बाजार वॉर्ड एवं गुरु मोहल्ला स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर और शांतिनाथ मंदिर में दिगम्बर जैन समाज के द्वारा जल विहार का भव्य आयोजन किया गया जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया पर्व की समाप्ति पर सभी ने एक दूसरे से जाने अनजाने में हुई गलतियों की क्षमा मांग यू इस अवसर पर भगवान का मस्त अभिषेक पूजन विधान एवं भगवान वासपूजय जी निर्माण महोत्सव मनाया गया अंत में फूल माला से भगवान का आवाहन करते हुए सभी की मंगल कामना की गई इस वर्ष पर पन्नालाल जैन सकरा एवं सिद्धार्थ सलिल नायक द्वारा भगवान के श्री चरणों में फूल समर्पित कर सभी के लिए उत्तम कामना की गई श्री जी का जल व्यवहार एवं अभिषेक करते हुए प्रशांत पाल बजाज हिताक्ष बजाज एवं अंशुल बजाज द्वारा शांति धारा की बोली लेकर सभी के जीवन में सुख शांति समृद्धि की कामना की गई।



# महिला स्व सहायता समूह की बहनों की मुख्यमंत्री भाई से गुहार

**कुंडम, देशबन्धु।** बघराजी महिला स्वा सहायता समूह की बहने स्कूलों में मध्यान भोजन बनाने का कार्य करती हैं उसी से उनके परिवार की गुर्जर बसर होती है अब मध्यान भोजन बनाने वाली कुछ रसोइयों को स्कूलों से निकलने का फरमान जारी हुआ है जिससे स्व सहायता की बहने नाराज हैं मध्यान भोजन बनाने कि जब शुरुआत हुई थी तो नियम बनाया गया था कि स्कूलों में दर्द संख्या के हिसाब से रसोईया रखे जाएंगे जिस स्कूल में 25 बच्चे दर्ज हैं।

वहां दो रसोईया एवं 100 पर तीन दसों यह रखे जाएंगे 150 बच्चों में भी तीन रसोईया रखे जाने का प्रावधान है लेकिन इसके पहले 200 दर्द संख्या के लगभग थी जिसमें चार रसोईया काम करते थे इस नए वर्ष सत्र में 200 से 10 बच्चे भी काम हो गए हैं तो एक रसोइयों को मध्यान भोजन से बाहर करने का आदेश जारी किया गया है जिससे महिला स्व सहायता समूह की बहने नाराज हैं समूह की उर्मिला विश्वकर्मा मीरा कुशवाहा श्रीमती चित्रा बर्मन अनीता यादव ललिता यादव राजकुमारी बर्मन ज्योति पटेल मूलाबाई शांति मुन्नी बाई सरोज गुड्डी शोभा विश्वकर्मा सहित समूह की सैकड़ो महिला बहनों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अपने मुख्यमंत्री भाई से गुहार लगाई है की जिस स्कूल में 5-6 बच्चे हैं वहां दो-दो शिक्षक पढ़ा रहे हैं उन्हें क्यों नहीं निकाला निकाला जाता जबकि उनकी तनख्वाह लाखों में है हमें तो सिर्फ ?2000 ही मिल रहा है अभी जरूर ?4000 देने का आश्वासन दिया है मुख्यमंत्री भाई ने जहां एक और सबको सब कुछ दिया जा रहा है हमारे साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है हम अपने समूह में से किस रसोइयों को निकाल दें उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष बरकड़े से मिलकर गुहार लगाई है कि वर्षों से वर्षों से रसोईया स्कूलों में अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं एक भी रसोईया को ना निकल जाए दो-चार बच्चे काम है अगर उनके नियम से तो भी उन्हें निकाला जा रहा है।

उन्होंने उम्मीद जताई है की जिला पंचायत अध्यक्ष महोदय हमारी बात मुख्यमंत्री महोदय तक पहुंचाएंगे और इसमें हमारी मदद करेंगे अब किसी भी रसोइ4यों को निकला न जाए यही निवेदन महिला सो सहायता समूह की बहनों ने अपने मुख्यमंत्री भाई से किया है स्व सहायता समूह की बहनों को भरोसा है कि हमारी आवाज हमारी बात हमारे भाई तक पहुंच जाएगी तो जरूर हमारी समस्या का हाल हो जाएगा इस उम्मीद के साथ उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अपनी बात अपने भाई तक पहुंचाने का आग्रह किया है।

## अफगानिस्तान में सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**हेरात।** अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में कार के पलट जाने से पांच यात्रियों की जान चली गयी और एक अन्य घायल हो गया। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुल्ला इंसाफ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना बुधवार शाम को गजारा जिले में घटित हुई। इसमें पांच यात्रियों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उल्लेखनीय है कि इसी तरह की एक सड़क दुर्घटना में मंगलवार को उत्तरी बल्ख प्रांत में एक यात्री की मौत हो गई थी और पांच अन्य घायल हो गए थे।

# किम जोंग दबाने जा रहा सातवें परमाणु परीक्षण का बटन

**नई दिल्ली।** रूस की यात्रा पर से लौटने के बाद उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन का जोश हाई है। उसने यात्रा के दौरान पहले दक्षिण कोरिया की तरफ दो मिसाइलें दागीं, फिर लौटते ही देश की संसद की बैठक बुलाकर संविधान को ही बदल डाला। अब नॉर्थ कोरिया परमाणु संपन्न देश हो गया है। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पारित संविधान संशोधन के बाद किम ने देश को ये दर्जा दिया है। इसके साथ ही सनकी तानाशाह ने सातवां परमाणु परीक्षण करने का मजबूत इरादा जता दिया है। वह इसकी तैयारियों में तेजी से जुटा है। इससे पहले वह छह परमाणु परीक्षण कर चुका है।

उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी ने कहा कि किम जोंग उन ने मंगलवार और बुधवार को आहूत संसद (पीपुल्स असेंबली) की बैठक में कहा, देश की परमाणु बल-निर्माण नीति को राज्य के बुनियादी कानून के रूप में स्थायी बना दिया गया है, जिसका किसी को भी उल्लंघन करने की अनुमति नहीं है।

**अब तक छह परमाणु परीक्षण कर चुका**- उत्तर कोरिया ने इस साल रिकॉर्ड संख्या में मिसाइल टेस्टिंग और अन्य हथियार परीक्षण किए हैं। दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ उसके संबंध बहुत तनावपूर्ण चल रहे हैं। 2017 से ही इस बात का डर पूरी दुनिया को सताता रहा है कि प्योंगयांग 2017 के बाद अपना पहला परमाणु परीक्षण कर सकता है। 2006 के बाद से इसने कुल छह परमाणु परीक्षण किए हैं।



एक साल पहले उत्तर कोरिया ने परमाणु हथियार संपन्न देश घोषित करने का एक कानून पारित किया था। तब किम ने कहा था कि यह दर्जा अपरिवर्तनीय है। उस नए कानून ने परमाणु हथियारों के पूर्व-उपयोग की भी अनुमति दी थी लेकिन अब, परमाणु निरस्त्रीकरण की उम्मीदों को और भी कम करते हुए, पीपुल्स असेंबली ने परमाणु हथियारों की स्थिति को संविधान में ही निर्धारित कर दिया है। किम ने यह भी कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने एक त्रिकोणीय सैन्य गठबंधन बना लिया है। संयुक्त राष्ट्र में भी नॉर्थ कोरिया ने कहा है कि अमेरिका नाटो का एशियाई-संस्करण बना रहा है, जिसमें यूरोपीय देश और अमेरिका समेत कनाडा भी शामिल है। यह युद्ध और आक्रामकता का मूल कारण है। किम ने कहा, यह सबसे खराब वास्तविक खतरा है, धमकी भरी बयानबाजी या काल्पनिक इकाई नहीं।

**दक्षिण कोरिया पर दाग चुका मिसाइल**- उत्तर कोरिया ने इस साल अब तक कई प्रतिबंधित हथियारों का परीक्षण किया है, आखिरी परीक्षण में 13 सितंबर को दो छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल थीं, जब किम राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर सम्मेलन के लिए रूस की यात्रा करने की तैयारी कर रहे थे। पिछले महीने एक जासूसी उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने के दूसरे प्रयास में भी कोरिया विफल रहा था।

**अक्टूबर में किम का क्या प्लान**

माना जा रहा है कि किम जोंग अक्टूबर में ही सातवां परमाणु परीक्षण कर सकता है। आखिरी बार उत्तर कोरिया ने 2017 में परमाणु परूक्षण किया था, जो हाइड्रोजन बम था। आशंका जताई जा रही है कि किम जोंग आगामी महीनों में छह से सात परमाणु परीक्षण कर सकता है। ये हाइड्रोजन बम के उन्नत संस्करण हो सकते हैं। अभी तक उत्तर कोरिया ने छोटे-छोटे परमाणु बम के साथ-साथ हाइड्रोजन बम भी बनाए हैं जिसे कम दूरी की मिसाइल से लेकर लंबी दूरी की मिसाइलों में लोड किया जा सकता है। 1953 के बाद से इस देश ने कोई भी युद्ध नहीं लड़ा है। ऐसे में इसके पास हथियारों का जखीरा होना नई बात नहीं है।

**किम जोंग के निशाने पर अमेरिका** - उत्तर कोरिया के पास होसोंग मिसाइल भी है, जिसके रेंज 15000 किलोमीटर है, जबकि प्योंगयोंग से अमेरिका के न्यीयॉर्क की दूरी मात्र 11000 किलोमीटर ही है। यानी किम के निशाने पर अमेरिका के कई शहर हैं। यह भी कहा जाता है कि उत्तर कोरिया की जितना मिसाइलें दक्षिण कोरिया की दिशा में मुंह घुमाए तैनात हैं, उससे भी ज्यादा अमेरिका को ओग मुंह कर खड़ी हैं।

## आज का इतिहास

1681- नीदरलैंड एवं स्वीडन ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1687- औरंगजेब ने हैदराबाद के गोलकुंडा के किले पर क़ब्जा किया।
1898- अमेरिकी शहर न्यूयॉर्क की स्थापना हुई।
1870 -फ्रांस के भौतिक वैज्ञानिक जीन बैप्टिस्ट पेरिन का जन्म। उन्हें 1926 में भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
1922- प्रसिद्ध निर्माता-निर्देश ऋषिकेश मुखर्जी का जन्म हुआ।
1929- मनुष्य को ले जाने योग्य पहले रॉकेट ने उड़ान भरी।
1967- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मौद्रिक प्रणाली में सुधार किया।
1067- पाकिस्तान और यमन संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
1984- उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया ने 1945 के बाद पहली बार सीमा खोली।
1993- भारत के महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद में भूकंप के कारण 10,000 हज़ार से अधिक लोग मारे गए एवं लाखों बेघर हो गए।
1994- प्रसिद्ध कवयित्री एवं लेखिका समुत्रा कुमारी सिन्हा का निधन हुआ।
2001- कांग्रेस नेता माधवराव सिंधिया का निधन।
2002- पाकिस्तान को कट्टरपंथी मुसलमानों ने एक मंदिर को तोड़ा, चीन ने भारत के साथ स्वेच्छा वार्ता को और सार्थक बनाने की इच्छा व्यक्त की।

## सुडोकू 6332

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | 2 | 7 | 3 | |
| | | 1 | | 9 | | | | |
| 5 | | | | | 4 | 1 | | |
| 8 | | | 6 | | | | | 2 |
| | 3 | 4 | | | | 6 | 7 | |
| 7 | | | | | 1 | | | 8 |
| | | 9 | 7 | | | | | 3 |
| | | | | 1 | | 8 | | |
| | 8 | 2 | 4 | | | | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## निराश्रित और विधवा महिलाओं की पेंशन का हो तत्काल भुगतानः कमलनाथ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज कहा कि राज्य में निराश्रित और विधवा महिलाओं की दो महीने से रुकी हुई पेंशन का तत्काल भुगतान हो। श्री कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रदेश में निराश्रित और विधवा महिलाओं को पिछले दो महीने से पेंशन का भुगतान नहीं हुआ है। इन महिलाओं को सिर्फ 600 रुपए महीने पेंशन मिलती है, उसे भी देने से सरकार ने इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि इन महिलाओं को तत्काल उनकी पेंशन का भुगतान किया जाए।

## झारखंड के चाईबासा में नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में एक जवान शहीद, कई अन्य घायल

**रांची।** झारखंड के चाईबासा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के एक जवान के शहीद होने और कई अन्य के घायल होने की सूचना आ रही है। इनमें से गंभीर रूप से जख्मी तीन जवानों को एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए रांची लाया जा रहा है। घटना पश्चिमी सिंहभूम जिले के अति नक्सल प्रभावित टोंटो थाना क्षेत्र के सरजमबुरू और तुंबाहाका गांव के पास के पहाड़ी के पास हुई है। पिछले 50 दिनों के भीतर इस जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए बारूदी सुरंग विस्फोट में तीन जवानों सहित चार लोगों की मौत हुई है। बताया गया कि सीआरपीएफ कोबरा के 209 नंबर बटालियन के जवान नक्सलियों के खिलाफ कॉम्बिंग ऑपरेशन पर निकले थे। इसी दौरान पहाड़ी के पास आईईडी का जोरदार ब्लास्ट हो गया। करीब आधा दर्जन जवान हवा में फुटबॉल की तरह उड़ गए। एक जवान के दोनों पांव उड़ गए हैं। घायलों में इंस्पेक्टर भूपेंद्र कुमार और कांस्टेबल राजेश कुमार भी शामिल हैं।

## बिहार में राजद का अतिपिछड़ा सम्मेलन बना नेताओं का अखाड़ा, जमकर चले लात-घूंसे

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण राजद अतिपिछड़ा सम्मेलन नेताओं के लिए आखाड़ा बन गया। इस दौरान जमकर लात-घूंसे चले। पूर्वी चंपारण राजद अतिपिछड़ा सम्मेलन राजाबाजार स्थित बापू सभागार में आयोजित किया गया। सम्मेलन के बतौर मुख्य अतिथि राजद नेता और पूर्व मंत्री श्याम रजक उपस्थित थे और इनके सामने ही राजद नेता आपस में उलझ गए। बताया जाता है कि राजद के जिलाध्यक्ष व कल्याणपुर विधायक मनोज यादव ने भी जमकर अपना गुस्सा निकाला और कई लोगों की पिटाई की। हंगामा व मारपीट के कारण हॉल के अंदर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। मंच पर बैठने को लेकर शुरु हुआ विवाद हंगामा और मारपीट में बदल गया। दरअसल, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आने के पूर्व पटना से कुछ नेता पहुंच चुके थे। श्याम रजक के साथ मंच पर कुछ स्थानीय नेताओं को मंच पर बैठाया जा रहा था कि मोतिहारी के पूर्व लोकसभा प्रभारी विनोद श्रीवास्तव अपने समर्थकों के साथ पहुंच गए। उन्हें मंच पर पीछे की पंक्ति में जगह दिया गया, जिसका विरोध उनके कुछ समर्थक करने लगे। इसके बाद उनको आगे की पंक्ति में बैठाया गया।

# लाइव टीवी डिबेट में भिड़ गए दो पार्टियों के प्रवक्ता, खूब चले लात और घूंसे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सियासत में इमरान खान और नवाज शरीफ के बीच की दुश्मनी अब टीवी डिबेट में भी सामने आने लगी है। एक न्यूज चैनल डिबेट में इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रवक्ताओं के बीच बयानबाजी के बाद हाथापाई की नौबत आ गई। डिबेट के दौरान दोनों प्रवक्ताओं के बीच लात-घूंसे खूब चले।

जिसका वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया है। वायरल वीडियो में पाकिस्तान पीटीआई के नेता और पूर्व पीएम इमरान खान के वकील और पीएमएल-एन के एक सीनेटर ने एक-दूसरे पर अपशब्दों का इस्तेमाल किया। तभी उनमें से एक ने अपना आपा खो दिया और दूसरे पर हाथ उठा दिया। यह सब लाइव टीवी के दौरान रिकॉर्ड हो रहा था।


टीवी डिबेट में जो शख्स नजर आ रहे हैं उनमें से एक इमरान खान के वकील का नाम शेर अफजल खान मारवत हैं, वहीं दूसरे की पहचान नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) से संबंधित सीनेटर अफनान उल्लाह खान के रूप में की गई है।



एक सियासी टॉक शो के दौरान सीनेटर की तरफ से इमरान की आलोचना करने पर दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। एक-दूसरे पर अपशब्द कहने के बाद, मारवात ने अपनी सीट से उठ कर सिनेटर पर हमला कर दिया। दोनों के बीच लात-घूंसे चलने के बाद वहां मौजूद टीवी क्रू को हस्तक्षेप करना पड़ा और कोई और नुकसान होने से पहले उन्हें अलग कर दिया गया। अलग होने के बाद भी दोनों नेता एक-दूसरे को गाली-गलौज करते रहे।

वीडियो वायरल होने के बाद सीनेटर खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर वीडियो शेयर करते हुए कहा कि मारवत ने उन पर हमला किया। उन्होंने कहा, मैं अहिंसा में विश्वास करता हूं लेकिन मैं नवाज शरीफ का सिपाही हूं। उन्होंने कहा, मैंने मारवात को जो जवाब दिया वह सभी पीटीआई और खासकर इमरान खान के लिए एक महत्वपूर्ण सबक है। वे किसी को अपना चेहरा नहीं दिखा पाएंगे और बड़े काले धूप का चश्मा पहनने के लिए मजबूर होंगे। दूसरी ओर मारवत ने एक पोस्ट में कहा कि टीवी शो होस्ट अप्रिय घटना के बारे में गलत सूचना फैला रहे थे। मारवत ने कहा,वह अफवाह फैला रहे है। वह वास्तविकता नहीं बता रहे हैं कि अफनान उल्लाह स्टूडियो से भाग गए और पास के कमरे में शरण ली। उन्होंने यह भी कहा कि वह सीनेटर पर मानहानि का मामला और आपराधिक शिकायत शुरू करने की योजना बना रहे हैं। सोशल मीडिया पर क्लिप के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स भी तरह-तरह से अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

## वर्ग पहेली 6332



**बायें से दायें:-**

१. सुध-बुध खोया हुआ, जिसके होश हवास ठिकाने न हो (उर्दू)
४. आल्हाद कारक, आनंदकारक, पारस्परिक सद्‌भाव
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. उत्तराधिकारी (उर्दू)
८. परिमाण, माप-तौल (उर्दू)
१०. बिजली, गाज
११. आवश्यक, जरूरी (उर्दू)
१३. हारा हुआ, जिस पर किसी ने विजय पा ली हो
१४. गड़बड़, गोलमाल
१५. सज्जन, भलामानुस
१७. काल, अवसर
१९. यतीम
२१. एक तरह की चपाती जिसे तेल आदि में तलकर या आग में भूनकर खाया जाता है
२२. कन्नी काटना, बचकर निकल जाना
२४. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. शक्तिशाली
२. सहयात्री
३. बुद्धिमान
४. गाज, बिजली
५. मध्यभारत की एक नदी
९. चांदी का बना हुआ
११. निर्धन, कंगाल
१२. जंगल, वन
१३. चमकना, रूबरू होना, प्रणय क्रीड़ा, आनंद
१४. कम होना, वृत्तांत, वाकिया
१५. भर पाने या चुकता हो जाने का भाव
१६. कसकर बांधना
१८. शराब
१९. ज्यादा, बहुत
२०. अत्यधिक, श्रम से शरीर शिथिल होना
२३. स्त्री, महिला

# कनाडा की खुफिया एजेंसी का एजेंट था आतंकी निज्जर, हर हफ्ते होती थी मीटिंग

**नई दिल्ली ।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो बौखलाए हुए हैं, वह कनाडा की खुफिया एजेंसी का एजेंट था। ये बातें खुद निज्जर के बेटे ने कबूल की है। बकौल निज्जर के बेटे हफ्ते में एक या दो बार कनाडाई खुफिया एजेंसी के अधिकारियों के साथ निज्जर की मुलाकात होती थी और हत्या से कुछ दिन पहले भी इसी तरह की मीटिंग हुई थी।

निज्जर की हत्या पर कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि उसकी हत्या कनाडा की धरती पर भारतीय एजेंटों द्वारा की गई है। साफ है कि निज्जर कनाडाई खुफिया एजेंसी के लिए एक ऐसेट था। अब निज्जर के 21 वर्षीय बेटे बलराज सिंह निज्जर ने दावा किया है कि कनाडाई खुफिया सेवा के अधिकारियों ने इस साल की शुरुआत में उनके पिता से कई बार मुलाकात की थी। बलराज ने बताया कि हत्या से कुछ दिन पहले भी ऐसी मुलाकात हुई थी। कनाडाई मीडिया की रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इस तरह की कई बैठकों में बलराज भी शामिल हुआ था। बलराज सिंह निज्जर ने कहा कि 18 जून, जब उसके पिता की हत्या हुई, के बाद भी एक और बैठक निर्धारित थी। निज्जर भारत में प्रतिबंधित आतंकी संगठन खालिस्तानी टाइगर फोर्स का प्रमुख था। वह कनाडा में रहकर खालिस्तान आंदोलन को हवा देता था।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने चार मामलों में निज्जर को भी आरोपी बनाया था। भारत दावा करता रहा है कि खालिस्तानियों को पाकिस्तान की से भी मदद मिलती रही है।




बलराज के इस कबूलनामे से भारत के इस दावे तो भी बल मिलता दिख रहा है। सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया जा रहा है कि निज्जर को मारने के लिए कनाडा में तैनात आईएसआई के दो एजेंटों- राहत राव और तारिक कियानी को जिम्मेदारी सौंपी गई थी क्योंकि वह समय के साथ-साथ ताकतवर होता जा रहा था।

**चुनावी सरगर्मी** *मध्यप्रदेश चुनाव में भाजपा ने झोंकी ताकत*

# यूपी के नौ मंत्रियों को सौंपी गई अहम जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश का विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए करो या मरो का सवाल बन गया है। पार्टी एक तरफ जहां अपने तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत सात सांसदों व एक राष्ट्रीय महासचिव को उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा है,तो वहीं पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए उत्तरप्रदेश की योगी सरकार के एक उपमुख्यमंत्री के अलावा आठ मंत्रियों व एक विधायक को भी अहम मोर्चे पर लगा दिया गया है।**

इसमें उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को भोपाल कैबिनेट मंत्रियों में स्वतंत्रदेव को सतना, दयाशंकर सिंह को बालाघाट, बेबीरानी मौर्य को ग्वालियर, राज्यमंत्रियों में दिनेश प्रताप सिंह को रायसेन, दयाशंकर मिश्र (दयालु)को दतिया, कपिलदेव अग्रवाल को दमोह, अनिल राजभर को सिवनी, जेपीएस राठौर को भोपाल संभाग व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के विधायक बेटे पंकज सिंह को विदिशा की जिम्मेदारी दी गई है।



पार्टी ने राज्य में सत्ता विरोधी रुझान को भांपते हुए पहले ही अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची में तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत कई बड़े चेहरों को मैदान में उतारने का ऐलान कर चुकी है।

भाजपा की 39 उम्मीदवारों को सूची में तीन केंद्रीय मंत्रियों नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते समेत सात सांसदों को उम्मीदवार बनाने का फैसला लिया है। पार्टी ने अभी तक जिन सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है, इसमें से ज्यादातर सीटें वहीं हैं, जिन पर उसे 2018 के चुनावों में उसे हार का सामना करना पड़ा था।बतादें मध्यप्रदेश विधानसभा में कुल 230 सीटे हैं, किसी भी पार्टी को बहुमत हासिल करने के लिए 116 सीटों का जीतना जरूरी होगा।

**कई और राज्यों के मंत्री, सांसद संभालेंगे मोर्चा**

राजस्थान का विधान सभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने जम्मू कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और गुजरात के नेताओं की फौज को राजस्थान में उतार दिया है। भाजपा ने अलग-अलग प्रदेशों से आने वाले इन नेताओं को राजस्थान के अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी सौंप कर भाजपा नेताओं को विजयी बनाने का टास्क सौंपा है। जम्मू कश्मीर से लोक सभा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह को जयपुर शहर का और प्रदेश से ही आने वाले एक अन्य सांसद जुगल किशोर को जयपुर देहात उत्तर का प्रभारी बनाया गया है। जम्मू कश्मीर के अन्य नेताओं की बात करें तो राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री निर्मल सिंह को जयपुर देहात दक्षिण, पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को दौसा, प्रदेश से आने वाले राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र सिंह को श्रीगंगानगर, राज्य के पूर्व विधायक देवेंद्र राणा को जोधपुर शहर और पूर्व विधायक शक्ति परिहार को बाड़मेर जिले का प्रभारी बनाया है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान सांसद रमेश पोखरियाल निशंक को करौली जिले का प्रभारी बनाया गया है।

प्रदेश से जुड़े अन्य नेताओं की बात करें तो उत्तराखंड सरकार के मंत्री धन सिंह रावत को धौलपुर, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव दीप्ति रावत को उदयपुर शहर और उत्तराखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार को बारां जिले का प्रभारी बनाया गया है।

## वर्ग पहेली-6331



युसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## भारतीय निशानेबाजों ने अनुराग ठाकुर से कर्णी सिंह शूटिंग रेंज को अपग्रेड करने का आग्रह किया

**नई दिल्ली।** हांगझोउ में चल रहे एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद, भारत के अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजों को 2024 पेरिस ओलंपिक की तैयारी शुरू करने से पहले कुछ मुद्दों को सुलझाना होगा। उन्हें लगता है कि यहां डॉ कर्णी सिंह शूटिंग रेंज के उन्नयन की आवश्यकता है और इसके लिए, नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) के अधिकारियों द्वारा उनके आग्रह से इंकार करने के बाद एथलीटों ने खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से नए छात्रावास में सुविधाओं में सुधार करने का अनुरोध किया है। हम मंत्री से कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में बने नए छात्रावास की सुविधाओं को उन्नत करने का अनुरोध करते हैं। छात्रावास नया और अच्छा है लेकिन कुछ मुद्दे हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। एक निशानेबाज ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर आईएएनएस को बताया, इसके अलावा, हमने मंत्री से कर्णी सिंह शूटिंग रेंज को अपग्रेड करने का अनुरोध किया है।



# भारतीय निशानेबाजी टीम ने दो स्वर्ण और दो रजत जीते



**हांगझोउ।** चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में भारतीय निशानेबाजों में शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम स्पर्धा में दो स्वर्ण और दो रजत पदक जीत लिया।

आज यहां ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, स्वप्निल कुसाले और अखिल श्योराण की भारतीय तिकड़ी ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम स्पर्धा में नए विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

रतीय टीम ने 1769 स्कोर किया जो कि पिछले वर्ष पेरू में अमेरिका द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड से आठ अंक अधिक है। चीन को 1763 के स्कोर के साथ रजत और दक्षिण कोरिया 1748 स्कोर कर कांस्य पदक जीते। स्वप्निल (591) और ऐश्वर्य (591) क्वालीफिकेशन चरण में शीर्ष पर हैं और एक नया क्वालीफिकेशन एशियाई और एशियन गेम्स रिकॉर्ड साझा करते हैं। अखिल (587) पांचवें स्थान पर रहे, लेकिन व्यक्तिगत फाइनल में अपने हमवतन निशानेबाजों के साथ शामिल होने में असफल रहे, क्योंकि एक देश से केवल दो निशानेबाज ही फाइनल में प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। वहीं एक अन्य मुकाबले में भारतीय निशानेबाज पलक और ईशा सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में क्रमश– स्वर्ण और रजत पदक जीता। पलक व्यक्तिगत स्पर्धा में 242.1 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं। हमवतन निशानेबाज ईशा सिंह ने 239.7 के स्कोर साथ रजत पदक जीता। पाकिस्तान की किश्माला तलात ने 218.2 के साथ कांस्य पदक जीता। ईशा सिंह, पलक और दिव्या थडिगोल सुब्बाराजू की भारतीय तिकड़ी ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय टीम ने कुल 1731 अंक दर्ज किए और चीन से पांच अंक पीछे रहा, चीन ने स्वर्ण पदक जीता। जबकि चीनी ताइपे को 1723 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। ईशा (579) और पलक (577) क्रमश: पांचवें और सातवें स्थान पर रहीं और व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं।

## निखत जरीन ने मुक्केबाजी में पदक और ओलंपिक कोटा पक्का किया

दो बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज निखत जरीन ने जॉर्डन की हनान नासर पर जोरदार जीत के साथ महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और अपने लिए एक पदक और 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए कोटा भी पक्का कर लिया। निखत ने पहले राउंड में 53 सेकंड शेष रहते हुए रेफरी द्वारा मुकाबला रोक दिए जाने पर हनान नासर के खिलाफ अपना मुकाबला जीत लिया, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी की क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 8-तक काउंटिंग की गयी थी। 27 वर्षीय भारतीय ने मैच पर अपना दबदबा बनाया और जब रेफरी ने मैच समाप्त करने के लिए कदम उठाया तो वह सभी पांच जजों के कार्ड पर आगे चल रही थी। शुक्रवार को मैदान में अन्य भारतीयों में, लक्ष्य चाहर (80 किग्रा) किर्गिस्तान के बेकझिगिट उलू ओमुरबेक के खिलाफ 16वें राउंड में 1-4 से हार गए, जबकि 2022 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता परवीन हुडा (महिला 57 किग्रा) 16वें राउंड के मुकाबले में चीन की जू ज़िचुन पर 5-0 से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। पुरुष वर्ग में अनुभवी मुक्केबाज शिवा थापा, विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक (51 किग्रा) और संजीत (92 किग्रा) हारकर बाहर हो चुके हैं। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव (71 किग्रा) और निखत के साथ आइस्मिन लाम्बोरिया (60 किग्रा) अभी भी दौड़ में हैं।

## अदिति अशोक संयुक्त दूसरे स्थान पर भारतीय महिला टीम तीसरे स्थान पर



**हांगझोउ।** एशियन गेम्स में भारत की टॉप गोल्फर अदिति अशोक ने अपने शानदार खेल से पदक की उम्मीद बढ़ा दी है। शुक्रवार को वेस्ट लेक इंटरनेशनल कोर्स पर समाप्त हुए दूसरे दौर के बाद अदिति छह अंडर 66 का कार्ड खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। पुरुष वर्ग में अत्यधिक गर्मी से प्रभावित अनिर्बान लाहिड़ी (65-67) अपने नौवें स्थान पर कायम हैं, जबकि शुभंकर शर्मा (68-65) संयुक्त रूप से 21वें स्थान पर हैं।

एसएसपी चौरसिया (67-72) खलिन जोशी (70-69) के साथ 29वें स्थान पर हैं। भारत की पुरुष टीम स्टैंडिंग में छठे स्थान पर हैं।

कोरिया पहले स्थान पर काबिज है जबकि हांगकांग और जापान क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। अदिति ने 11-अंडर 133 के कुल स्कोर के साथ चीन की यिन रुओनिंग के साथ दूसरा स्थान साझा किया। थाईलैंड की युबोल अर्पिचया एक स्ट्रोक से अदिति और चीनी खिलाड़ी से आगे हैं।

अदिति ने पहले और दूसरे होल पर लगातार बर्डी के साथ शुरुआत की और फिर पार-4 पांचवें होल में शानदार ईगल लगाया। चार बार की लेडीज़ यूरोपियन टूर (एलईटी) विजेता ने होल 16 पर बोगी करने से पहले 11वें और 15वें होल में बर्डी लगाई। 25 वर्षीय अदिति, जो 2020 टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही, ने फिर बर्डी के साथ सुधार किया। लिन ज़ियू और लियू यू की चीनी जोड़ी ने क्रमश: 67 और 68 राउंड के साथ एकल चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया।

एक अन्य भारतीय प्रणवी शरथ उर्स चार अन्य के साथ पांच अंडर 139 के कुल स्कोर के साथ चार अंडर 68 का कार्ड जमा करने के बाद सात स्थान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर पहुंच गईं। टीनएज सनसनी अवनि प्रशांत ने 69 का कार्ड खेलकर छह स्थान की छलांग लगाई और तीन अंडर 141 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर पहुंच गईं।

महिला टीम प्रतियोगिता में, भारत 16-अंडर 272 के समग्र स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर था। चीन की टीम कल की संयुक्त बढ़त में सुधार करते हुए 21-अंडर 267 पर लीड कर रही है। थाईलैंड ने 20-अंडर 268 का समग्र स्कोर के चीन पर दबाव बनाए रखा। रिपोर्ट दर्ज होने तक पुरुषों की टीम में अनिर्बान लाहिड़ी, शुभंकर शर्मा, एसएसपी चौरसिया और खलिन जोशी शामिल थे, जिन्होंने अभी अपना राउंड पूरा नहीं किया था।

## बैडमिंटन में महिलाओं ने किया निराश, पुरुष टीम का पदक पक्का



**हांगझाउ।** स्टार शटलर पीवी सिंधु के नेतृत्व वाली भारतीय महिला टीम शुक्रवार को एशियाई खेल 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई जबकि पुरुष बैडमिंटन टीम ने क्वार्टरफाइनल में नेपाल को हरा कर पदक पक्का कर लिया।

महिला बैडमिंटन टीम को थाईलैंड के ख़िलाफ़ 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु को टीम स्पर्धा क्वार्टरफाइनल के पहले मैच में थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से 67 मिनट तक चले मुक़ाबले में 21-14, 15-21, 14-21 से हार मिली। बीजे जिम्नेजियम के कोर्ट पर खेलते हुए, पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु ने बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में 12वें नंबर की थाईलैंड की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग के ख़िलाफ़ पहले गेम में 21-14 से जीत दर्ज की लेकिन, अगले दोनों गेम में दुनिया की 15वें नंबर की भारतीय शटलर को 15-21 और 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

इसके बाद, राष्ट्रमंडल खेल की पदक विजेता त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी और युवा खिलाड़ी अश्मिता चालिहा भी अपने-अपने मुक़ाबले में हार गईं, जिससे भारतीय महिला टीम को 3 मैचों के टाई में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला युगल जोड़ी को थाईलैंड की प्राजोंगजई राविंडा और कितिथाराकुल जोंगकोलफान की जोड़ी ने 19-21, 5-21 से हराया।

वहीं, दुनिया की 16वें नंबर की थाईलैंड की बैडमिंटन खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरुंगफान ने अश्मिता चालिहा को 44 मिनट तक चले मुक़ाबले में 9-21, 16-21 से शिकस्त दी।

इस बीच, भारतीय पुरुष टीम नेपाल को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारतीय पुरुष टीम को लक्ष्य सेन ने बेहतरीन शुरुआत दी। कॉमनवेल्थ गेम्स चैंपियन और दुनिया के 14वें नंबर के भारतीय शटलर ने टाई के पहले मैच में नेपाल के प्रिंस दहल को सिर्फ 22 मिनट का समय लेकर 21-5, 21-8 से हराया। किदांबी श्रीकांत ने टाई के दूसरे मैच में नेपाल के सुनील जोशी को सीधे गेम में 21-4, 21-13 से हराने के लिए 31 मिनट का समय लिया। मिथुन मंजूनाथ ने बिष्णु कटुवाल को 21-2, 21-4 से हराकर भारत को तीसरी जीत दिलाई और इसी के साथ भारतीय पुरुष टीम ने 3-0 के अंतर से टाई अपने नाम करते हुए एशियन गेम्स 2023 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

एशियाई खेल की बैडमिंटन स्पर्धा के सेमीफाइनल में हारने वाली टीम कांस्य पदक जीतती है। इस आधार पर, भारतीय पुरुषों ने हांगझोऊ में पदक पक्का कर लिया है।

भारत ने आखिरी बार 37 साल पहले एशियाई खेलों में पुरुष टीम पदक जीता था। सैयद मोदी के नेतृत्व में टीम ने सियोल 1986 में कांस्य पदक जीता था।

# भारत ने जापान को 4-2 से हराया



**हांगझोउ।** हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों के पुरुष हॉकी मुकाबले के पहले राउंड में जापान को 4-2 से हराकर प्रतियोगिता में अपनी तीसरी जीत दर्ज की है।

भारत की ओर से अभिषेक खेल के 13वें और 48वें मिनट में जबकि मनदीप सिंह ने 24वें मिनट में और अमित रोहिदास ने 34में मिनट में गोल दागे। वहीं, जापान की ओर से गेंकी मिटानी ने खेल के 57वें मिनट में और रयोसी काटो ने 60वें मिनट में 1-1 गोल किये। भारतीय टीम ने अपनी शानदार लय को जारी रखते हुए मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज में खेल का आगाज किया। खेल के 13वें मिनट में भारतीय खिलाड़ी जर्सी नंबर 5 अभिषेक ने फील्ड गोल कर पहले क्वार्टर में टीम को बढ़त दिलाई। इससे पहले भारतीय खिलाड़ियों ने खेल के पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया था, लेकिन वह उसे गोल में तब्दील नहीं कर सके।

दूसरे क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने एक और गोल कर अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत के लिए यह गोल मनदीप सिंह ने खेल के 24वें मिनट में फील्ड गोल के ज़रिए किया। यह इस मैच का दूसरा फील्ड गोल था। इसके तुरंत बाद ही भारतीय टीम ने एक ओर पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन टीम इसे गोल में तब्दील नहीं कर सकी। पहले हाफ के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से लबरेज़ थी और उन्होंने खेल का तीसरा गोल कर अपने इरादे साफ कर दिए। भारत के लिए तीसरा गोल अमित रोहिदास ने दागा। तीसरे क्वार्टर में भारतीय डिफेंस ने गोल बचाने में में अपनी अहम भूमिका निभाई। खेल का अंतिम क्वार्टर भी भारतीय टीम के नाम रहा। मुकाबले के चौथे क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ी अभिषेक ने अपना दूसरा और टीम का चौथा गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।

जापान की टीम गोल की तलाश में लगातार संघर्ष करती हुई दिखाई दी, लेकिन भारतीय डिफेंडरों को भेद पाना उनके लिए आसान नहीं रहा। हालांकि, जापान की टीम को खेल के 57वें मिनट में पहली सफलता मिली। जापान की ओर से यह गोल गेंकी मिटानी ने किया। खेल का रोमांच यहीं नहीं रुका और जापान ने खेल के अंतिम क्वार्टर में एक और गोल किया। खेल के आख़िरी मिनट में जापानी खिलाड़ी रयोसी काटो ने एक और गोल कर अपनी टीम के स्कोर में इजाफा कर दिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम पूल एक में पाकिस्तान को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष पर पहुंच गई है। इससे पहले भारत ने उज्बेकिस्तान और सिंगापुर को एकतरफा मुकाबले में हराया था। भारतीय टीम अब अपना मुकाबला चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को खेलेगी।

## एशियाई खेलों में भारतीय महिला स्क्वैश टीम ने कांस्य पदक जीता

**हांगझोउ,।** भारतीय महिला स्क्वैश टीम चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में शुक्रवार को कांस्य पदक जीता है। आज यहां हुए मुकाबले में तन्वी खन्ना मुकाबले का पहला मैच हांगकांग से हार गई और वहीं अनहम को ली का यी ने 11-8, 11-7, 12-10 से हराया। हालांकि जोशना चिनप्पा ने दूसरे मैच को जीतकर भारत को बराबरी पर ला दिया था, जोशना चिनप्पा ने विश्व की 24 नंबर की खिलाड़ी जे लोक हो को 7-11, 11-7, 9-11, 11-6, 77-8 से हराया। लेकिन अनहत की हार के कारण टीम फाइनल में नहीं पहुंच सकी। सेमीफाइनल में भारतीय टीम को हांगकांग ने 1-2 से हरा दिया और भारतीय टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

## टेनिस में बोपन्ना-भोसले मिश्रित युगल के फाइनल में



**हांगझाउ।** भारत के रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने एशियाई खेल में मिश्रित युगल सेमीफाइनल में चीनी ताइपे के यू-हसिउ सू और हाओ-चिंग चांग की जोड़ी को 6-1, 3-6, [10-4] से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल में शनिवार को उनका सामना चीनी ताइपे की एक और जोड़ी - लियांग एन-शुओ और हुआंग त्सुंग-हाओ से होगा। भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को कजाकिस्तान के ग्रिगोरी लोमाकिन और झिबेक कुलंबायेवा को 7-5, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। भारतीय जोड़ी को पहले राउंड में बाई मिला था, उसके बाद दूसरे राउंड में उन्होंने उज्बेकिस्तान के अकगुल अमानमुराडोवा-मक्सिम शिन को 6-4, 6-2 से हराया था। इसके बाद भारतीय टेनिस जोड़ी ने राउंड ऑफ 16 में अयानो शिमिज़ु-शिनजी हजावा को 6-3, 6-4 से हराया और फिर क्वार्टरफाइनल में कज़ाख जोड़ी झिबेक कुलम्बायेवा-ग्रिगोरी लोमाकिन को 7-5, 6-3 से शिकस्त दी।

एशियन गेम्स में रोहन बोपन्ना का यह दूसरा टेनिस फाइनल होगा। भारतीय टेनिस दिग्गज ने जकार्ता 2018 में पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता था। हांगझोउ 2023 में रोहन बोपन्ना और उनके पुरुष युगल साथी युकी भांबरी राउंड ऑफ 16 से आगे नहीं बढ़ सके। गौरतलब है कि रुतुजा भोसले इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना डेब्यू कर रही हैं। एशियाई खेलों के इतिहास में भारतीय दल ने दो स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल छह मिश्रित युगल पदक जीते हैं।

## सार संक्षेप

### भारत की लड़कियों ने किया मलेशिया का शिकार, अब कोरिया की बारी

**हांगझाउ।** एशियाई खेलों में भारत की महिला टीम ने शुक्रवार को ग्रुप ए के एक मैच में मलेशिया को 6-0 से रौंद कर लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारत ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अख्तियार किया और शुरूआती 15 मिनट में एक के बाद एक चार गोल दाग कर मलेशिया को दवाब में ला दिया। मोनिका ने सातवें मिनट में, दीप ग्रेस एक्का ने आठवें मिनट में, निशा ने 11वें मिनट में और वैष्णवी विठल ने 15वें मिनट में गोल दागे। भारतीय लड़कियां यहीं नहीं रुकी और पहले हाफ में ही संगीता ने खेल के 24 वें मिनट में गोल दाग कर स्कोर 5-0 कर दिया। दूसरे हाफ में भी गेंद ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों के ही कब्जे में रही,नतीजन लालरेम्सियामी ने 50वें मिनट में गोल किया। एफआईएच रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज़ भारतीय महिला हॉकी टीम के हमलों का मलेशिया की रक्षा पंक्ति के पास कोई जवाब नहीं था। मोनिका ने खेल के 7वें मिनट में फील्ड गोल के जरिए किया। इसके अगले मिनट में अनुभवी खिलाड़ी दीप ग्रेस एक्का ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल दागा। भारतीय टीम यही नहीं रुकी और मैच के 11वें मिनट में एक और गोल कर मलेशिया की टीम पर 3-0 की बढ़त हासिल कर ली। पहले क्वार्टर के अंतिम मिनट में वैष्णवी विठ्ठल ने फील्ड गोल किया और टीम के स्कोर में एक और गोल का इजाफा किया।

### सिंगापुर ने थाईलैंड को 100 रन से हराया

हांगझोउ। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में शुक्रवार को क्रिकेट टी-20 पुरुष ग्रुप सी मुकाबले में सिंगापुर ने चेतन सूर्यवंशी के अर्धशतक 53 रन, नवीन परम की 32 रन पारी तथा आहान गोपीनाथ अचर के चार विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत थाईलैंड को 100 रन से हरा दिया है। आज यहां सिंगापुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेतन सूर्यवंशी के अर्धशतक 36 गेंदों में 53 रन, नवीन परम की 38 गेंदों में 32 रन पारी, जनक प्रकाश 15 गेंदों में 29 रन तथा रोहन रंगराजन 19 गेंदों में 20 रन की पारी की बदौलत आठ विकेट पर 152 रन का स्कोर बनाया। ओपनर नवीन परम को देसुंगनेऑन ने नामचाइकुल के हाथों 32 के स्कोर पर कैच आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। वही रोहन रंगराजन को पेंगकुमता ने सारानोननक्कुन के हाथों कैच आउट कराया। चेतन सूर्यवंशी को पेंगकुमता ने पगबाधा तथा नामचाइकुल ने जनक प्रकाश को पगबाधा किया। अनीश परम को सेनामोंत्री ने आठ रन के निजी स्कोर पर आउट किया। इशान साहनी को पेंगकुमता को शून्य पर बोल्ड कर दिया।

# भारत को पाक पर जीत के लिए तेज हमलों के साथ करनी होगी किले की मजबूत चौकसी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 29 सितंबर (देशबन्धु)। मीठा पुर के तीन धुरंधरों में से दो स्ट्राइकर मनदीप सिंह और ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार के अब छह-छह तथा आक्रामक मिडफील्डर मनप्रीत सिंह के एक गोल की बदौलत भारत की पुरुष हॉकी टीम ने 19 वें एशियाई खेलों में पूल ए के अपने शुरू के तीनों मैच जीते हैं और कुल 33 गोल किए हैं। वहीं पाकिस्तान ने भी भारत की तरह तीनों मैच जीते हैं लेकिन उससे एक कम यानी कुल 32 कुल किए हैं। भारत अपने बेहतर गोल अंतर के आधार पर पूल ए में शीर्ष पर है। भारत ने 2018 में जकार्ता एशियाई खेलों में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर कांसा जीता था। भारत की कोशिश अब पाकिस्तान को भी शनिवार को हरा जीत के साथ चौके के साथ सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने की होगी। पाकिस्तान ने एशियाई खेलों में अब तक भारत से 15 में आठ मैच जीते, चार हारे हैं जबकि तीन ड्रॉ रहे। भारत और पाकिस्तान 2013 से अब तक 24 बार भिड़े हैं और इनमें भारत 16 और पाकिस्तान मात्र पांच बार जीता है जबकि तीन मैच ड्रॉ रहे हैं। बेशक दुनिया की तीसरे नंबर की अनुभवी भारतीय टीम के सामने कप्तान उमर बुट्टा को छोड़ नौजवान शनिवार को पाकिस्तान टीम की नौजवान टीम होगी लेकिन वह उसके खिलाफ जरा सी भी ढील गवारा नहीं कर सकता है। भारत को पाक के खिलाफ जीत के लिए तेज हमलों के साथ किले की मजबूत चौकसी करनी होगी। भारत के लिए कप्तान ड्रैग फ्लिकर वरुण और स्ट्राइकर मनदीप सिंह का आधा आधा दर्जन गोल कर, कप्तान हरमनप्रीत सिंह व अनुभवी स्ट्राइकर ललित उपाध्याय का अब तक इस बार इन खेलों चार चार तथा स्ट्राइकर अभिषेक का तीन गोल करना यह दर्शाता है कि वह गोल करने और पेनल्टी हासिल करने के लिए किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं है । भारत के लिए सबसे सुखद उसके लिए 12 अलग-अलग खिलाडियों ने गोल किए। भारत की पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को भी कोशिश आखिर मिनट तक बराबर गोल करने की होनी चाहिए। भारत की रक्षपंक्ति की कोशिश पाकिस्तान को मैदानी गोल करने से रोकने के साथ उसे कम से कम पेनल्टी कॉर्नर देने की होनी चाहिए। वहीं पाकिस्तान के लिए स्ट्राइकर अफराज(5) गोल, अब्दुल राणा(चार गोल) और अरशद लियाकत (चार गोल) रंग में चल रहे हैं ऐसे में भारत की मध्यपंक्ति में अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत, विवेक सागर प्रसाद, नीलकांत शर्मा को गेंद पाकिस्तान स्ट्राइकर की पहुंच से दूर रख कर साथी आक्रामक सेंटर हाफ उपकप्तान हार्दिक सिंह की ओर आगे गेंद बढ़ानी चाहिए जिससे कि वे इसे बराबर अग्रिम पंक्ति में मनदीप, ललित, अभिषेक, गुरजंट और सुखजीत के लिए गेंद बढ़ानी चाहिए जिससे कि पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी हमले बोलने के मैदानी गोल करने के साथ टीम को बराबर पेनल्टी कॉर्नर दिलाए।

■ पाक के खिलाफ भारत जरा सी भी ढील गवारा नहीं कर सकता



### पाक का पलड़ा रहा है भारी

दोनों देशों के बीच अब तक हुए कुल 179 मैचों में पाकिस्तान ने 82 और भारत ने 65 मैच जीते जबकि 32 ड्रॉ रहे हैं। 2010 से दोनों मुल्कों के बीच हुए 23 मैचों में भारत ने 19 जीते, 8 हारे और एक मैच ड्रॉ रहा। भारत ने अगस्त में अपने घर में चेन्नै में एशियाई चैंपियन ट्रॉफी में दूसरे ही मिनट में पाकिस्तान के हन्नान शाहिद का गोल अमान्य होने के बाद नींद से जागते हुए कप्तान हरमनप्रीत के दो और जुगराज सिंह व आकाशदीप सिंह के एक- एक गोल से पूल मैच मे पाकिस्तान को 4-0 से हराया उससे एक बड़ा सबक यह जरूर है कि वह उसे हल्के में लेने की भूल कतई नहीं सकता।

| SENSEX | BSE | 65945.47 ▲ | 78.22 | 19664. 70 ▼ | 9.85 | MCX | Gold | 58495 ▼ | 206 | silver | 71771 ▼ | 379 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया 17 पैसे चढ़ा

मुंबई। शेयर बाजार की तूफानी तेजी के साथ ही आयातकों और बैंकरों की बिकवाली से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 17 पैसे की तेजी के साथ 83.02 रुपये प्रति डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.19 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया आठ पैसे की बढ़त लेकर 83.11 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान बिकवाली होने से 83.02 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और इसी स्तर पर बंद भी हुआ।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 1.45 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.18 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.67 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.52 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.39 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.30 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.29 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.00 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.89 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.83 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

# चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त में राजकोषीय घाटा 6.43 लाख करोड़

**नई दिल्ली**। वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-अगस्त अवधि के दौरान केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 6.43 लाख करोड़ रुपये या वार्षिक बजट अनुमान का 36 प्रतिशत रहा है।

लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा आज जारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2023 की अप्रैल-अगस्त अवधि में राजकोषीय घाटा या सरकार के कुल राजस्व और व्यय के बीच का अंतर 5.42 लाख करोड़ रुपये या बजट अनुमान का 32.6 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2024 में सरकार का राजकोषीय घाटा 17.86 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।



चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अगस्त अवधि में केंद्र की कुल प्राप्तियां 10.29 लाख करोड़ रुपये थीं जबकि इसी अवधि के दौरान कुल व्यय 16.72 लाख करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीने में कुल राजस्व प्राप्तियां 10.14 लाख करोड़ रुपये थीं। इसमें 8.04 लाख करोड़ रुपये का कर राजस्व और 2.10 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व शामिल था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 की अप्रैल-अगस्त अवधि में सरकार का पूंजीगत व्यय 3.74 लाख करोड़ रुपये या वार्षिक लक्ष्य का 37.4 प्रतिशत था।

## लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें यथावत

सरकार ने अक्टूबर-दिसंबर, 2023 (चौथी तिमाही) के लिए शुक्रवार को लघु बचत योजनाओं पर मिलने वाले ब्याज दरों को यथावत बनाये रखने का निर्णय लिया है। सरकार ने अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही के लिए छोटी बचत योजनाओं में पांच वर्षीय रेकरिंग जमा पर ब्याज दर में 20 आधार अंक तक की बढ़ोतरी के अलावा किसी भी योजना की ब्याज दरों में वृद्धि नहीं की गयी है। वित्त मंत्रालय ने आज जारी एक परिपत्र के माध्यम से यह घोषणा की। मंत्रालय के अनुसार जिन स्कीम पर ब्याज दरें नहीं बढ़ी है उनमें वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, सार्वजनिक भविष्य निधि , किसान विकास पत्र और सुकन्या समृद्धि खाता योजना शामिल है। गौरतलब है कि सरकार द्वारा हर तिमाही में छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों की समीक्षा की जाती है।

# शंघाई सहयोग संगठन के साथ बहुआयामी सहयोग को भारत तत्पर : अनुप्रिया पटेल

**नई दिल्ली**। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों व्यापार और वित्त मंत्रियों की इस सप्ताह हुई बैठक में भारत ने कहा कि वह सदस्य देशों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने और 'बहुआयामी सहयोग' को बढ़ावा देने के लिए तत्पर है।



किर्गिस्तान की अध्यक्षता में बिश्केक में 27 सितंबर को हुई इस बैठक में भारत की ओर से वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने वर्चुअल (वीडियो कांफ्रेंसिंग माध्यम) माध्यम से भाग लिया। उन्होंने एससीओ के सदस्य देशों को पारंपरिक चिकित्सा पर विशेषज्ञ कार्य समूह की पहली बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया, जो नवंबर में गुजरात के जामनगर में विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र में आयोजित होगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार एससीओ मंत्रियों ने सदस्य देशों के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने की संभावनाएं और उपाय विषय पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती पटेल ने कहा कि भारत सदस्य देशों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि भारत ने गत जुलाई में एससीओ के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया । इस दौरान सहयोग के पांच नए स्तंभ और प्रमुख क्षेत्र तय किए गए जिनमें - स्टार्टअप और नवाचार, पारंपरिक चिकित्सा, डिजिटल समावेशन, युवा सशक्तिकरण और साझा बौद्ध विरासत शामिल है। श्रीमती पटेल ने कहा, यह दर्शाता है कि भारत बहुआयामी सहयोग के लिए प्रयासरत है। उन्होंने यह भी कहा कि वाराणसी को 2022-23 के लिए एससीओ की सांस्कृतिक और पर्यटन राजधानी के रूप में नामित किया गया है। श्रीमती पटेल ने भारत में बुनियादी ढांचे के विकास, उद्योग और सेवा क्षेत्र में एससीओ देशों से निवेश का भी स्वागत किया। उन्होंने बैठक को भारत में फार्मास्यूटिकल, इलेक्ट्रॉनिक, मेडिकल डिवाइस, एसी, एलईडी, सोलर पीवी मॉड्यूल, एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल बैटरी, ऑटोमोबाइल और मोटर वाहन पुर्जों जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए घरेलू उद्योगों को सहायता प्रदान करने सहित भारत द्वारा की गई विभिन्न पहलों की जानकारी दी।

## टेक्निकल टेक्सटाइल में 46.74 करोड़ मूल्य की 18 आर एंड डी परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली**। कपड़ा मंत्रालय की टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन योजना के तहत जियोटेक, प्रोटेक, इंडुटेक, सस्टेनेबल टेक्सटाइल, स्पोर्टटेक, स्मार्ट ई-टेक्सटाइल, मेडिटेक खंड के प्रमुख क्षेत्रों में 46.74 करोड़ रुपये की 18 अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय वस्त्र, वाणिज्य और उद्योग तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में यहां राष्ट्रीय टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन के मिशन संचालन समूह (एमएसजी) की 7वीं बैठक में संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री गोयल ने कहा कि भारत में टेक्निकल टेक्सटाइल के स्वदेशी विकास के लिए उद्योग और संस्थान की सक्रिय और मजबूत भागीदारी आवश्यक है। इन निर्णय के बारे में जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि वस्त्र मंत्रालय ने 7वीं एमएसजी बैठक के दौरान जियोटेक, प्रोटेक, इंडुटेक, सस्टेनेबल टेक्सटाइल, स्पोर्टटेक, स्मार्ट ई-टेक्सटाइल, मेडिटेक खंड के प्रमुख व्यवहारिक क्षेत्रों में 46.74 करोड़ रुपये की 18 अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन 18 अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं में से 14 उच्च मूल्य वाली परियोजनाएं हैं, 3 प्रोटोटाइप अनुदान परियोजनाएं हैं और 1 आइडिएशन ग्रांट परियोजना है। इन परियोजनाओं में टेक्निकल टेक्सटाइल के विभिन्न अनुप्रयोग क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जिनमें जियोटेक की 1, प्रोटेक की 2, इंडुटेक की 2, स्पोर्टटेक की 2, सस्टेनेबल टेक्सटाइल की 5, मेडिटेक की 3, स्मार्ट और ई टेक्सटाइल की 3 और जियोटेक्सटाइल की 1 परियोजना शामिल है।

## मप्र आर्थिक विकास दर 17 के पार

**नई** दिल्ली, 29 सितंबर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश को योजनाओं के क्रियान्वयन के मामले में राष्ट्रीय स्तर पर कृषि कल्याण एवं अन्य योजनाओं से जुड़े हुए विषयों पर प्रथम स्थान प्राप्त होता रहा है वहीं दूसरी ओर वर्ष 2023 के आते-आते मध्य प्रदेश की आर्थिक विकास दर को 2022 में 16.43 प्रतिशत आंका गया था परंतु पिछले 3 महीने के अंतराल में हुई प्रगति समीक्षा रिपोर्ट के अंतर्गत यह आंकड़ा अब 17.3 पर पहुंच गया है। मध्य प्रदेश की आर्थिक विकास दर महामारी के दौरान एक तरफ जहां विपरीत एवं कठिन परिस्थितियों के बीच 18.02 पर पहुंच गई थी, 3 महीने के अंतराल में हुई विकास दर की प्रगति रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश के विकास को अलग ही पायदान पर खड़ा कर दिया है । वर्ष 2002-02 में प्रदेश की



आर्थिक विकास दर मात्र 4.43 प्रतिशत थी आज वहीं आर्थिक विकास दर 17 प्रतिशत के आंकड़े को पार कर चुकी है। आज राज्य का सकल घरेलू उत्पाद 13 लाख 22 हजार 821 करोड़ रूपए होने का अनुमान है जो कि वर्ष 2001-02 में 71 हजार 594 करोड़ रूपए था। इस प्रकार सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में तब और अब में 18 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है।

### प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि

2022-23 में मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति आय एक लाख 40 हजार 583 रूपए होने का तथ्य सामने आया है, वर्ष 2011-12 में प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ कर 38 हजार 497 रूपये हुई थी, जबकि वर्ष 2001-02 में मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति आय सिर्फ 11 हजार 718 रूपए थी। ऋण और जीएसडीपी अनुपात की चर्चा करें, तो इस क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश का प्रदर्शन अच्छा है। ताजा आर्थिक सर्वेक्षण बताता है कि वर्ष 2005 में जो ऋण जीएसडीपी अनुपात 39.5 प्रतिशत था वह वर्ष 2020-21 में 22.6 प्रतिशत रहा। राज्य का पूँजीगत व्यय 37 हजार 89 से बढ़ कर अब 45 हजार 685 करोड़ रूपये हो गया है। यह वृद्धि 23.18 प्रतिशत है और राज्य के इतिहास में सर्वाधिक पूँजीगत व्यय है। कोविड की परिस्थितियों में भी राज्य के राजस्व को बढ़ाने का प्रयास करते हुए आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के विजन के साथ कार्य किया गया।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.34 डॉलर घटकर 590.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 22 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.34 डॉलर घटकर लगातार तीसरे सप्ताह गिरता हुआ 590.7 अरब डॉलर पर आ गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 86.7 करोड़ डॉलर कम होकर 593.04 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.6 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 523.4 अरब डॉलर रह गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 30.7 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 44.3 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 7.9 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.1 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ पांच अरब डॉलर रह गई।

### मूडीज ने टाटा पावर की रेटिंग बढाई

**हांगकांग।** रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपने ताजा आकलन में भारत की टाटा पावर कंपनी लिमिटेड की वित्तीय साख का वर्गीकरण ऊंचा कर दिया है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विसेज की शुक्रवार को यहां जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि उसने टाटा पावर की क्रेडिट रेटिंग का स्तर बढ़ा कर बाए1 कर दी है जो पहले बीए2 थी ।


# हेल्थकेयर और धातु समूह की तेजी से शेयर बाजार ने भरी उड़ान

**मुंबई**। विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, धातु, कमोडिटीज, ऊर्जा, तेल एवं गैस और पावर समेत 18 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने करीब आधे प्रतिशत की छलांग लगाई।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 320.09 अंक की तेजी के साथ 65828.41 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 114.75 अंक उछलकर 19638.30 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.31 प्रतिशत की छलांग लगाकर 32,340.71 अंक और स्मॉलकैप 0.57 प्रतिशत चढ़कर 37,562.23 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3781 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2349 में तेजी जबकि 1279 में गिरावट रही वहीं 153 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियां हरे जबकि शेष 12 लाल निशान पर रही।

बीएसई के 18 समूहो में लिवाली हुई। इस दौरान धातु 2.71, हेल्थकेयर 2.22, कमोडिटीज 1.25, सीडी 0.51, ऊर्जा 1.16, एफएमसीजी 0.52, वित्तीय सेवाएं 0.78, इंडस्ट्रियल्स 0.66, दूरसंचार 0.90, यूटिलिटीज 0.93, ऑटो 0.54, बैंकिंग 0.67, कैपिटल गुड्स 0.77, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.14, तेल एवं गैस 1.30, पावर 1.02, रियल्टी 0.91 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.53 प्रतिशत चढ़ गए।




अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.84, जर्मनी का डैक्स 0.84, हांगकांग का हैंगसेंग 2.51 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.10 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जापान के निक्केई में 0.05 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 236 अंक की तेजी लेकर 65,743.93 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 65,570.38 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 66,151.65 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,508.32 अंक के मुकाबले 0.49 प्रतिशत उछल कर 65,828.41 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 58 अंक की बढ़त लेकर 19,581.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,551.05 अंक के निचले जबकि 19,726.25 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,523.55 अंक की तुलना में 0.59 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,638.30 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में एनटीपीसी 3.30, टाटा मोटर्स 2.67, सन फार्मा 2.38, टाटा स्टील 1.78, एसबीआई 1.48, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.30, आईसीआईसीआई बैंक 0.99, आईटीसी 0.84, रिलायंस 0.54, एक्सिस बैंक 0.53, एलटी 0.34, एचडीएफसी बैंक 0.24, विप्रो 0.11 और मारुति 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

## होण्डा मोटरसाइकिल ने लॉन्च की नई गोल्ड विंग टूर

**नई दिल्ली**। होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने आज अपनी प्रमुख मोटरसाइकिल गोल्ड विंग टूर की बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसकी ग्ररुराम में एक्स शो रूम कीमत 39,20,000 रूपए है। तकरीबन पांच दशकों से होण्डा की दिग्गज टूरिंग मशीन ने दुनिया भर में लम्बी-दूरी की लक्ज़री क्रूज़िंग में विशेष बेंचमार्क स्थापित किए हैं।

नई होण्डा गोल्ड विंग टूर जापान से सीबीयू (कम्पलीटली बिल्ट-अप) रूट के ज़रिए भारत पहुंचेगी और इसे एक्सक्लुज़िव रूप से प्रीमियम बिगविंग टॉप लाईन डीलरशिप्स के माध्यम से बेचा जाएगा।

होण्डा की प्रतिष्ठित गोल्ड विंग टूर आधुनिक स्टाइल, अनूठे सिलहूट के साथ इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रोनिक्स के नए मानक स्थापित करती है। इसका एनर्जेटिक फ्रोंटल सिनेचर, न्यूस्ड एरोडायनामिक डीटेलिंग और ट्रेडमार्क फेयरिंग इसे बेहतरीन लुक देते हैं और सडक़ पर इसकी मौजूदगी को सही मायनों में ज़बरदस्त बनाते हैं। वे लोग जिन्हें दोपहिया वाहनों पर मीलों चलना पसंद है, दोपहिया राईड ही जिनके लिए स्टाइल स्टेटमेन्ट है, उनके लिए गोल्ड विंग टूर से बेहतर कुछ और नहीं- एक ऐसा मॉडल जिसने वास्तव में टूरिंग कैटेगरी की खोज की है।होण्डा गोल्ड विंग टूर 1833 सीसी, लिक्विड-कूल्ड, 4 स्ट्रोक, 24 वॉल्व, फ्लैट सिक्स-सिलिंडर इंजन के सथ आती है।,

## खाद्य तेलों में टिकाव, चना और उड़द दाल सस्ती

**ई दिल्ली**। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा वहीं चना, दाल चना और उड़द दाल के भाव गिर गए।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 27 रिंगिट बढ़कर 3705 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.09 सेंट की गिरावट के साथ 56.86 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपये, दाल चना 100 रुपये और उड़द दाल 300 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

# इस्पात उद्योग में कार्बन उत्सर्जन घटाने की बनी योजना : सिंधिया

**नई दिल्ली**। केंद्रीय इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने भारत में इस्पात उद्योग में कार्बन उत्सर्जन का स्तर घटाने और हरित इस्पात के लिए मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया है। श्री सिंधिया देश में को हरित इस्पात पारिस्थितिकी तंत्र को सक्षम बनाने के लिए गठित कार्यबलों के साथ शुक्रवार को यहां चर्चा कर रहे थे। उनके पास नागरिक उड्डयन विभाग का दायित्व भी है। कल हुई इस बैठक में इसके लिए बनाए गए 13 कार्यबलों में से पांच के साथ सार्थक विचार-विमर्श किया।

इस्पात मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में श्री सिंधिया ने स्टील उद्योग के विविध परिदृश्य पर विचार करने वाले नीतिगत उपायों के साथ-साथ कार्बन उत्सर्जनों को कम करने के समाधानों की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यबलों की बैठक में हरित स्टील उत्पादन के लिए वित्तपोषण विकल्पों पर चर्चा के अलावा उद्योग की बढ़ती कौशल मांगों को



पूरा करने के लिए शैक्षिक संस्थानों के गठन और उन्हें सशक्त बनाने की आवश्यकता पर विचार-विमर्श किया गया। प्रक्रिया में परिवर्तन संबंधी कार्य बलचर्चा में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए लौह संयंत्रों में कोयला आधारित फीडस्टॉक के बजाय प्राकृतिक गैस और सिनगैस के उपयोग को प्रोत्साहन देने की जरूरत बतायी गयी। बैठक में इस क्षेत्र के प्रमुख हितधारकों, उद्योग विशेषज्ञों और सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने इस्पात उत्पादन प्रक्रिया को स्वस्थ और कार्बन मुक्त बनाने के भारत के दृष्टिकोण के प्रति अपनी पूर्ण प्रतिबद्धता जताई। बैठक में इस्पात मंत्रालय के सचिवनागेन्द्र नाथ सिन्हा, कार्यबलों के अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय बैंक संघ के मुख्य कार्यकारी सुनील मेहता के नेतृत्व में वित्त मामले में टास्क फोर्स ने भारतीय इस्पात उद्योग में कार्बन उत्सर्जन घटाने के लिए वित्तपोषण के विकल्पों पर मसुझाव दिए। विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के वरिष्ठ अनिरुद्ध कुमार के नेतृत्व में नवीकरणीय ऊर्जा पारेषण कार्य बल ने इस्पात उद्योग में नवीकरणीय ऊर्जा नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने हेतु प्रोत्साहन और उद्योगों को कैप्टिव नवीकरणीय ऊर्जा सुविधाएं स्थापित करने जैसे उपायों को अपनाने संबंधी प्रस्तावों को प्रस्तुत किया।

सार्वजनिक नीति और कौशल विकास विशेषज्ञ सुनीता सांघी के नेतृत्व में कौशल विकास कार्य बल ने इस्पात उद्योग की जनशक्ति के कौशल संवर्धन और री-स्किलिंग जैसी क्षमताओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।


देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com



सुपरहिट फिल्म का सुपरहिट ऑफर!
1 पे 1
टिकट फ्री*
जवान
AN ATLEE FILM
PRODUCED BY GAURI KHAN
CO-PRODUCED BY GAURAV VERMA
AN ANIRUDH MUSICAL
RED CHILLIES ENTERTAINMENT
A Pen Marudhar Release
* केवल आज के लिए बुक किए गए टिकटों के लिए BookMyShow, Paytm Movies, PVR INOX और Cinepolis के माध्यम से इंटरनेट बुकिंग पर मान्य है।
नियम एवं शर्तें लागू